देश के स्वाधीनता संघर्ष काल में भगत सिंह सरीखे महान क्रान्तिकारी ने अपने आलेख के प्रारम्भिक वाक्यों के द्वारा दो बातों पर विशेष जोर दिया है। एक, साहित्यकार पर यह दायित्व है कि ऐसा साहित्य लिखे जो समाज के प्राणों की चेतना के निर्माण में सहायक हो। दूसरा, देश भक्त हो या राजनीतिज्ञ या वैज्ञानिक। भगत सिंह ने इस लेख में लिखा है– ''यह तो निश्चित तथ्य है कि साहित्य के अभाव में कोई देश और जाति उन्नति नही कर सकती। परन्तु साहित्य के लिए सर्वप्रथम भाषा की आवश्यकता होती है जो पंजाब में नहीं है। इसका मुख्य कारण है हमारे प्रदेश में दुर्भाग्यवश भाषा को धार्मिक समस्या बना डालना।'' यही भावना उर्दू के विषय में भी कही है– ''वे सम्पूर्ण भारतीयता के महत्व को न समझकर अरबी लिपि एवं फारसी भाषा का प्रचार करना चाहते हैं। सारे भारत की एक भाषा और वह भी हिन्दी का महत्व उनकी समझ के बाहर है।'' उन्होने भारतीयता संदर्भ में बंगला के राष्ट्रीय कवि काजी नजरूल–इस्लाम का उदाहरण दिया। उनकी चर्चित रचनाओं में विश्वमित्र, दुर्वासा, धूरजटी की चर्चा अनेकों बार आई है पर हमारे हिन्दी, पंजाबी, उर्दू कवि इस ओर ध्यान नहीं देते। इसका प्रमुख कारण भारतीयता और भारतीय साहित्य से अपरिचय है। विगत वर्ष अमर शहीद भगत सिंह का शताब्दी वर्ष मनाया गया किन्तु उनकी समस्त देश में भाषा, देवनागरी लिपि, एक साहित्य, एक आदर्श और एक राष्ट्र के नीतिगत भावों की चर्चा शून्य के बराबर हुई।

उन्होने स्पष्ट रूप से भारतवासियों के परस्पर भावों विचारों की जानकारी विदेशी भाषा अंग्रेजी में न होकर भारत की भाषा हिन्दी में जोर दिया। भगत सिंह के भाषा सम्बन्धी विचारों में वह राष्ट्रस्तर पर हिन्दी की बात करते थे वहीं वे प्रदेश स्तर पर मातृभाषा के भी समर्थक थे। देश की आजादी की लड़ाई में सर्वाधिक हिन्दी के प्रेरक गीतों तथा पुस्तकें प्रतिबन्धित हुईं।

आज अंग्रेजी वालों के दुष्प्रचार के बावजूद इस समय अपने देशों में चीनी 80 करोड़ हिन्दी 65 करोड़, अंग्रेजी 40 करोड, स्पेनिश 40 करोड़ अरबी 20 करोड़, रशियन 17 करोड़ फ्रेंच 9 करोड़ लोग बोलते हैं। सम्पूर्ण विश्व में चीनी भाषा बोलने वालों की संख्या लगभग 90 करोड़ है जब कि हिन्दी बोलने वालों की संख्या विश्व में लगभग 100 करोड़ है, जिसमें उर्दू बोलने वालों एवं जिन देशों में हिन्दी बोली समझी जाती है, की संख्या शामिल नहीं है। क्या इस स्थिति में भारत की राजभाषा के साथ इस अन्याय की चर्चा होती है?

विदेश में अंग्रेजी के गढ़ अमेरिका में सर्वप्रथम वांशिगटन में हुए अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी समिति के 14वें अधिवेशन के एक चर्चा सत्र में कहा गया कि समिति के रोचेस्टर अधिवेशन (सन् 1992) तत्कालीन सांसद व 'दैनिक जागरण' के संपादक श्री नरेन्द्र मोहन ने प्रवासी भारतीयों को हिन्दी में समाचार उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। आज ई–जागरण घर–घर में पढ़ा जा रहा है। विगत वर्ष सन् 2007 में आठवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन न्यूयार्क में सम्पन्न हुआ। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बुश ने 'हिन्दी' को 21वीं सदी की भाषा ही नहीं कहा उसके भविष्य को देखते हुए 11 करोड़ 40 लाख डालर हिन्दी के विकास और अमेरिका की सुरक्षा हेतु सार्वजनिक घोषणा से अंग्रेजी भक्तों को चौंका दिया। इधर कनाडा के टोरंटों शहर के भारतवंशियों ने टोरंटो विश्वविद्यालय में दम तोड़ रही हिन्दी के अध्ययन हेतु 32000 डालर की आर्थिक सहायता देकर उसे पुनर्जीवित कर एक हिन्दी प्रेम का विदेश में आदर्श प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय के अतिरिक्त कनाडा के मंदिरों में बच्चों को हिन्दी भाषा को रचनात्मक नवजीवन दिया जा रहा है।

अंग्रेजी के चमकते संसार एवं तकनीकीकरण के बावजूद हिन्दी के समाचार पत्रों के आंकड़े ही इसके प्रमाण हैं। अंग्रेजी अखबारों में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला 'टाइम्स ऑफ इंडिया' है लेकिन, हिन्दी समाचार पत्र 'दैनिक जागरण' के कारण यह पाँचवे स्थान पर पहुँच गया। सर्वेक्षण के अनुसार 'दैनिक जागरण' सर्वाधिक पाठक संख्या वाला समाचार पत्र है, इसे 5 करोड़ 36 लाख लोग पढ़ते हैं। 'दैनिक भास्कर' के पाठकों की संख्या 3 करोड़ 6 लाख 'अमर उजाला' की पाठक संख्या 2 करोड़ 82 लाख और दैनिक 'हिन्दुस्तान' के पाठकों की संख्या 2 करोड़ 35 लाख है।

अंग्रेजी पत्र–पत्रिकाओं में 'टाइम्स ऑफ इंडिया' के बाद 'इंडिया–टुडे' का स्थान है जिसे 71 लाख लोग पढ़ते हैं। 'हिन्दुस्तान टाइम्स' के पाठकों की संख्या 61 लाख है जब कि 'दि हिन्दू' की 49 लाख है। दैनिक 'जागरण' और दैनिक 'भास्कर' जैसे हिन्दी दिग्गजों के

बीच 'इडिया टुडे' का हिन्दी संस्करण आज भी शीर्ष 10 में अपना स्थान बनाये हुए है। इसके पाठकों की संख्या 70 लाख है, लगभग अपने अंग्रेजी संस्करण के ही बराबर। दैनिक 'राजस्थान पत्रिका' की संख्या 1 करोड़ 2 लाख है, जब कि 'पंजाब केसरी' को 1 करोड़ 9 लाख लोग पढ़ते हैं। 'सरस सलिल' के पाठकों की संख्या 1 करोड़ 6 लाख और 'गृह शोभा' की पाठक संख्या 79 लाख है।

देश में विभिन्न क्षेत्रों से विज्ञान, खेल, अणु, तेल–गैस, बैंकिग, बाल शिक्षा एवं प्रौढ़ शिक्षा, विद्युत, मौसम, भू–गर्भ, उद्योग, भूगोल, समाजशास्त्र, पर्यावरण, साहित्य, धार्मिक, पुरातत्व एवं इतिहास, जल परीक्षण, भूमि संरक्षण, विधि एवं न्यायपालिका से सम्बन्धित, वास्तु शास्त्र, सैन्य विज्ञान, वन संरक्षण, पत्रकारिता, गृह विज्ञान के अन्तर्गत अनेक विषयों पर वायुयान–जलयान निर्माण पर तकनीकी पुस्तकें, ध्वनि तरंग, वाद्य यन्त्रों एवं गायन, ललित कला के सभी क्षेत्रों पर, मुद्रण, पुस्तकालय विज्ञान, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के विभिन्न विषयों पर, प्राकृतिक एवं योग क्रिया विषयक, सौन्दर्य प्रसाधनों एवं घरेलू साज सज्जा (इंटीरियर डेकोरेटर) आदि पर हिन्दी में प्रचुर साहित्य प्रकाशित हो चुका है। इन सभी को नकारते हुए अंग्रेजी परस्त हिन्दी में कुछ भी नहीं लिखा जाने का झूठा ढिंढोरा पीटते रहते हैं। दक्षिण चेन्नई से 14 भाषाओं में प्रकाशित 'चन्दा मामा' का हिन्दी संस्करण 'कल्याण' 'नवनीत', 'कादम्बिनी', साहित्य अमृत', 'वीणा' आदि पत्रिकायें संसार के विभिन्न देशों में पढ़ी जाती है। विज्ञान में मोबाइल तथा हिन्दी सिनेमा के हालीवुड क्षेत्र, विश्व में अमेरिका के वालीवुड से बराबर टक्कर ले रहें हैं।

वर्तमान भूमण्डलीकरण के दौर में देश में भी कई आयाम परिवर्तित हुए हैं। इनमें से एक प्रमुख क्षेत्र हिन्दी भी है। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसके प्रयोगकर्ता पूरे देश में फैले हुए हैं। नियमतः किसी भी देश की राष्ट्रभाषा वही हो सकती है जिसका अपने देश की संस्कृति, सभ्यता और साहित्य से आन्तरिक सम्बन्ध हो। राष्ट्रभाषा बनने के लिए यह आवश्यक है कि उसे देश की बहुसंख्यक जनता उस भाषा को बोलती–समझती हो। इसीलिए भारत की राष्ट्रभाषा के रूप में हिन्दी को स्थान दिया गया। यह भी कैसी विडम्बना है कि अंग्रेजी समर्थकों ने योजनापूर्वक प्रचार किया कि हिन्दी ज्ञान के चलते रोजगार या ऊँचे पद पाना संभव नहीं। जब कि इसके विपरीत हिन्दी में भी रोजगार का एक बड़ा बाजार है।

भारत में जनता की भाषा हिन्दी है इसकी जगह अंग्रेजी कभी नहीं ले सकती है। जो लोग अंग्रेजी की बात करते हैं वह अंग्रेजी के विभिन्न पेशे मीडिया, पीअर, टीचिंग अथवा लैंग्वेज ओरिएंटेड प्रोफेशन से जुड़े हुए हैं। इनके सम्मुख जब धन कमाने या व्यवसाय की बात आती है तो वे हिन्दी की तरफ भागते हैं। कार्पोरेट जगत भी यह जान चुका है कि यदि हिन्दी की ओर नहीं भागे तो धन कमाना कठिन हो जायेगा। अंग्रेजी कम्पनियों की बाजार की दशा को देखते हुए अपने विज्ञापन हिन्दी में दे रहें हैं। वर्तमान हिन्दी मीडिया धन कमाने की दौड़ में

भी काफी अग्रसर है। जब कि अंग्रेजी मीडिया का ग्राफ क्रमशः तेजी से नीचे जा रहा है। इसीलिए अंग्रेजी मीडिया के लोग भी हिन्दी मीडिया की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इस चुनौती को स्वीकार करने के हिन्दी वालों को द्विभाषी बनना होगा। हिन्दी में पकड़ बनाने के लिए 'भाषा दक्षता' अति आवश्यक है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण दिल्ली विश्वविद्यालय में जब स्नातक स्तर पर हिन्दी जन संचार पाठ्यक्रम का श्री गणेश हुआ तो उसमें अंग्रेजी की अपेक्षा हिन्दी भाषी के अलावा दूसरे देशों के अहिन्दी भाषी भी सम्मिलित हुए। हिन्दी के शक्तिशाली स्वरूप को समझते हुए इसे भविष्य में अपनी ताकत बनाने व अपनाने की है जो उसे रोजगार तक ले जा सकती है।

इस समय विदेशी कंपनियों में घरेलू स्तर के 'काल सेन्टरों' में हिन्दी जानने वाले भी बड़ी संख्या में रोजगार पाने लगे हैं। एक समय ऐसा था जब मात्र अंग्रेजी जानने वालों का ही 'काल सेन्टरों' में वर्चस्व था किन्तु वर्तमान समय में सैकड़ों 'काल सेन्टरों' में हिन्दी के जरिए ग्राहकों की बात सुनने तथा उनकी समस्याओं को सुलझाने का काम किया जा रहा है। इससे हिन्दी के प्रति रूचि की अभिवृद्धि के साथ आय भी भली भाँति हो रही है।

हिन्दी तकनीकी क्षेत्र में जिस तीव्र गति से आगे बढ़ रही है उसमें अनेक वेबसाइट में प्रमुख हिन्दी वेबसाइट उल्लेखनीय है, प्रमुख हिन्दी वेबसाइट–

www.bbc.co.uk.hindi,/www.hindinest.com,/www.jagransahitya.com./
www.sanskritgde.com,/www.webduniya.com,/www.litratureword.com/
www.abhivkti.com,/www.bharatdarshan.com/www.prabhasakhi.com

पत्र पत्रिकाओं एवं चैनल्स के अलावा हिन्दी का एक वर्ग ऐसा भी है जो वेबसाइट पर अपनी जिज्ञासाओं एवं सूचना सम्बन्धी समस्याओं का समाधान चाहता है। इसके अलावा प्रत्येक सुविधा सम्पन्न व्यक्ति को ब्लॉग्स लिखने का सुरूर चढ़ा हुआ है। चाहे अमिताभ बच्चन हों, आमिर खान या अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज बुश, हर कोई दीवाना बनता जा रहा है। यह शौक जानकारियों के आदान–प्रदान के अतिरिक्त आमदनी का जरिया भी बनता जा रहा है। विशेष रूप से मीडिया में अधिक प्रचलित हो चुका है।

आई0आई0एम0सी0, दिल्ली के हिन्दी पत्रकारिता विभाग के प्रोफेसर आनन्द प्रधान के अनुसार 'जिस तेजी से हिन्दी वेबसाइट्स को पढ़ने वालों की संख्या बढ़ रही है, उसी तीव्रता से इसमें प्रशिक्षित लोगों की मांग भी बढ़ी है। अधिकांश समाचार पत्रों एवं चैनलों ने अपना हिन्दी संस्करण प्रकाशित किया है।'

वर्तमान हिन्दी की अभिवृद्धि में आधुनिक तकनीक का भी विशेष योगदान है, आज हिन्दी के प्रति जितना अनर्गल दुष्प्रचार भारत में किया जा रहा है उतना संभवतः विदेशों में भी देखने–सुनने को नहीं मिलेगा। जबकि इसमें रोजगार की संभावनाएं वृहत हैं। हिन्दी के प्रचार–प्रसार में सिनेमा का भी प्रमुख स्थान रहा है। अब टेलीविजन के धारावाहिकों ने

घर–घर में सिनेमा से अधिक इस ओर आकर्षित कार्यक्रमों में टीवी चैनलों में पटकथा लेखक, अभिनय, कैमरामैन, निर्देशक, सहायक निर्देशक, वितरण सम्बन्धी मार्केटिंग के कार्य, विज्ञापन, ग्राफिक डिजाइनर, वीडियो एडीटर से लेकर कोरियोग्राफर तक के कार्यों में रोजगार के विकल्प हैं।

इसी प्रकार आकाशवाणी का एक नया स्वरूप 'एफ एम चैनल' चर्चित हुआ है। आज अनेक ऐसे एफ एम चैनल लगातार 24 घंटे चलने वालों की संख्या तेजी से बढ़ी है। इनमें कुछ प्रमुख चैनल– रेडियो मिर्ची 98.3/रेड एफ एम 93.5/फीवर 104/रेडियो सिटी 91 एफ एफ/ए आई आर एफ एम रेनबो 102.6/ए आई आर एफ एम गोल्ड में काम करने के रूप में संवाददाता, पटकथा लेखक, एंकर निर्देशक एवं सहायक निर्देशक पद पर काम करने वालों को वेतन भी अधिक मिलता है। टीवी के हिन्दी समाचार चैनलों का विस्तार हिन्दी की जनप्रियता का एक प्रमाण है। जब विदेशी चैनलों का देश में आगमन शुरू हुआ तब हिन्दी चैनल अपने को संकट में मानने लगे किन्तु हिन्दी के वर्चस्व ने उस भ्रम को दूर कर दिया कि हमारा अस्तित्व ये विदेशी चैनलें समाप्त कर देगें। इनकी शीघ्र ही समझ में आ गया कि हिन्दी के बिना विदेशी चैनल चलना सम्भव नहीं। आज स्थिति यह है कि 75 प्रतिशत चैनल हिन्दी भाषा के ही हैं किन्तु यह परिवर्तन अवश्य हुआ कि उसकी अधिकांश भाषा हिंगलिश काम चलाऊ हिन्दी का प्रयोग होने लगा। इसके बढ़ते प्रभाव से दक्षिण के राज्यों में भी सिनेमा से अधिक हिन्दी चैनल प्रभावी हो गये हैं। हिन्दी की लोक प्रियता के कारण समाचार चैनल हिन्दी में बी0बी0सी0 तथा सी0एन0एन0 जैसे बड़े विदेशी चैनल भी यथा शीघ्र ला रहें हैं।

तकनीकी क्षेत्र में संचार में 'नई दुनियाँ' में 'वेब दुनिया' का शुभारम्भ करने का श्रेय अजय छजलानी को है जिनको उ0प्र0 हिन्दी साहित्य सम्मेलन ने ताम्रपत्र देकर सम्मानित भी किया था। इधर हिन्दी अनुवादकों की आवश्यकताओं को देखते हुए समय समय पर रिक्तियाँ निकाली जाती हैं। इसमें 'गूगल' नामक वेबसाइट ने अनुवाद क्षेत्र में एक क्रान्ति ला दी है। इसमें अंग्रेजी में शब्द या वाक्य टाइप करने के बाद उसका हिन्दी में अनुवाद होता जाएगा। यह एक अनूठी खोज है वरना अनुवाद करने हेतु अनुवादकों की जरूरत पड़ती थी। अनुवादकों को भी जटिल वाक्य आ जाने से उनसे जूझना पड़ता था। इस वेब साइट का विवरण है – www.GOOGLE.IN/TRANSLATE.

2008 में बीजिंग में हुए ओलम्पिक खेलों की विश्व में सर्वाधिक चर्चा थी। क्या अंग्रेजी भाषी अमेरिका ब्रिटेन ने अधिक स्वर्ण पदक पाये हैं? सन् 1988 के दक्षिण कोरिया के 'सियोल' में रूस ने 55 स्वर्ण पदक प्राप्त किये थे, जब कि बीजिंग ओलम्पिक खेलों में चीन ने सर्वाधिक 51 स्वर्ण पदक जीतकर संसार में एक नया कीर्तिमान बनाया। रूस और चीन दोनो देशों ने क्या विश्व में खेल प्रतियोगिता में 'अंग्रेजी भाषा' की बदौलत स्वर्ण पदक हासिल किये? खेल उद्घोषकों में पंजाबी भाषी सरदार जसदेव सिंह की हिन्दी में 'आँखों देखा हाल' का वर्णन

अपने भारत के अलावा विदेशों के हिन्दी–उर्दू भाषी लोगों में भी अति लोकप्रिय रहा। उस वर्ष भारत सरकार ने श्रेष्ठ हिन्दी खेल उद्घोषक (कमेन्ट्रेटर) के रूप में उनको 'पदम् श्री' सम्मान भी प्रदान किया।

हिन्दी के प्रचार–प्रसार में पहले सिनेमा के योगदान की चर्चा होती थी, किन्तु मीडिया के प्रिन्ट तथा संचार दोनों माध्यमों ने जिस तीव्रगति से विश्वव्यापी हिन्दी की धारा की अकल्पनीय अभिवृद्धि की है, वह प्रशंसनीय है। अमेरिका, कनाडा और इंग्लैण्ड जैसे अंग्रेजी भाषी देशों में जाकर जिस शुद्ध हिन्दी में स्वामी रामदेव बोलते हैं– वहाँ कहीं भी हिन्दी विरोध की चर्चा तक नही हुई। अंग्रेजी भक्तों ने वैज्ञानिक 'देवनागरी लिपि' को रोमन लिपि में प्रसारित कर उसे समाप्त करने का षडयन्त्र काफी समय से कर रखा है।

इस क्षेत्र में सर्वाधिक व्यवस्थित रूप से संपादक प्रवर पं0 अच्युतानन्द मिश्र ने 'पं0 माखन लाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल' के कुलपति रूप में जिस लगन एवं कर्मठता से हिन्दी मीडिया के कुशल शिक्षण संचालक बन उसके प्रकाश स्तम्भ बने। कुलपति श्री मिश्र ने हिन्दी पत्रकारिता के गौरवशाली संघर्षपूर्ण अतीत तथा वर्तमान की आधुनिक तकनीकी जानकारी द्वारा हिन्दी मीडिया का अंग्रेजी के वर्चस्व को एक बड़ी चुनौती दी है। विगत वर्ष अमेरिका के न्यूयार्क में आयोजित 8वें विश्व हिन्दी सम्मेलन में वैश्वीकरण हिन्दी मीडिया के प्रभावशाली भाषण से कुलपति मिश्र हिन्दी मीडिया के मील के पत्थर बने। श्री मिश्र का विश्व हिन्दी सम्मेलन में उनके क्रान्तिकारी कार्यों से जो हिन्दी मीडिया क्षेत्र में जानकारी तथा प्रगति हुई उस पर उनको न्यूयार्क में सम्मानित भी किया गया। हिन्दी पत्रकारिता की अति श्रेष्ठ मासिक पत्रिका–''मीडिया मीमांसा'' का वह सम्पादन भी करते हैं। भोपाल से ही माधवराव सप्रे पत्रकारिता ग्रंथालय–संग्रहालय में हिन्दी–उर्दू का श्रेष्ठतम संग्रह है। इसके अलावा विद्वान निदेशक श्री विजय दत्त श्री धर ''आँचलिक पत्रकार'' का सम्पादन भी करते हैं।

देश के स्वाधीनता संग्राम में भी हिन्दी का विशेष योगदान रहा है। राष्ट्रीय प्रेरक हिन्दी गीतों ने देशभर में शंखनाद किया। स्वतंत्रता के बाद भी संविधान सभा में अधिकांश अहिन्दीभाषी सदस्यों श्री गोपाला स्वामी आयंगार, श्री के0एम0 मुंशी, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर प्रभृति ने भारत को एक सूत्र में बांधने वाली भाषा हिन्दी को राजभाषा घोषित किया। विदेशों में लगभग 2 करोड़ प्रवासी भारतीयों में विश्व कवि तुलसी के रामचरित मानस और हनुमान चालीसा ने देश की संस्कृति और भाषा को सुरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है। विदेशी में विश्व विद्यालयों में हिन्दी के अध्ययन के अलावा वहाँ के मन्दिरों में भी हिन्दी शिक्षण की व्यवस्था है। हिन्दी का सर्वप्रथम शोध इटली के फ्लोरेन्स विश्वविद्यालय में सन् 1911 में 'तुलसी रामायण और वाल्मीकि रामायण का तुलनात्मक अध्यन' इतावली भाषा में डा0 एल0पी0 टेसीटरी ने किया। दूसरा शोध भी लंदन विश्वविद्यालय में सन् 1918 में डा0

जे0एन0 कारपेन्टर ने 'थियोलाजी ऑफ तुलसीदास' पर किया। अब तक तुलसी पर एक हजार से अधिक शोध प्रबन्ध देश–विदेश के विश्वविद्यालयों में होने का कीर्तिमान स्थापित हो चुका है। इसके पूर्व सन् 1871 में फोर्ट विलियम कालेज कोलकाता के मुंशी अदालत खाँ की राय से भारतीय समाज की आचार संहिता के रूप में तुलसी कृत मानस के एक काण्ड का अंग्रेजी में अनुवाद करके उच्च प्रशासनिक शिक्षा–आई0सी0एस0 के पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया गया। मारीशस में 'तुलसी जयन्ती' को 'हिन्दी दिवस' के रूप में मनाया जाता है जिसके समारोह में वहाँ की सरकार ने आयोजन में आमन्त्रित करने पर भाग भी लिया था। इस हिन्दी दिवस पर मारीशस के प्रख्यात साहित्यिक श्री सोमदत्त बुखारी की रेखांकित पंक्तियों से अनुभव कर सकेगें–

.....हिन्दी जन सके मध्य में/तुलसी जयंती के आलोक में/हिन्दी दिवस के प्रभात में /सरस्वती माँ के गोद में/अपनी लाडली हिन्दी के लिए/इस लम्बी यात्रा में/अबला पद यात्री को/जहॉ दुष्टों की फटकार मिली/.....सहृदय भक्तों के हाथों से/फूलों का हार भी मिला/नही तो भगवान जाने/हिन्दी दिवस के प्रकाश में/मुँह दिखाती कौन सा ?.....

..... कहाँ–कहाँ आश्रय मिला/पद दलित पद यात्री को/कभी मजदूरों की झोपड़ियों में/तो कभी गाँवों की बैठकों में/कभी कथा वाचकों के पंडालों में/तो कभी समाज के मन्दिरों में/मारीशस के लब्ध प्रतिष्ठित कवि श्री ब्रजेन्द्र भगत ''मधुकर'' की प्रस्तुत पंक्तियाँ उनकी मित्रों हिन्दी सुमन खिलाएं/'' उनकी दूसरी कविता श्रद्धांजलि में कहते हैं– ''तुलसी ने रामायण लिखकर/रक्षा की है हिन्दी की/.....'' हिन्दी के भीष्म पितामह पद्मविभूषण पं0 श्री नारायण चतुर्वेदी ने हिन्दी के विकास हेतु मात्र कविता–कहानियों से ही नही वरन् सभी क्षेत्रों में कार्य करने पर जोर दिया। न्यायपालिका क्षेत्र में भी हिन्दी में कई न्यायमूर्तियों ने उच्च न्यायालय में हिन्दी में निर्णय देकर अंग्रेजी साम्राज्य को ध्वस्त किया। सर्वाधिक हिन्दी में निर्णय देने वाले न्यायमूर्ति श्री प्रेम शंकर गुप्ता को न्यूयार्क के 8वें विश्व हिन्दी सम्मेलन में सम्मानित भी किया गया। न्यायमूर्ति श्री गुप्त ने चार हजार से अधिक हिन्दी में निर्णय दिये। इस समय प्रवासी भारतीयों ने भी सभी क्षेत्रों में हिन्दी सृजन की विकास यात्रा तीव्र गति से अग्रसारित की है किन्तु अंग्रेजी भक्तों का वही पुराने दुष्प्रचार की रट कि बिना अंग्रेजी के उन्नति सम्भव नहीं। इसका क्या उत्तर है कि रूस, चीन, फ्रांस, जापान, जर्मनी आदि ने भी विज्ञान–औद्योगिक आदि सभी क्षेत्रों में जो उन्नति की है– वह अपनी भाषाओं में किया अथवा अंग्रेजी भाषा से हम विदेशी मानसिक दासता से कब मुक्त होकर अपनी माँ को ही माता का दर्जा दें न कि 'आया' को माँ समझ बैठें ?

वर्तमान शिक्षा : व्यवस्था का यथार्थ

–कृष्ण कुमार यादव, (आई.पी.एस.)
निदेशक डाक सेवा
अंडमान व निकोबार द्वीप समूह, पोर्टब्लेयर–744101
kkyadav.y@rediffmail.com,
http://kkyadav.blogspot.com

भारतीय संस्कृति का एक सूत्र वाक्य है – 'तमसो मा ज्योतिर्गमय।' अंधेरे से उजाले की ओर ले जाने की इस प्रक्रिया में शिक्षा का बहुत बड़ा योगदान है। भारतीय परम्परा में शिक्षा को शरीर, मन और आत्मा के विकास द्वारा मुक्ति का साधन माना गया है। शिक्षा का मानव को उस सोपान पर ले जाती है जहाँ वह अपने समग्र व्यक्तित्व का विकास कर सकता है। इस समग्र व्यक्तित्व विकास में सिर्फ भौतिक परिलब्धियाँ ही नहीं बल्कि शारीरिक व मानसिक विकास के साथ–साथ बौद्धिक परिमार्जन, सांस्कृतिक चेतना एवं नैतिक व सामाजिक मूल्यों का उन्नयन भी महत्त्वपूर्ण है। स्वामी विवेकानन्द के शब्द यहाँ याद आते हैं – ''वास्तव में सभी प्रकार की शिक्षा और अभ्यास का उद्देश्य 'मनुष्य निर्माण' ही होना चाहिए। सारे प्रशिक्षणों का अन्तिम ध्येय मनुष्य का विकास करना ही है। जिस अभ्यास से मनुष्य की इच्छाशक्ति का प्रवाह और प्रकाश संयमित होकर फलदायी बन सके, उसी का नाम है षिक्षा।''

स्पष्ट है कि शिक्षा आजीवन चलने वाली मनुष्य के परिष्कार का साधन है। वेदांतों में तो यहाँ तक लिखा गया है कि – ''समस्त ज्ञान हमारे अन्दर ही विद्यमान है। एक शिशु में भी है, केवल उसे जागृत करना है। शिशु में 'ज्ञान' का जागत होना ही शिक्षा कहलाती है।'' 'शिक्षा' शब्द संस्कृत भाषा के 'शिक्षाविद्योपादाने' से निष्पन्न है, जिसका अर्थ है – 'विद्या का उपादान।' 'उप' माने 'समीप' एवं 'आदान' माने 'ग्रहण' अर्थात् किसी के समीप जाकर विद्या ग्रहण करना। इसी परिभाषा के अनुसार प्राचीन काल में गुरुकुल परम्परा थी, जहाँ राजा व रंक दोनों एक साथ गुरु के सान्निध्य में शिक्षा ग्रहण करते थे। इस शिक्षा से जहाँ घर एवं परिवार के प्रति आसक्ति दूर होती थी, वहीं समभाव भी पैदा होता था। यह शिक्षा मात्र किताबी नहीं थी बल्कि इसमें आचरण, नैतिक मूल्य, संस्कर, बौद्धिक परिमार्जन, भावनात्मक विकास, शारीरिक स्वास्थ्य एवं प्रकृति व अन् प्राणियों का साहचर्य शामिल था। हमारी प्राचीन गुरुकुल की शिक्षा व्यवस्था अनमोल और शाश्वत है। यह हमें आज भी सही दिशा में बढ़ने की प्रेरणा देती है और हमारा मार्गदर्शन करती है। यह शिक्षा विद्यार्थियों को चहरदीवारियों में कैद नहीं रखती, बल्कि उनमें अन्तर्निहित सम्भावनाओं को अनन्त विस्तार देती है। पाश्चात्य दार्शनिक काण्ट के शब्द गौरतलब हैं – ''शिक्षा व्यक्ति की उस पूर्णता का विकास है, जिस पर वह पहुँच

सकता है।''

शिक्षा का यह परम्परागत रूप लम्बे समय तक चला पर अंग्रेजी शासन व्यवस्था ने इसमें अपने स्वार्थों की पूर्ति हेतु आमूल–चूल परिवर्तन किये। शिक्षा की मैकाले नीति ने पूरा ढर्रा ही बदल दिया। वर्तमान दौर में देखें तो वाकई चीजें काफी हद तक परिवर्तित हो चुकी हैं। यथार्थ के धरातल पर आज शिक्षा की कसौटी ही बदल गयी है। सतत् चलने वाली प्रक्रिया की बजाय शिक्षा को स्कूल–कालेजों की चहरदीवारियों में कैद कर दिया गया है। शिक्षा का एक मात्र उद्देष्य अच्छा कैरियर बनाना हो गया है। पढ़ाई में कोई कितना भी निपुण हो, परन्तु बिना अच्छे कैरियर के उसका कोई मोल नहीं रह गया। कभी साहचर्य और समन्वय शिक्षा के अभिन्न अंग थे, पर अब तो इसने विद्यार्थियों को आपस में ही प्रतिस्पर्धी बना दिया है। किताबी कीड़े बनाती शिक्षा की कसौटी पास या फेल होने तक रह गयी है। कभी कोई फेल होने की आशंका में आत्महत्या कर रहा है तो कोई कम अंक पाने पर। आई0 आई0 टी0 जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में हर साल बढ़ती प्रतिस्पर्धा एवं तनाव न झेल पाने के कारण न जाने कितने विद्यार्थी मौत को गले लगा लेते हैं। आत्मोन्नति पर भौतिक उपलब्धियाँ और पदोन्नति हावी है। बहुत पहले इस ओर इंगित करते हुए स्वामी विवेकानन्द ने कहा था कि – ''हम देखते हैं कि सर्वोच्च बौद्धिक शिक्षा प्राप्त किये हुए लोगों में कई अधार्मिक पुरुष हुए हैं। पाश्चात्य सभ्यता की बुराइयों में से यह भी एक है कि यहाँ हृदय की परवाह न करते हुए केवल बौद्धिक शिक्षा दी जाती है। ऐसी शिक्षा मनुष्य को दस गुना अधिक स्वार्थी बना देती है।'' ऐसे में इस शिक्षा की व्यावहारिकता पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है।

प्राथमिक शिक्षा ही शिक्षा–व्यवस्था का मूलाधार है, पर अपने देश में सबसे ज्यादा संसाधनों का अभाव एवं अकर्मण्यता इसी स्तर पर देखी जाती है। हाल ही में स्वयं सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय को एक मामले में जानकारी दी है कि देश भर में करीब 1700 स्कूल तंबुओं में चल रहे हैं, लगभग 24,000 स्कूलों में पक्के भवन नहीं हैं। यही नहीं, एक लाख स्कूलों में पीने के पानी और करीब पैंतालीस फीसदी स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग से शौचालय और 49 फीसदी स्कूलों में खेल के मैदान की व्यवस्था तक नहीं है। ऐसे में अन्य आवश्यक संसाधनों के बारे में मात्र कल्पना ही की जा सकती है। वर्तमान स्थिति में अभी भी देश में 5 लाख से अधिक अतिरिक्त शिक्षक, 3 लाख से अधिक प्रशिक्षक व 14 लाख से अधिक अतिरिक्त क्लास रूमों की जरूरत है। सरकार प्राथमिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सर्वशिक्षा अभियान, मिड डे मील योजना एवं छह से चौदह साल तक के बच्चों के लिए निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा जैसी तमाम योजनाएँ लागू कर रही है, पर जमीनी स्तर पर इनका क्रियान्वयन उस भावना से कोसों दूर है। स्वयं मई 2002 में लागू 6–14 साल तक के बच्चों के लिए निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा

के अधिकार को कानून बनाने में संसद को पूरे सात साल लग गये और यह वर्ष 2009 में जाकर पारित हुआ। मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार को लागू हुए एक साल गुजर गया है, लेकिन अभी तक देश में 15 राज्यों ने ही इस कानून को अधिसूचित किया है। सर्व शिक्षा अभियान के आंकड़ों के अनुसार, शैक्षणिक वर्ष 2009–10 में प्राथमिक स्तर पर बालिका नामांकन दर 48.46 फीसदी और उच्च प्राथमिक स्तर पर बालिका नामांकन दर 48.12 फीसदी रहा। अनुसूचित जाति वर्ग के बच्चों का नामांकन दर 19.81 फीसदी और अनुसूचित जनजाति वर्ग के बच्चों का नामांकन दर महज 10.93 फीसदी दर्ज किया गया। इसी से सरकारों की इच्छाशक्ति एवं प्रतिबद्धता का अंदाजा लगाया जा सकता है। देश की छियासी प्रतिशत बेटियाँ प्राथमिक स्तर पर ही स्कूल की पढ़ाई छोड़ देती हैं और चौंसठ फीसदी माध्यमिक कक्षाओं से आगे की पढ़ाई नहीं कर पातीं। जनगणना 2011 (प्रोविजनल) के आंकड़ानुसार देश में महिला साक्षरता 65.46 है और मात्र तेईस प्रतिशत को रोजगार मिल पाता है। प्राथमिक स्तर पर प्राइवेट एवं सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर पर विभेद, तमाम प्रावधानों के बावजूद स्कूलों में दलित छात्र–छात्राओं के साथ विभेद, बालिकाओं का घर से बाहर न निकलना, मिड–डे मील के नाम पर खानापूर्ति के लिए बच्चों का नामांकन जैसे तमाम कारण प्राथमिक शिक्षा में बाधक हैं। देश में अभी भी 81 लाख 50 हजार 619 बच्चे स्कूली शिक्षा के दायरे से बाहर हैं। प्राथमिक शिक्षा से माध्यमिक शिक्षा के बीच पढ़ाई छोड़ देने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी कम नहीं है। प्राथमिक स्कूलों में दाखिल छात्रों की संख्या 13,34,05,581 है जबकि उच्च प्राथमिक स्कलों में नामांकन प्राप्त 5,44,67,415 है। साल 2020 तक सकल नामांकन दर को वर्तमान 12 फीसद से बढ़ाकर 30 फीसद करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है लेकिन सर्व शिक्षा अभियान के 2009–10 के आंकड़ों के अनुसार, बड़ी संख्या में छात्रों को स्कूली शिक्षा के दायरे में लाने के लक्ष्य के बीच देश में अभी कुल 44,77,429 शिक्षक ही हैं। देश का शायद ही ऐसा कोई प्रांत हो, जहाँ विद्यार्थियों के अनुपात में अध्यापकों की नियुक्ति हो, फिर शिक्षा व्यवस्था कैसे सुधरे? अभी भी देश में छात्र शिक्षक अनुपात 32 : 1 है, जबकि 324 ऐसे जिले है जिनमें छात्र शिक्षक अनुपात 3 : 1 से कम है। देश में नौ फीसदी स्कूल ऐसे हैं जिनमें केवल एक शिक्षक है तो 21 फीसदी ऐसे शिक्षक हैं जिनके पास पेशेवर डिग्री तक नहीं है। उस पर से ग्रामीण स्कूलों में एक चौथाई शिक्षक खुद ही गैरहाजिर रहते हैं और अपने व्यक्तिगत कार्यों को तरजीह देते हैं। मतगणना–जनगणना से लेकर अन्य तमाम कार्यों में प्राथमिक शिक्षकों की ड्यूटी भी उन्हें मूल शिक्षण कार्य से विरत रखती है। ऐसे में जब शिक्षा की नींव ही कमजोर होगी, तो विद्यार्थियों का उन्नयन कैसे होगा, यह एक गम्भीर समस्या है।

महात्मा गाँधी ने कहा था कि – ''जिस शिक्षा का असर हमारे चरित्र पर नहीं होता, वह

कुछ काम की नहीं होती।'' पर उच्च शिक्षा का सीधा सम्बन्ध आज रोजगार से जुड़ गया है। ऐसे में प्रतिस्पर्धा बढ़ना लाजिमी भी है। इस प्रतिस्पर्धा की आड़ में उच्च शिक्षा में कुकरमुत्तों की तरह फैलते कालेजों एवं कोचिंग संस्थाओं ने अच्छा–खासा आर्थिक साम्राज्य खड़ा कर लिया है। यहाँ शिक्षा की बाकायदा कीमत वसूल की जाती है, ऐसे में अभिभावकों एवं विद्यार्थियों पर दवाब पड़ना स्वाभाविक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट की मानें तो विश्व के करीब 25 फीसदी स्कूली छात्र मानसिक बीमारी से पीड़ित हैं। जाहिर है भूमण्डलीकरण के दौर में उपभोक्तावाद बढ़ने के कारण छात्र–छात्राओं में कई तरह की कुंठाएँ भी उत्पन्न हो गयी हैं। किताबों का बढ़ता बोझ, शिक्षकों एवं अभिभावकों की बढ़ती अपेक्षाएँ व तदनुरूप विद्यार्थियों का विकास समुचित तरीके से नहीं हो पा रहा है। ऐसे में बच्चे अपने आप में सिमटते व सिकुड़ते जा रहे हैं और उनकी दुनिया टी0 वी0 व इंटरनेट तक बँध कर रह गयी है। इस हालत में उनका सामाजिक जीवन भी प्रभावित हो रहा है एवं अन्ततः एकाकीपन व दबावों के बीच उनमें आत्महत्या एवं हिंसा की प्रवृत्ति बढ़ रही है। उच्च शिक्षा के सन्दर्भ में तो यह स्थिति अत्यन्त भयावह हो जाती है। 2001 की जनगणना के मुताबिक देश में 12.4 फीसदी लोग उच्च शिक्षा हासिल कर रहे हैं, जबकि 1950 में यह आंकड़ा एक फीसदी से भी कम था। जनसंख्या के अनुपात में शिक्षण संस्थाओं की कमी भारतीय शिक्षा व्यवस्था का एक यथार्थ बन गया है। आंकड़ों पर गौर करें तो आजादी के समय 1947 के 20 विश्वविद्यालयों और 500 महाविद्यालयों की तुलना में आज 504 विश्वविद्यालय एवं 25,951 कालेज (2,565 महिला कालेज सहित) हैं, जहाँ एक करोड़ छत्तीस लाख बयालीस हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जो भारत की एक अरब से ज्यादा जनसंख्या का महज 12.4 फीसदी हैं, जबकि विकसित देशों में यह सकल भर्ती दर 58 फीसदी के करीब है।

ऐसा नहीं है कि सरकार इन सब बातों से बेफिक्र है। स्वयं मानव संसाधन विकास मन्त्रालय का मानना है कि उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत 12.4 से बढ़ाकर 30 प्रतिशत करना होगा और इसके लिए अगले 12 वर्षों में अतिरिक्त 600 विश्वविद्यालयों एवं 35,000 महाविद्यालयों की आवश्यकता होगी। पर वाकई यह उतना आसान नहीं दिखता। शिक्षाविदों की मानें तो 2020 तक सकल भर्ती दर को 20 फीसदी पहुँचाने के लिए ही मौजूदा उच्च शिक्षण संस्थाओं की क्षमता दोगुनी करनी होगी, जो कि दुःसाध्य कार्य दिखता है। इसी प्रकार उच्च शिक्षा पर जी0 डी0 पी0 का एक प्रतिशत भी नहीं खर्च किया जा रहा है, जिसे अच्छा–खासा बढ़ाने की जरूरत है। भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश है। आज हम व्यापक भूमण्डलीकरण तथा गहन प्रतिस्पर्धा के

कठिन दौर से गुजर रहे हैं। विज्ञान व प्रौद्योगिकी का तेज गति से विस्तार हो रहा है। यह क्षेत्र लगातार अंतर आयामी, बहुआयामी और बहुद्देशीय होता जा रहा है। भारत के पास उन बड़ी शक्तियों में शामिल होने की पूरी क्षमता है, जिनकी 21वीं सदी में प्रमुख भूमिका होगी। ऐसे में सारी दुनिया भारत की युवा शक्ति पर टकटकी लगाये हुए है। अगर इन युवाओं को सही ढंग से तराशा और संवारा जाये तो वे राष्ट्रीय गौरव का एक नया इतिहास रच सकते हैं। युवा वर्ग अपनी मेधा, परिश्रम और लगन से सबको चमत्कृत कर सकते हैं और युवा शक्ति भारत को विश्व का मुकुटमणि बना सकती है। इसीलिए यह आवश्यक है कि युवाओं के व्यक्तित्व का निर्माण हमारी प्राथमिकता में शामिल हो। ऐसे में शिक्षण संस्थाएँ, युवाओं के मस्तिष्क के लिए नये क्षितिजों के द्वार खोलने और उन्हें आज के जीवन सन्दर्भों की चुनौतियों का सफलतापूर्वक मुकाबला करने के लिए तैयार करती हैं। पर हमारे यहाँ तो अधिकतर विश्वविद्यालय और शैक्षणिक संस्थान यहाँ तक कि मेडिकल व इंजीनियरिंग कालेज भी भारी डोनेशन लेकर विद्यार्थियों का प्रवेश ले रहे हैं और बदले में डिग्रियाँ बाँटने के केन्द्र बन गये हैं। प्रतिस्पर्धा और गुणवत्ता को दरकिनार कर शिक्षा बिकाऊ हो चुकी है। भौतिक शोधों की बजाय विदेशी विद्वानों के शोधों की नकल और इंटरनेट से कट–पेस्ट करने की जुगाड़ी प्रवत्ति के चलते नये विचारों व नई प्रवृत्तियों का उद्‌भव नहीं हो पा रहा है।

कोई भी राष्ट्र जब शिक्षा पर खर्च करता है तो उसके पीछे सामाजिक–आर्थिक विकास में योगदान की अपेक्षा भी रखता है। प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च शिक्षा तक की बेहतरी के उद्‌देश्य से केन्द्र सरकार हर साल लाखों–करोड़ों के बजट वाली योजनाएँ बनाती है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जी0 डी0 पी0) में उच्च शिक्षा के लिए छह फीसदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में शिक्षा के लिए बजटीय आबंटन जी0 डी0 पी0 का 3.8 फीसदी है। सरकार ने वित्त वर्ष 2010–11 में शिक्षा क्षेत्र का कुल बजट 16 फीसदी बढ़ाते हुए 42,036 करोड़ कर दिया। 2011–12 के लिए पेश किये गये केन्द्रीय बजट में शिक्षा क्षेत्र के लिए 52,057 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं, जो वित्त वर्ष 2010–11 से 24 फीसदी अधिक है। इतना ही नहीं 13वें वित्त आयोग से भी राज्यों को 3,675 करोड़ रुपये मिलेंगे। उच्च शिक्षा के खाते में 13,100 हजार करोड़ रुपये डाले गये हैं। केन्द्रीय धन की निगरानी के लिए आयोगों और समितियों की लम्बी फेहरिस्त है, फिर भी शिक्षा क्षेत्र के हालात बहुत अच्छे नहीं है।

भारतीय सन्दर्भ में बात करें तो यहाँ ब्रेन–ड्रेन अर्थात् प्रतिभा पलायन एक महत्त्वपूर्ण समस्या है। एक सर्वेक्षण के मुताबिक भारत से अमेरिका जाने वाली प्रतिभाओं के कारण भारत को 700 मिलियन डालर की राजस्व हानि होती है, जो कि भारत की कुल आय का 12 फीसदी

बनता है। स्पष्ट है कि सारी क्रीम विदेशों की तरफ जा रही है। प्रत्येक 10 में से 4 साफ्टवेयर विशेषज्ञ अमेरिका में कार्य कर रहे हैं। यही नहीं आज अमेरिका में 38 फीसदी डॉक्टर और 12 फीसदी वैज्ञानिक भारतीय हैं। अमेरिकी स्पेस एजेंसी 'नासा' में 36 फीसदी वैज्ञानिक और इंजीनियर भारतीय हैं तो 'माइक्रोसॉफ्ट' कम्पनी के 34 फीसदी तकनीकी विशेषज्ञ और 'इंटेल' कम्पनी में 20 फीसदी इंजीनियर भारतीय हैं। अकेले 1998 में आई0 आई0 टी0 से निकले 30 प्रतिशत कम्प्यूटर इंजीनियरों ने अमेरिका में नौकरी कर ली। इसके विपरीत आज भी देश में 60,000 से अधिक इंजीनियर बेरोजगार हैं, जो कि शिक्षा–प्रणाली पर एक बड़ा प्रश्न चिह्न हैं। वहीं दूसरी तरफ भारत में टेक्नॉलाजी व वित्तीय सेवाओं से जुड़ी कम्पनियों की शिकायत है कि उनके पास 10 स्नातक नौकरी के लिए आते हैं, तो मात्र 3 ही अनिवार्य कुशलता पूरी करने योग्य होते हैं। प्रमुख उद्योग संगठन एसोचैम की एक रिपोर्ट की मानें तो देश में हर वर्ष दो लाख एमबीए, छह लाख से ज्यादा इंजीनियरिंग स्नातक निकलते हैं, लेकिन इनमें से एक चौथाई ही नौकरी के योग्य होते हैं। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 90 फीसदी स्नातक नौकरी पाने योग्य नहीं होते। इसका कारण है कि जहाँ आई टी, सेवा, मानव संसाधन, बीमा जैसे क्षेत्रों में 90 फीसदी नौकरियाँ व्यावसायिक एवं प्रबन्धकीय रूप से दक्ष लोगों के लिए है, वहीं देश की कार्यशील आबादी के महज छह फीसदी को ही व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त हो पाती है। इसके विपरीत दक्षिण कोरिया के 96 फीसदी, जापान के 80 फीसदी व जर्मनी के 75 फीसदी कामगारों को व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त होती है। ऐसे में उच्च शिक्षा के आयाम बढ़ाने के साथ–साथ प्रतिभा–पलायन रोकना भी एक महत्त्वपूर्ण कदम होगा।

भारत में उच्च शिक्षा पर व्यय की स्थिति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि विदेशों में शिक्षा ले रहे भारतीय छात्रों का खर्च हमारे उच्च शिक्षा बजट से दोगुना है। वर्ष 2011–12 के बजट में उच्च शिक्षा के लिए 13,100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है जबकि संसद की स्थायी समिति के समक्ष पेश मानव संसाधन विकास मन्त्रालय के एक आकलन के मुताबिक विदेशी शिक्षण संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने वाले भारतीय छात्र करीब 5.5 अरब डालर यानी करीब 24.750 करोड़ रुपये चुकाते हैं। ऐसा असन्तुलन भी कहीं–न–कहीं व्यवस्था को प्रभावित करता है, इस ओर भी ध्यान दिये जाने की जरूरत है। अभी लगभग 2.64 लाख भारतीय छात्र विभिन्न देशों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसके लिए प्रति छात्र औसतन 10 लाख रुपये विदेशी और ब्रिटेन में 20 हजार छात्र शिक्षा हासिल कर रहे हैं। इसके अलावा फ्रांस, जर्मनी, न्यूजीलैण्ड, नीदरलैण्ड आदि देशों में भी काफी संख्या में भारतीय छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उच्च शिक्षा पर गठित समिति के अध्यक्ष शिक्षाविद् प्रो. यशपाल

की मानें तो देश में तकरीबन 20,000 कॉलेज हैं जिनमें से 1,500 कॉलेज काफी अच्छे हैं और उनमें बेहतर आधारभूत सुविधाएँ हैं। ऐसे कॉलेजों को विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जा सकता है।

बदलाव प्रकृति का नियम है और शिक्षा भी इससे अछूती नहीं रही। आज शिक्षा अपने परम्परागत स्वरूप से हटकर 'ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था' की ओर अग्रसर है। शिक्षा और रोजगार में अनन्य सम्बन्ध एवं तदनुसार उन्नत मानव संसाधनों के साथ विकास दर की ऊँचाइयों को छूना इसका ध्येय है। जैसे–जैसे सेवा क्षेत्र का विस्तार हो रहा है, वैसे–वैसे तमाम नये उद्यम भी सामने आ रहे हैं। इनके लिए दक्ष मानव संसाधन की आवश्यकता है और साथ ही इस काम के लिए इन्हें विशेष कौशल प्रशिक्षण देने की भी आवश्यकता है। इसमें कोई शक नहीं कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतान्त्रिक राष्ट्र होने के साथ–साथ सबसे बड़ा बाजार भी मुहैया कराता है। ऐसे में शिक्षा को उत्पादन से जोड़ वांछित, सार्थक और लाभदायक योगदान की अपेक्षा की जा रही है। एक तरफ शिक्षा संस्थाओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं गुणवत्ता बनाने हेतु विदेशी विश्वविद्यालयों को बुलाने की योजना चल रही है, वहीं इग्नू जैसी संस्थाएँ देश के कोने–कोने में दूरस्थ शिक्षा को आसान कर रही हैं। ई–शिक्षा ने भी इस सम्बन्ध में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। आज हमारे पास वर्चुअल लैब और प्रौद्योगिकी सम्पन्न केन्द्र हैं जिनके जरिये न केवल शिक्षा पहुँचाई जा सकती है बल्कि दक्षता उन्नयन कार्यक्रम और तकनीकी प्रशिक्षण मुहैया की जा सकती है। यह इसलिए जरूरी है क्योंकि इतनी बड़ी संख्या में कॉलेज खोलना और इनके लिए बुनियादी संरचना का विकास करना सम्भव नहीं है।

गौरतलब है कि शिक्षा–साहित्य–संस्कृति की त्रिवेणी ही किसी राष्ट्र को उन्नत बनाती है। शिक्षा को उत्पादकता से जोड़कर देखना गलत नहीं है बशर्ते परिवार, परिवेश, पर्यावरण और संस्कृति से इसे विरत् न किया जाये। पारिवारिक मूल्यों के प्रति निष्ठा, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की जानकारी, पर्यावरण के प्रति संचेतना, आध्यात्मिक पुरुषों, स्वतन्त्रता सेनानियों एवं राष्ट्रीय वीर पुरुषों के जीवन व आदर्शों के बारे में प्रेरणात्मक पहलू जैसे तमाम तत्त्वों के बिना शिक्षा का उद्देश्य अधूरा है। 2020 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना देखने वाले पूर्व राष्ट्रपति एवं वैज्ञानिक ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम ने बहुत खूबसूरत शब्दों में लिखा है – ''जब हदय में शुद्धता हो/तो चरित्र में सुन्दरता आ जाती है/यदि चरित्र सुन्दर हो तो/परिवार में समरसता होती है।'' राज्यसभा की शिक्षा सम्बन्धी याचिका समिति द्वारा वर्ष

2009 में प्रस्तुत वक्तव्य गौरतलब है – "विज्ञान–सम्मत स्वास्थ्य–शिक्षा, नैतिक शिक्षा, व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण, पर्यावरण के प्रति जागरूकता हेतु उचित एवं आयु विशिष्ट पाठ्यक्रम तैयार किया जाये।

शिक्षा का स्वरूप कुछ भी हो, पर सब के लिए शिक्षा बेहद जरूरी है। सामाजिक व आर्थिक विकास में शिक्षा की अहम् भूमिका है। शिक्षा व्यक्ति के भौतिक और नैतिक दोनों प्रकार के विकास का आधार तैयार करती है। यह हमारी संवेदनाओं और अवधारणाओं को परिष्कृत बनाती है, जिससे मन–मस्तिष्क को स्वतन्त्रता और उनके बीच तालमेल स्थापित करती है और वैज्ञानिक दृष्टि के विकास में सहाता मिलती है। शिक्षा, ज्ञान, बुद्धि और कौशल को समद्ध बनाती है। प्राथमिक स्तर पर स्कूलों में संसाधनों व अध्यापकों की सुनिश्चितता, उच्च स्तर पर ज्ञान में प्रवीणता हासिल करने के साथ–साथ नये विचारों व सिद्धान्तों का उद्भव एवं व्यावहारिक जीवन में उनका समसामयिक प्रयोग भी अपेक्षित है। तमाम नियम–कानूनों के बावजूद परीक्षाओं में धाँधली, विद्यार्थियों का शोषण एवं जातिवादी राजनीति से शैक्षणिक परिसरों की मुक्ति ही अन्ततः भारत को एक सुखी–समृद्ध–शिक्षित राष्ट्र बना सकेगा। भारतीय परिप्रेक्ष्य में प्रथम राष्ट्रपति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के शब्द आज भी प्रासंगिक हैं – "भारत को अपने लिए ऐसी संस्कृति तथा शिक्षा का चयन करना होगा जो कि प्राचीन संस्कृति की उत्तमता से प्रेरित हो एवं इसके साथ ही साथ वर्तमान माँगों की भी उपेक्षा न कर सके।"

आपका आत्मविश्वास वह सोमरस है जिसको ग्रहण करके आप मदान्ध हाथी को भी वश में करने का चमत्कार कर सकते हैं, अर्थात् असम्भव को भी सम्भव कर दूसरों से सम्मान प्राप्त कर सकते हैं।

समकालीन कविता में अन्तर्राष्ट्रीय राजनैतिक सन्दर्भ : युद्ध एवं आतंकवाद के परिप्रेक्ष्य में

—डॉ0 राकेश शुक्ल
एसोसिएट प्रोफेसर,
हिन्दी विभाग,
वी0एस0एस0डी0 कालेज,
कानपुर

शुद्ध साहित्य में राजनीति का प्रवेश भले ही अवांछित माना गया हो पर प्रत्येक युग का साहित्य अपने राजनैतिक परिदृश्य से अप्रभावित नहीं रह सका है। राजदरबारों में कवियों का सम्मान और संरक्षण होने के कारण प्राचीन साहित्य में एक ओर यदि राजाओं की यश कीर्ति का गायन हुआ तो दूसरी ओर 'संतन को कहा सीकरी सों काम' वाले कवियों ने तत्कालीन राजनीति और राजाओं का मार्गदर्शन भी किया।

आधुनिक साहित्य विशेषकर समकालीन साहित्य के केन्द्र में मनुष्य है इसलिए समकालीन कवियों ने अपने समाज या देश ही नहीं वरन् सम्पूर्ण विश्व के राजनैतिक परिदृश्य को अपनी लेखनी का अनिवार्य हिस्सा बनाया। समाज की राजनैतिक स्थिति की अभिव्यक्ति में भी यह नये तेवर का काव्य है। जनतंत्र और गणतंत्र का जैसा मजाक आज की राजनीति में हो रहा है वह किसी से छिपा नहीं है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जिसके साथ जनसाधारण की आशाएं और उमंगे जुड़ी हुई हैं किन्तु आज यह लोकतंत्र कितना खोखला, निराशाजनक और निरर्थक साबित हुआ है। समकालीन राजनीति मात्र चुनाव, कुर्सी और वोट की राजनीति तक सिमट कर रह गई है। राजनीति के इस विद्रूप को कविता का विषय बनाया गया है। देश के भीतर अलगाववाद, आतंकवाद, जातिवाद, सम्प्रदायवाद सहित राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले आपराधिक कृत्यों पर तो इन कवियों ने गहरी चिन्ता प्रकट की ही है, अन्तर्राष्ट्रीय आतंकवाद, अनेक देशों के बीच होने वाले युद्धों की विभीषिका, वैश्विक स्तर पर फासीवादी, साम्राज्यवादी और विस्तारवादी ताकतों की भी आलोचना की है। दो—दो विश्वयुद्धों की विभीषिका से सारा विश्व आज तक उबर नहीं सका है बावजूद इसके विश्व के अनेक देश किसी न किसी रूप में युद्धरत हैं। जनसंचार के अत्याधुनिक और तीव्रगामी माध्यमों के बीच वैश्वीकरण या भूमण्डलीकरण के युग में विश्व के किसी भी कोने में घटित छोटी सी घटना से भी हम अप्रभावित नहीं रह सकते। कोई भी अन्तर्राष्ट्रीय राजनैतिक घटना प्रत्येक व्यक्ति को आन्दोलित कर देती है। समकालीन कवियों के काव्य में अन्तर्राष्ट्रीय संदर्भ अनकेशः व्यक्त होते रहते हैं। वियतनाम, चेकोस्लोवाकिया, बांग्लादेश, द0 अफ्रीका, ईराक,

फलस्तीन, इजराइल, चीन, पाकिस्तान, श्रीलंका, अफगानिस्तान, कोरिया, ईराक, भारत आदि देशों की घटनाओं ने भारतीय जनमानस को गहराई तक प्रभावित किया है। विगत पचास वर्षों में इन देशों में अनेक नरसंहार हुए हैं, चाहे वे युद्ध के माध्यम से हुए हों, तानाशाही शासन के द्वारा अथवा आतंकवादी घटनाओं द्वारा। वियतनाम पर अमेरिकी आक्रमण ने वहाँ की जनता पर जो कहर बरपाया उससे सम्पूर्ण विश्व आतंकित और आन्दोलित हुआ। फलस्तीन और इजराइल के बीच निरन्तर युद्ध की झड़पें होती रहीं, जिनमें हजारों निरीह व्यक्ति मारे गये। कुवैत पर वर्चस्व को लेकर अमेरिका ने ईराक पर आक्रमण किया, जिसने ईराक को लगभग तबाह कर दिया। चीन और रूस में समय–समय पर साम्यवादी तानाशाही के विरुद्ध लोकतंत्र समर्थकों पर भारी अत्याचार किये गये। चीन के त्येनमिन चौक पर लाखों युवा लोकतंत्र समर्थकों पर गोलियां बरसाई गईं। दक्षिण अफ्रीका में लम्बे संघर्ष के बाद लोकतंत्र का उदय हुआ, वहाँ के मूल निवासियों को रंगभेद के कारण अनेक अत्याचार सहने पड़े। कश्मीर को लेकर भारत–पाक के बीच अनेक युद्ध हुए जिनमें दोनों देशों को जन, धन की भारी हानि उठानी पड़ी तथा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से हजारों निर्दोष जाने गईं। अफगानिस्तान में लम्बे समय तक गृह युद्ध की स्थिति रही। रूस और अमेरिका के दखल ने वहाँ की स्थिति को भयावह बनाया। बाद में अलकायदा (ओसामा बिन लादेन) का उदय, वर्ल्ड ट्रेड सेण्टर की घटना और अलकायदा पर अमेरिकी हमला आदि आतंक और युद्ध के विमर्श चर्चा में प्रमुख रहे। श्रीलंका ने गृह युद्ध की विभीषिका को लम्बे समय तक झेला। इन विभीषिकाओं के अनेक संदर्भों ने जिस समकालीन कवि को सबसे ज्यादा उद्वेलित किया उस कवि श्रीकांत वर्मा की कुछ पंक्तियां द्रष्टव्य हैं–

फौज के अंधेरे में
लुटी हुई
बीसवीं शताब्दी का
सिर
गिरता है
चेकोस्लोवाकिया में
धड़
वियतनाम में
शेष ढाका, चटगांव में
शुक्रिया चंगेज खाँ
तुम्ही को पाया है हर मोड़ पर।''[1]

एक ओर आज विश्व का कोई भी देश आतंकवादी घटनाओं से निरापद नहीं है तो दूसरी तरफ एक बड़ा खतरा तानाशाही शक्तियों से है। ये शक्तियां कहीं धर्म के नाम पर, कहीं परम्परा के नाम पर तो कहीं झूठी शान या प्रतिष्ठा के नाम पर लोकतंत्र तथा मानवाधिकारों का गला घोंटने में लगी हुई हैं। कवि सर्वेश्वर दयाल सक्सेना इन पंक्तियों में एक बहुत बड़ा प्रश्न खड़ा करते हैं–

.....पूछता हूँ
जिसके पैर में तुम जूते नहीं दे सकते
उसके हाथ में तुम्हें
बन्दूकें देने का क्या अधिकार है?''[2]

एक ओर सम्पूर्ण विश्व ज्ञान–विज्ञान, कला, दर्शन, साहित्य, संस्कृति, आदि के नवीन आयामों से अपने को आप्लावित करता जा रहा है, तो दूसरी ओर मनुष्य की आदिम अशिव वृत्तियां उसे आज भी स्वस्थ और सुखद जीवन जीने नहीं दे रही हैं। यह कितनी बड़ी विडम्बना है कि आदिम युग से लेकर आज तक मनुष्य ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु रहा है। युद्ध किसी भी राष्ट्र या समाज के लिए सबसे बड़ी विभीषिका होती है किन्तु अपने राजनैतिक अस्तित्व की सुरक्षा एवं स्वाधीनता की रक्षा के लिए युद्ध प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व या कर्तव्य भी होता है पर विश्व के अधिकांश युद्धों का लक्ष्य था, लालच। दूसरों के राज्य हड़पने का लालच, राजकोष लूटने का लालच, सुन्दर राजकुमारियों से विवाह करने का लालच और अनेक राष्ट्रों को अपना उपनिवेश बनाने का लालच। इतिहास में अपने निहित स्वार्थ के लिए अथवा अहं की तुष्टि के लिए अपनी सम्पूर्ण प्रजा और सेना को दांव पर लगाने वाले सनकी राजाओं के युद्ध विवरण भी कम नहीं हैं। आज राजतंत्र नहीं है और लगभग विश्व के हर देश में लोकतंत्र विद्यमान है, बावजूद इसके अधिकांश राष्ट्राध्यक्षों ने अपने अहं के चलते अपने देश को युद्ध की आग में झोंकने का कार्य किया है। जबकि आतंकवादी शक्तियों का सबसे बड़ा औजार उनका पंथ है, जिसे वे जेहाद के रूप में जब तब इस्तेमाल करते रहते हैं। वरिष्ठ कवि रामदरश मिश्र के शब्दों में–

और हर सुबह लाकर पटक देती है
वियतनाम का एक युद्ध
एक नीग्रो की लाश के नीचे दबा हुआ संगीत
दक्षिण अफ्रीका की काली–काली नदियों में
घुलता हुआ गोरा–गोरा जहर
बसन्त की हवाओं में पीठ पर लदा हुआ रेगिस्तान

और झुलसती हुई छोटी–छोटी पत्तियां

लाल–लाल पेड़ों में पलते हुए बारूद के गुब्बारे।[3]

युद्ध और आतंकवाद पूरी मानव जाति के माथे पर कलंक है। युद्ध और आतंक का शिकार सबसे ज्यादा निर्धन, निर्दोष, निरीह मनुष्य और खासकर महिलाएं, बच्चे ही होते हैं। विश्वनाथ प्रसाद तिवारी की पंक्तियां द्रष्टव्य हैं–

छितरा गई लिबर्टी की प्रतिमा खण्ड–खण्ड

ढाका में, वियतनाम में

सारी जवान लड़कियां बन्द फौजी बैरकों में

कैसे गाऊं पद्मा किनारे

कौन सा गीत।''[4]

समकालीन कवियों ने विगत में हुए अनेक युद्धों के भयानक हादसों पर गम्भीर चिन्तन किया है। इन कवियों की रचनाओं में युद्ध और शान्ति, न्याय और अन्याय, बर्बरता, जिजीविषा, हत्या, बलात्कार, लूटपाट सहित युद्ध कौशल आदि के वर्णन भरे पड़े हैं। श्रीकांत वर्मा की कृति 'जलसाघर' की कतिपय पंक्तियां कितना कुछ कह जाती हैं –

''इसके पहले मैं चीख कर कहता

'हिरोशिमा अमर है' मैं मारा जा चुका था

दबी की दबी रह गई चीख।''

x x x x

''छीन–झपट–दमन, युद्ध चूसकर

मारी गई जनता के

रक्त को बर्बर उधर देखो वह चला जा रहा है।''

x x x x

मोहन जोदड़ो से अब तक का

सिलसिला है

युद्ध की एक अटूट श्रृंखला है।

x x x x

मोरपंख की तरह किताबों के बीच रखी हुई है

युद्ध दस्तक दे रहा है

पृथ्वी की एक–एक सड़क पर

भाग रहा है मनुष्य
युद्ध पीछा कर रहा है।''[5]

आतंकवाद के खिलाफ भी इन कवियों ने अत्यन्त मर्मस्पर्शी कविताएं लिखी हैं। देश की लहुलुहान स्थिति के स्वयं भुक्तभोगी, आतंकवाद के शिकार तथा कश्मीर से निर्वासित जीवन बिता रहे कवि अग्निशेखर के शब्दों में–

''दोस्तो मुझे दरकार है
कीड़े मारने की दवा
अब देखा नहीं जाता कमरे में टंगा
देश का नक्शा छलनी हो रहा है।''[6]

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि समकालीन कवियों ने युद्ध एवं आतंकवाद की विभीषिका को न सिर्फ भारतीय जनमानस के परिप्रेक्ष्य में वरन् वैश्विक परिदृश्य में रेखांकित करते हुए अपने दायित्व का निर्वहन किया है।

संदर्भ

1. जलसाघर– श्रीकान्त वर्मा, पृ0 27
2. कविताएं–दो– सर्वेश्वर दयाल सक्सेना, पृ0 61
3. कन्धे पर सूरज– रामदरश मिश्र, पृ0 56
4. साथ चलते हुए– विश्वनाथ प्रसाद तिवारी, पृ0 42
5. जलसाघर– श्रीकान्त वर्मा, पृ0 68 से 71 तक
6. किसी भी समय– अग्निशेखर, पृ0 48

अपने लक्ष्य के सामने और सब बातों को भूल जाना ही मन की एकाग्रता है।

नेपाल में आई0एस0आई0 की भूमिका और भारतीय सुरक्षा

डॉ0 दीर्घपाल सिंह भण्डारी
विभागाध्यक्ष,
सैन्य विज्ञान विभाग
रा0 स्नात0 महाविद्यालय,
नई टिहरी,(उत्तराखण्ड)

डॉ0 दीपेन्द्र सिंह तोपवाल
असिस्टेंट प्रोफेसर
सैन्य विज्ञान विभाग
रा0 स्नात0 महाविद्यालय,
नई टिहरी,(उत्तराखण्ड)

नेपाल हिमालय पर्वत के दक्षिण ढलान पर बसा हुआ है जिसके उत्तर में तिब्बत और दक्षिण में भारत है। भारत, नेपाल का निकटतम पड़ोसी राष्ट्र है जिसकी भौगोलिक सीमायें भी एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं। निकटतम पड़ोसी होने के कारण नेपाल का भारत के लिए स्त्रातेजिक महत्व रखना स्वाभाविक है। भारत के स्वतन्त्र होने पर नयी अन्तर्राष्ट्रीय स्थितियां उत्पन्न हुई, जिसने नेपाल की स्थिति को अधिक महत्वपूर्ण बना दिया है। भले ही नेपाल अपनी भौगोलिक अवस्थिति, धर्म और आर्थिक प्रणाली के कारण सदैव भारत से घनिष्ठतापूर्वक जुड़ा रहा है। वैसे भी देखा जाय तो विश्व में ऐसा कोई दूसरा उदाहरण नहीं है जिनमें जाति, धर्म, संस्कृति, अर्थव्यवस्था और राजनीतिक सम्बन्धों में दो देश आपस में इस अभियोज्य प्रकार से बधे हुए हैं, जैसा कि महाराजा पृथ्वीनारायण शाह, जिन्हे नेपाल का जनक माना जाता है[1] ने 1742 ई0 में कहा था कि नेपाल, भारत और चीन दो बड़े चट्टानों के बीचएक तरूल की तरह है और हमें अपने इन दोनो बड़े पड़ोसियों से मधुर सम्बन्ध बनाए रखना होगा। नेपाल स्थलवध होने के कारण यह नेपाल की भू–राजनीतिक आवश्यकता है कि वह भारत से सम्बन्ध बनाए रखे, क्योंकि नेपाल का भूगोल उसे भारत के साथ सम्बन्ध को बनाए रखने के लिए बाध्य करता है। दूसरी ओर भारत अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नेपाल के महत्व को समझता है और नेपाल का चीन की ओर झुकाव को कम करने के लिए वह हर सम्भव प्रयास करता है। इतना ही नहीं नेपाल को सभी प्रकार के साजो–सामान की पूर्ति के साथ–साथ वहां की राजनीतिक और कूटनीतिक हालातों पर भी अपनी पैनी नजर रखता है, क्योंकि वहां राजनीतिक, कूटनीतिक, आर्थिक तथा सामाजिक उथल–पुथल का भारत की सुरक्षा पर सीधा प्रभाव पड़ता है।

भारत की चिन्ता आखिर क्या ?

वर्तमान में भारत को सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाला मुद्दा सुरक्षा से सम्बन्धित है क्योंकि पाकिस्तान की खुफिया एजेन्सी आई0एस0आई0 पिछले काफी दिनों से नेपाल की भूमि का प्रयोग अपने भारत विरोधी कार्यों के लिए कर रही है। नेपाल के साथ भारत की 1751 किमी0 लम्बी सीमा रेखा है जिसमें 851 किलोमीटर उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड तथा 391

किमी पूर्वांचल का हिस्सा है जो अति संवदेनशील माना जाता है।[2] भारत और नेपाल की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पिथौरागढ़, चम्पावत, जिला उधमसिंह नगर, उत्तर प्रदेश के पीलीभीत, खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, व जिला महाराजगंज बिहार के पश्चिम चम्पारन, पूर्वी चम्पारन, सीतामढ़ी, मधुबनी सुपौल, अररिया व जिला किशनगंज, पश्चिम बंगाल का दार्जिलिंग तथा सिक्किम के उत्तर जिला मंगर और पश्चिम जिला ग्वालशिंग नेपाल सीमा पर स्थित है। इस सीमा से नेपाल में प्रवेश के चार अधिकृत रास्ते हैं जहां पुलिस चौकियां और सुरक्षा बलों की जांच पड़ताल का प्रबन्ध है, जबकि पन्द्रह ऐसे अनाधिकृत रास्ते हैं जहां से नेपाल में बेखौफ आवागमन जारी है।[3] भारत और नेपाल के बीच खटास पैदा करने के लिए पाक खुफिया एजेंसी आई0एस0आई0 की लगातार बढ़ती कोशिश के चलते भारत में आतंकवाद भी फल–फूल रहा है।

नेपाल में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आई0एस0आई0 की घुसपैठ की शुरूआत 1996 ई0 से मानी जा सकती है जब तत्कालीन नेपाली प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा पाकिस्तान की यात्रा पर गये। किसी भी नेपाली प्रधानमंत्री की वह पहली पाकिस्तान यात्रा थी। यही नहीं तत्कालीन समय में ही एक उच्च स्तरीय नेपाली प्रतिनिधिमण्डल चीन भी गया। रिपोर्ट है कि पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति फारूख अहमद लेघारी और तत्कालीन पाकिस्तानी प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टों से तत्कालीन नेपाली प्रधानमंत्री श्री देउबा की बंद कमरे में अहम बातचीत हुई। फलस्वरूप आई0एस0आई0 एजेंटों ने अपने जाल फैलाने शुरू किये और वर्तमान में नेपाल के भारत से लगने वाले सीमावर्ती इलाकों के चप्पे–चप्पे पर पाकिस्तान जासूस भारत व नेपाल को अन्दर से कमजोर करने का अभियान चला रहे हैं। भारतीय सुरक्षा सूत्रों के अनुसार प्रदेश के सोनौली, महराजगंज, गोरखपुर, गोंडा, बहराइच, आजमगढ़ और बिहार के रक्सौल, मधुबनी वाल्मीकी नगर, पश्चिमी चंपारण, इलाकों में जगह–जगह आई0एस0आई0 के ठिकाने बने हुए हैं।[4] यहां पर दिलचस्प पहलू ही कहा जा सकता है, कि एक महिला पत्रकार रूचि सिंह को दिल्ली पुलिस ने पकड़ा जो कुछ सैनिक अधिकारियों के जरिए आई0एस0आई0 के लिए नेपाल गुप्त सूचनाएं भेजती थी।[5]

स्मरणीय है कि दिसम्बर 1999 ई0 में इंडियन एयरलाइंस के एक विमान का नेपाल के त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से अपहरण किया गया। इस बात के पक्के सबूत तब मिले थे कि जब नेपाली सुरक्षा अधिकारियों की मिलीभगत से पाकिस्तान व अफगानी उग्रवादियों ने इण्डियन एयरलाइंस के विमान का अपहरण किया। यहां इस ओर ध्यान देना होगा कि भारत को अपने यात्रियों की जान बचाने के लिए जेल में बन्द पाकिस्तानी कट्रपंथी मौलाना मसूद अजहर को रिहा करना पड़ा जो इन दिनों फिर से जेहादियों का नया जत्था कश्मीर भेजने की तैयारी में जुटा हुआ है। इस घटना के बाद भारत सरकार ने नेपाल जाने वाले इंडियन एयरलांइस की उडानों पर रोक लगा दी थी। विमान अपहरण के बाद नेपाली प्रधानमंत्री श्री गिरिजा प्रसाद कोईराला ने भारत और नेपाल के बीच सद्भावना और विश्वास फिर से कायम करने तथा आपसी सहयोग को और बढ़ाने के उद्देश्य से एक सप्ताह (31 जुलाई से 6 अगस्त 2000) के लिए भारत आये लेकिन अपनी भारत यात्रा के बाद जैसे ही कोईराला नेपाल पहुँचे

तो हिन्दुस्तान के अन्दर जाली नोटों का बाजार गरमाया और जगह–जगह जाली नोट पकड में आने लगे। दिलचस्प बात यह है कि जाली नोट पाकिस्तान से नेपाल होकर भारत में आने शुरू हो गये। पाकिस्तान ने एक बार फिर नेपाल भूमि का प्रयोग भारत विरोधी गतिविधियों के लिए किया, इससे दोनों राष्ट्रों के बीच दूरी गहराती गई। और पाकिस्तान बराबर नेपाल की आड़ में भारत की सुरक्षा व्यवस्था को खतरा पैदा करने की पूरी कोशिश करता रहा।

भारत और नेपाल के बीच दरार पैदा करने के लिए पाक खुफिया एजेन्सी आई0एस0आई0 की लगातार बढ़ती कोशिशों का एक उदाहरण भारतीय हिन्दी फिल्मी जगत के बॉलीवुड स्टार रितिक रोशन का मामला भी है, जिसमें पाकिस्तान की भूमिका का पता बड़ी बारीकी से विश्लेषण करने पर चलता है। क्योंकि बडे ही नियोजित ढंग से रितिक रोशन द्वारा नेपाल के बारे में की गई कथित टिप्पणी में कहा गया कि रितिक रोशन ने एक टी0वी इंटरव्यू में कहा कि वे नेपाल और वहां के लोगों से नफरत करते हैं।[6] इस टिप्पणी को मुद्दा बनाकर नेपाल में भारत विरोधी भावनाओं को सुलगाने की कोशिश ऐसे समय में की गयी जब भारत नेपाल सम्बन्ध सुधरने के आसार बन रहे थे। ऐसे समय में नेपाल के अन्दर भारत विरोधी भावनायें भड़कने लगी। यहां तक कि वहां की छात्र राजनीति ने जमकर भारत विरोधी प्रचार–प्रसार प्रारम्भ किया। नेपाल में भारतीय टी0वी0 प्रसारण को हटा दिया गया तथा नेपाल में प्रवासी भारतीयों को भी वहां खतरा महसूस होने लगा। स्मरणीय है कि जिस टी0वी0 यूनिट ने पहली बार रितिक का मामला उछाला उसका संचालक आई0एस0आई0 का ही आदमी था। पांच दिनों तक लगातार भारत विरोधी दंगों के दौरान पूरे नेपाल में भारतीय टेलीविजन का प्रसारण बंद रहा। इस कारण रितिक रोशन द्वारा किया गया खण्डन वहां के दर्शकों तक नहीं पहुंच पाया। इस सन्दर्भ में ध्यान देने योग्य बात यह भी है कि भारत–विरोधी भावनायें भड़काने में लिप्त लोगों और दलों की पहुंच तथा उनका प्रभाव केवल निचले स्तर के प्रशासन, समाचार पत्रों, प्रचार–प्रसार माध्यमों तक ही सीमित नहीं है। बल्कि उनकी पैठ राजदरबार में महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों तक भी है। बड़े–बड़े पांचसितारा होटलों के मालिक आदि के माध्यम से राजदरबार के उच्च पदस्थ व्यक्तियों का दाउद इब्राहीम जैसों से पहुंच बताई जाती है।[7]

भारत–नेपाल के मध्य आई0एस0आई0 की भूमिका :

उल्लेखनीय है कि इण्टर सर्विसेज इटेंलीजेंस (आई0एस0आई0) भारत और नेपाल के मध्य कटुता की दीवार खड़ी करने के लिए लगातार सक्रिय रहती हैं। बिहार के समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के अनुसार नेपाल की राजधानी काठमाण्डू में बैठे चीन तथा पाकिस्तान के दूतावासों के अधिकारी भारत में नक्सलवादी गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं। समाचार पत्र के माध्यम से यह भी बताया गया कि काठमांडू की जामा मस्जिद में एक गुप्त बैठक हुई जिसमें चीनी अधिकारियों के अतिरिक्त पाकिस्तानी दूतावास के एक उच्चाधिकारी मुहम्मद शाहिद रहमान, मस्जिद इमान मौलाना, जमाल खान, पाकिस्तानी गुप्तचर एजेंसी आई0एस0आई0 के सहयोग से चलने वाले मीडिया ग्रुप स्पेस टाइम्स के प्रमुख जमील शाह

लश्कर–ए–तोइबा के प्रतिनिधि मौलाना जमाल गाजी के अतिरिक्त बिहार में सक्रिय नक्सलवादी संगठन पीपुल्सवारग्रुप के विनोद झा और माओवादी कम्युनिस्ट सेंटर के नागेन्द्र झा व पश्चिमी बंगाल के आशीष मुखर्जी आदि ने भी भाग लिया ।[8] कहा जाता है कि इस बैठक में नक्सलवादियों और भारत में सक्रिय इस्लामी जेहादी गुटों के बीच तालमेल बढ़ाने पर व्यापक रूप से विचार विमर्श किया गया तथा यह भी तय हुआ कि पूर्वोत्तर भारत में सक्रिय विद्रोही संगठनों को आश्वासित किया गया कि चीनी तथा पाकिस्तानी गुप्तचर एजेंसियों द्वारा थाईलैण्ड से होकर बांग्लादेश के रास्ते आधुनिक हथियारों की सप्लाई की जायेगी।

सीमा पर बाहरी देशों की निगरानी :

ज्ञातव्य है कि भारत नेपाल सीमा पर मदरसों और मस्जिद के निर्माण में पाकिस्तान और बांग्लादेश सीधे तौर पर सहायता कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त सउदी अरब, ईरान तथा कुवैत भी इस मामले में आर्थिक मददगार साबित हो रहे है, यही वजह है कि इन देशों ने अपने राष्ट्रीय बैंको को भी मदरसों के लिए आर्थिक सहायता देने की बात की है। बैकों के जरिए इन मदरसों को वित्तीय सहायता पहुंचाने में साउदी अरब का ''इस्लामिक डेवलपमेंट बैंक'' और पाकिस्तान का ''हबीब बैंक'' ज्यादा सक्रिय है। वैसे भी पाकिस्तान का हबीब बैंक नेपाल के हिमालयन बैंक का साझेदार बन गया है। यद्यपि इन दोनों देशों ने इसे एक व्यावसायिक करार माना, परन्तु भारत इस करार को अन्य दृष्टि से देखता है। नेपाल बिहार सीमा के कई गांवों में जो मदरसे बन रहे हैं। उनमें बिहार के कई सांसदों और विधायकों का सीधा हाथ भी माना जा रहा है, जो नेपाल के जरिए आई0एस0आई0 इन मदरसों को भरपूर आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। गृह मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत नेपाल सीमा पर मदरसों की संख्या में भारी बढ़ोतरी हो रही है। आई0एस0आई0 ने राज्य के 9 जनपदों की 800 किमी लम्बी सीमा पर भारी संख्या में मदरसों का निर्माण करवाया जो देश मे घृणा और आतंक फैलाने का कार्य कर रहे है। वर्तमान में राज्य के इन सीमान्त जनपदों में मुसलमानों की जनसंख्या वृद्धि 32.76 प्रतिशत की राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है कुछ जिलों मे मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि दर 50 प्रतिशत से भी अधिक है। भारत–नेपाल सीमा पर भारतीय क्षेत्र में 343 मस्जिदें, 330 मदरसे और 17 मस्जिद–मदरसे स्थापित हो चुके हैं, जबकि नेपाल क्षेत्र में 283 मस्जिदें, 181 मदरसें और 8 मस्जिद मदरसे भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल है[9] गृह मंत्रालय की सूचना के अनुसार मदरसों के लिए जो धन आ रहा है वह दान के रूप में कुछ सीमावर्ती क्षेत्रों से निर्यात होने वाले सामानों के बदले में आ रहा है। खाड़ी देश के शेख और आतंकी संगठन 50 रू0 का सामान 500 रूपये में खरीदकर इन मदरसों की सहायता करते हैं। इन मदरसों का काम केवल तालीम देना नहीं बल्कि मदरसें जेहाद पैदा कर आतंकवादी बनाने की पाठशाला बन कर रह गई है। जो आई0 एस0 आई0 की रीढ भी बनती जा रही है। इसी सन्दर्भ में पाकिस्तान की लाल मस्जिद जीता जागता उदाहरण है, आई0एस0आई0 को मालूम है कि रोजगार की कमी और प्रशासन की उदासीनता के चलते आतंकवाद एक आकर्षक विकल्प बन चुका है, इसीलिए युवाओं की भर्ती के लिए अब वह स्कूलों, कॉलेजों व मदरसों में अपनी पैठ बनाने लगी है।

स्मरणीय है कि पाकिस्तान सरकार ने इण्टर सर्विसेज इंटेलीजेंस (आई0एस0आई0) को पूरी छूट प्रदान की है कि वह भारत के अन्दर दंगा कराने अर्थव्यवस्था कमजोर करने और उग्रवादी तत्वों की अलगाववादी भावना भड़काने में कोई कमी न रखे। इन आतंकवादी गतिविधियों के लिए मस्जिद एवं मदरसें सबसे सुरक्षित स्थान होते हैं। भारतीय खुफिया एजेन्सियों का मानना है कि भारतीय सीमा पर मस्जिदों एवं मदरसों के निर्माण के पीछे पाकिस्तान की गुप्तचर संस्था आई0 एस0 आई0 का हाथ है। पिछले एक दशक में नेपाल में मुसलमानों की जनसंख्या तीन गुनी बढकर बीस लाख से अधिक हो गई है। यह जनसंख्या क्यों और कैसे बढ़ी इसका जवाब नेपाल सरकार के पास भी नहीं है। 13 जनवरी 2002 को ''एशियन ऐज'' की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आई0 एस0 आई0 नेपाल में इस्लामिक उग्रपंथी संगठनों की मदद कर रहा है आज भारत में उत्पात मचा रहे अनेक नक्सलवादी संगठन अलकायदा, लिट्टे और आई0एस0आई0 का माओवादियों से सम्बन्ध जगजाहिर है। इसके साथ ही आई0 एस0 आई0 का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सम्बन्ध देश के बिहार और उत्तर प्रदेश के नामी गिरामी कुछ राजनीतिज्ञों, अलगावादी संगठनों तथा अपराधी गिरोहों से भी है, जिनके सहयोग से अन्य सामान के साथ–साथ हथियारों की तश्करी के अलावा आई0 ए0 आई0 को बल मिल रहा है।

दक्षिण एशिया के लिए नेपाल का महत्व :–

नेपाल दुनिया के अल्पविकसित देशों में से एक है। 141577 वर्ग किमी क्षेत्रफल वाला नेपाल दुनिया के सबसे छोटे देशों में एक होने के बावजूद भी दक्षिण एशिया में इसका भू–राजनीतिक महत्व है क्योंकि इसकी सीमाएँ एशिया के दो सबसे बडे राष्ट्र चीन और भारत के साथ लगती है। चीन के साथ इसकी लगभग 1236 किमी तथा भारत के साथ 1751 किमी0 लम्बी सीमा रेखा है यही वजह है कि नेपाल, चीन एवं भारत दोनों के मध्य अपना एक विशेष स्थान रखता है। यद्यपि आज भी नेपाल में 53 प्रतिशत जनसंख्या गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करती है। गौरतलब है कि वर्ष 2004 से 2008 की अवधि का वैश्विक अर्थव्यवस्था की दृष्टि से ग्लोबल बूम ईयर माना जाता है। क्योंकि उस दौरान विकासशील देशों की औसत आर्थिक विकास दर सात फीसदी और यहां तक कि सब सहारा अफ्रीकी देशों की विकास दर 6 फीसदी रही जबकि इससे पहले के दो दशकों में इन देशों की विकास दर 2.4 फीसदी थी।[10] ग्लोबल बूम ईयर के दौरान इन देशों की आर्थिक विकास दर में गुणात्मक बढोत्तरी हुई लेकिन इस दौरान नेपाल की विकास दर कम रह गयी। वर्ष 2003 सें 2008 के दौरान नेपाल दक्षिण एशिया का एकमात्र देश था जिसकी आर्थिक विकास दर मे गिरावट दर्ज की गयी थी। इसकी वजह राजनीतिक अस्थिरता है जिससे उद्योग, व्यापार आदि में गिरावट आई लेकिन नेपाल की इस आर्थिक दुर्दशा की एक बड़ी वजह कृषि क्षेत्र में उसकी बदहाली भी रही है। नेपाल की अर्थव्यवस्था कृषि पर बेहतर निर्भर है। हाल के वर्षो में वहां कृषि क्षेत्र की स्थिति बेहद चिंताजनक रहीं है। वर्ष 2007–08 के दौरान सरकार का अनुमान था कि कृषि उत्पादन में 3.3 फीसदी बढोतरी होगी लेकिन यह बढोतरी महज 1.1 फीसदी ही रही है। अमेरिका की

प्रतिष्ठित फॉरेन पॉलिसी मैगजीन में 177 नाकारा देशों की सूची में नेपाल 25वें पायदान पर है, इस सूची में सोमालिया सबसे उपर है और पाकिस्तान 10वें स्थान पर है। इस सूची में भारत का 87वां स्थान है।[11] जहां तक नेपाल की बात है तो पिछले एक दशक से नेपाल की राजनीति काफी गरम और अस्थिर रही है। आज भी नेपाल में अस्थिरता का माहौल बना हुआ है। जिसका पूरा फायदा पाकिस्तान की आई0 एस0 आई0 उठा रही है। पाकिस्तान जहां एक ओर भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में आतंकवादी गतिविधियों को हवा दे रहा है वहीं दूसरी ओर नेपाल में आई0 एस0 आई0 को पूरी मदद प्रदान कर रहा है। भारत के सामने इस बात की चिन्ता है कि कहीं आई0 एस0 आई0 नेपाल की गरीबी, अशिक्षा तथा बेरोजगारी का फायदा उठाकर अपने माध्यम से बेरोजगार नवयुवकों, विशेषकर माओवादियों को जिनकों की अपना लक्ष्य प्राप्त हो चुका है को भारत विरोधी कार्यवाहियां करने के लिए प्रेरित कर सकता है। पाकिस्तानी आई0 एस0 आई0 जिस तरह विश्व में अपने नेटवर्क का विस्तार कर रही है। तथा नेपाल एवं बांग्लादेश से खुली चुनौती भारत को दे रही है यह चुनौती केवल आई0 एस0 आई0 द्वारा बाह्य देश से नहीं दे रही है बल्कि हमारे देश में भी उसने गहरी जडे जमा रखी है जिसमें नक्सलियों के अलावा कई भारतीय मुस्लिम संगठनों से इनके तार जुडे हुए हैं। नेपाल में यदि आई0 एस0 आई0 का अड्डा बना रहा तो भारती सुरक्षा पूर्ण रूप से खतरे में पड सकती है। ऐसे में नेपाल को अपनी भूमि पर आई0 एस0 आई0 की गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए और उसे अपनी भूमि से खदेड़ कर नेपाल से बाहर करना चाहिए, क्योंकि नेपाल कभी भी ऐसी आन्तरिक और बाह्य नीतियां अपना सकता है जो भारत की सुरक्षा हितों के लिए घातक हो सकता है।

सन्दर्भ

1. इण्डियन जनरल ऑफ नेपालीज स्टडीज, वॉल्यूम 3, 1992 पेज 32.
2. सुशीला त्यागी इण्डोनेपालीज रिलेशन पेज 18.
3. दैनिक जागरण 7 मार्च 2001.
4. इण्डियन जनरल ऑफ नेपालीज स्टडीज, 2009 पेज 27.
5. रक्षार्थ जून 2003 पेज 83.
6. गौरी शंकर राजहंस – हिन्दुस्तान, 16 दिसम्बर 2001.
7. रक्षा अनुसंधान 26 जनवरी 2010 पेज 35.
8. .....वही.....
9. सम्पूर्ण समाचार पाक्षिक प्रथम प्रवक्ता 1 मार्च 2002 पेज 11.
10. कूमार विजय– अमर उजाला 19 जुलाई 2010.
11. .....वही..... ।

भूमण्डलीकरण तथा भारत में उच्च शिक्षा की चुनौतियाँ

–डॉ0 ममता दीक्षित
असिस्टेंट प्रोफेसर (सीनियर ग्रेड)
शिक्षाशास्त्र विभाग
महिला महाविद्यालय, कानपुर

सम्पूर्ण पृथ्वी को स्थलमण्डल, जलमण्डल एवं वायुमण्डल में विभक्त कर सकते हैं। स्थलमण्डल को ही भूमण्डल कहा जाता है और इसी से भूमण्डलीकरण बना है जिसे अंग्रेजी में 'ग्लोबलाइजेशन' कहते हैं। यद्यपि हिन्दी के भूमण्डलीकरण में जलमण्डल एवं वायुमण्डल सम्मिलित नहीं है तथापि अंग्रेजी का ग्लोबलाइजेशन इन्हें सम्मिलित कर लेता है क्योंकि ग्लोब सम्पूर्ण पृथ्वी का प्रतीक है। मेरे मत में इन दोनो में अर्थ वैभिन्य है लेकिन इनकी भावना समान है। भूमण्डलीकरण की परिभाषा देते हुए कहा जा सकता है – ''भूमण्डलीकरण एक सापेक्ष तथा औपचारिक शब्द है जो प्रचलित दर्शन का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रगति एवं उपलब्धियों के पुंज को मानव एवं उसके सहजीवियों के लिए सुलभ कराने हेतु कृत संकल्पित है।''

शिक्षा और भूमण्डलीकरण दोनों व्यापक आधार वाले शब्द हैं जिनकी सापेक्ष तुलना कर पाना कठिन है। ''सम्पूर्ण पृथ्वी पर मानवजाति की समस्त उपलब्धियाँ शिक्षा का प्रसाद है, जिनका प्रसार उत्तम भूमण्डलीकरण का आधार है'' शैक्षिक भूमण्डलीकरण वर्तमान अथवा आधुनिक शिक्षा व्यवस्था से सम्बन्धित है। स्पष्टतः शिक्षा और भूमण्डलीकरण सहजीवी हे और एक दूसरे से प्रभावित होते हैं तथा एक दूसरे को प्रभावित करते हैं। शिक्षा को वैश्विक विकास का साधन बनाने के लिए राष्ट्र की प्राथमिकताओं को तय किया जाना आवश्यक है, क्योंकि विकसित, विकासशील तथा अविकसित देशों की प्राथमिकता में अन्तर होता है परन्तु निर्विवाद रूप से कहा जाये तो शिक्षा के द्वारा प्रेरित एवं प्राप्त विकास सर्वाधिक श्रेष्ठ होगा। शिक्षा और भूमण्डलीकरण मिलकर वैश्विक विकास को जन्म देते हैं।

आज जिस शिक्षा की बात की जाती है वह विज्ञान तथा वास्तविकताओं के अधिक निकट है। यह अनुभव एवं सूचनाओं का बन्डल बनती जा रही है। जो भूमण्डलीकरण की देन है। भूमण्डलीकरण के इस दौर में विशिष्ट ज्ञान एवं तथ्य ही वैश्विक प्रतियोगता में बने रह सकते हैं। यदि एक राष्ट्र द्वारा विकसित तकनीक अथवा प्रौद्योगिकी दूसरे राष्ट्र की तकनीक अथवा प्रौद्योगिकी से श्रेष्ठ हैं, तभी उसकी अन्य राष्ट्रों, में माँग होगी अन्यथा उसका भूमण्डलीकरण संभव नहीं हो सकेगा।

1991 से ही प्रमुख रूप से देश में भूमण्डलीकरण की नीतियां लागू की गयी हैं। इन्हीं परिस्थितियों के परिणामस्वरूप आज स्थितियां ऐसी हैं कि देश के हर तबके में यह महसूस किया जा रहा है कि हमारी उच्च शिक्षा हमारी आकांक्षा के अनुरूप नहीं है।

भारत में उच्च शिक्षा अंगद के पैर की तरह जम गयी है – ठोस, भारी और अचल। उसका समसामयिक जीवन के बदले हुए संदर्भों से बहुत कम सरोकार है। वह आज आने वाले कल की चुनौतियां स्वीकार नहीं करती, बल्कि अपने ढांचे को सुरक्षित रखने में तल्लीन है। यह जिस रोग से ग्रस्त है उसकी छानबीन अनेक आयोगों, समितियों, कार्य समूहों और अध्ययन दलों ने की है और उन्होंने कई भारी भरकम प्रतिवेदन प्रस्तुत किए हैं। पर अमल नाममात्र को हुआ। यदि आज किसी विश्वविद्यालय में वर्ष भर में अस्सी या नब्बे दिन शांतिपूर्वक पढ़ाई हो जाए तो उसे भाग्यशाली समझना चाहिए। इस अल्पावधि में कुछ नहीं होता। इस बात का संगठित प्रयास किया जाताहै कि श्रांत–क्लांत विद्यार्थियों केा ज्ञान की पुड़िया दे दी जाए, ताकि वे किसी तरह परीक्षा में उत्तीर्ण हो सकें। उच्च शिक्षा आज एक अनुष्ठान मात्र बन कर रह गयी जिसका न कोई अर्थ न प्रयोजन।

हमारे विश्वविद्यालयों में अंसतोष इतना व्यापक है और हिंसा के ऐसे आवधिक विस्फोट होते रहते हैं कि हम उन संकटों की ओर ध्यान नहीं दे पाते जो उच्च शिक्षा की आत्मा का हनन कर रहे हैं उदाहरण के लिए लक्ष्यों का ही संकट ले। राष्ट्र निर्माण और विकास में उसकी भूमिका के साथ केवल शाब्दिक खेल किया जा रहा है, और यदि उसे कहीं बढ़ावा मिलता भी है तो दबे स्वर में। यदि हम शिक्षा के लक्ष्यों के सम्बन्ध में राष्ट्रीय सहमति विकसित कर सकें और उनकी ओर अग्रसर होने के लिए आवश्यक शक्ति जुटा लें, तो हम विश्वास के संकट और सर्वत्र फैल रही विघटनकारी दोषदर्शिता का सामना करने में सफल हो सकेंगे।

प्रासंगिकता के प्रश्न की जितनी सूक्ष्म, जाँच होनी चाहिए थी, वह नहीं हुई और शायद इसी क्षेत्र में यह संकट सबसे अधिक गहरा है। प्रो0 दौलत सिंह कोठारी ने कहा है, ''विज्ञानाश्रित विश्व में किसी भी देश की समस्त विकासात्मक प्रक्रिया, उसके कल्याण प्रगति और सुरक्षा के लिए शिक्षा और अनुसंधान का भारी महत्व होता है'' आज यह समझना आवश्यक है कि संसार कितनी तेजी से बदल रहा है, किन्तु विश्वविद्यालयीन प्रणाली इस प्रकार की समझ विकसित करने में कोई सक्रिय सहयोग नहीं देती। हमारे देश में अनेक विश्वविद्यालय अपने कर्तव्य की पुरानी संकल्पनाओं से बंधे रहकर ही काम करते आ रहे हैं। हम यत्र तत्र किए गए कठिन परिश्रम या ठोस उपलब्धियों की चर्चा नहीं कर रहे। यदि हम शिक्षा की समग्र उपलब्धि की प्रासंगिकता के नाते छान–बीन न करें, तो हमारा परिश्रम व्यर्थ होगा।

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में जनसंख्या विस्फोट भी एक महत्वपूर्ण चुनौती है। ज्यों–ज्यों हमारा समाज तकनीकी दृष्टि से अधिक जटिल बनता जाएगा, हमारी प्रशिक्षित जनशक्ति

संबंधी आवश्यकताएँ बढ़ती जायेंगी और हमें अधिक उच्च शिक्षा संस्थाओं की आवश्यकता होगी, परन्तु हमारी असल आवश्यकता ऐसी प्रशिक्षित योग्यताओं की है जिनमें समस्याओं का समाधान करने की सशक्त क्षमताएँ हों। हमें ऐसे डिग्रीधारी समूहों की जरूरत नहीं है जिनका शिक्षा के एक या अधिक क्षेत्रों से अस्पष्ट और अपर्याप्त परिचय भर हो। उच्च शिक्षा प्राप्ति के अधिकार को लेकर हमारे यहाँ काफी भ्रान्तियाँ है। उच्च शिक्षा प्राप्ति का ''अधिकार'' जैसी कोई चीज नही है, यह तो एक ऐसा विशेषाधिकार है जिसे कठोर उपलब्धि–संबंद्ध मानदंड पर पूरा उतरने पर ही अर्जित किया जा सकता है। इस तथ्य को स्वीकार कर लेना सामान्यतः हमारे देश और विशेषतः हमारी शिक्षा प्रणाली के लिए हितकर होगा।

हमारी सर्वाधिक स्पष्ट असफलताएँ शैक्षिक नवाचारों के क्षेत्र में है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थाओं ने पूर्व स्थापित पद्धति में साहसपूर्ण परिवर्तन किए और उनसे यह आशा की कि वे रूढ़ पद्धतियों पर चल रहे विश्वविद्यालयों के लिए दिशा निर्धारक सिद्ध होंगे। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। ये संस्थान भी कष्टग्रस्त हैं और ऐसा लगता है कि वही पुरानी परिपाटी अपनाने की दिशा में अग्रसर हैं जो अपनी प्रतिष्ठा खो चुकी है। स्वायत्त कालेजों के बारे में कई समितियों में चर्चा की गई लेकिन उन पर अमल नाम मात्र को ही हुआ। अब तक बहुत थोड़े कालेजों को यह दर्जा मिला है। पाठ्यचर्चा में नम्यता की आवश्यकता है लेकिन हमारे विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम एक विशिष्ट पद्धति के बंदी बने हुए हैं, उनमें केवल समिति और रूढ़िगत विकल्प ही सम्भव हैं। सेमेस्टर पद्धति जिसे हमारी शिक्षा प्रणाली की सभी बुराईयों को दूर करने के लिए रामबाण समझा जाता है, सर्वथा निष्फल सिद्ध हुई हैं। परीक्षा पद्धति में सुधार को लेकर खासी बहसें हुई हैं लेकिन सुधार आज तक नहीं हो पाया। मूल्यों और प्रतिबद्धता जैसे संवेदनशील विषयों पर भी विचार किया जाना अत्यन्त आवश्यक है भारत में उच्च शिक्षा के लोकतंत्र, समता, सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्ष सम्बन्धी मूल्यों को अपनाना और उन्हें आगे बढ़ाना होगा।

इस प्रकार भूमण्डलीकरण के दौर में हमें गम्भीरता से विचार करना है कि उच्च शिक्षा का आयोजन किस तरह किया जाए। हमें उच्च शिक्षा को और अधिक गिरावट से रोकना है, तो उच्च शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन करने होंगे। ऐसी शैक्षिक प्रक्रिया का नियोजन करना है जिसके द्वारा नई पीढ़ी में मानवीय विशिष्टताओं का प्रस्फुटन हो, वैज्ञानिक चिंतन प्रणाली का विकास हो तथा प्रबुद्ध वैज्ञानिक, समर्पित नागरिक और संवेदनशील मानव का निर्माण कर सकना शिक्षा की महान उपलब्धि होगी। इस प्रकार उच्च शिक्षा नियोजन में बहुत सारे कारगार तत्व ठोस सार भाग का निर्माण करते दिखायी देते हैं। इनमें प्रमुख है – शैक्षणिक नियोजन, जनशक्ति, नियोजन, शिक्षा का सन्तुलन, क्षेत्रीय प्रसार, जनचेतना उत्पन्न करे पढ़े लिखे समाज का निर्माण करना, रोजगार की पर्याप्तता, शिक्षकों को उचित सम्मान व मानवीय मूल्यों का विकास, नौकरी को डिग्री से मुक्त करना, प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की अभिवृत्ति

व अभिप्रेरणा की जाँच करना, शैक्षणिक प्रणाली का विकेन्द्रीकरण अधिकाधिक कालेजों को स्वायत्ता प्रदान करना आदि।

अंत में यह कह सकते हैं कि वैश्वीकरण की व्यवस्था ने उच्च शिक्षा को जिस स्वरूप में लाने की कोशिश की है, वह अत्यंत ही विचित्र स्थिति पैदा करती है, क्योंकि किसी भी प्रकार के विकास करने के लिए शिक्षा का अत्यंत ही महत्वपूर्ण स्थान होता है और उसमें भी बुनियादी और मूल्यपरक शिक्षा का होना नितान्त आवश्यक है। इन अवधारणाओं की स्पष्टता तभी सुनिश्चित की जा सकती है जबकि शिक्षा भूमण्डलीकरण के तमाम नियमों से बाधित न हो।

संदर्भ

1. Challenges of Education : A Policy Perspectives, Ministry of Education, 1985, New Delhi.
2. Kochhar, S.K. Pivotal Issues in Indian Education, Sterling Publishers Pvt. Ltd., New Delhi, 1981
3. Mohanty, J., Dynamics of Higher Education in India, Deep and Deep Publications, New Delhi, 1993.
4. Mohanty, J., Modern Trends in Indian Education, Deep and Deep Pyublications, New Delhi. 1989.
5. UGC Annual Report, 2000-2001
6. Philip G Altabach, Higher Education and WTO : Globalization Run Amok, Chronicle of High Education.
7. Open Doors 2004, Report on International Educational Exchange, Institute of International Education.
8. Guy Neave, "The Dark side", Globalization : Threat, Opportunity or Both Report presented to the IAU Administrative Board Meeting at its Mexico City meeting in November, 2001.

प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में कुछ ऐसी घड़ियाँ आती हैं, जिन पर भाग्य का बनना और बिगड़ना, निर्भर रहता है। यदि मन में जरा भी हिचकिचाता अथवा आलस्य आया तो सब कुछ नष्ट हो जाता है।

धार्मिक हठधर्मिता द्वारा आतंकवाद का पोषण

(भारत की आन्तरिक सुरक्षा के विशेष संदर्भ में)

डॉ0 (मेजर) इन्द्रजीत सिंह
रीडर एवं अध्यक्ष
सैन्य अध्ययन विभाग
पी.पी.एन. महाविद्यालय, कानपुर

डॉ. कुलदीप भारद्वाज
सैन्य अध्ययन विभाग
पी.पी.एन. महाविद्यालय
कानपुर

स्वहित की कामना प्रत्येक काल में प्रत्येक व्यक्ति की ही नहीं वरन् प्रत्येक समाज तथा राष्ट्र की कार्यशैली की प्रेरणा स्रोत रही है, यही कारण है कि एक राष्ट्र अपने प्रतिद्वन्द्वी राष्ट्र को सदैव असुरक्षित करने, उसके विकास की गति तथा शान्तिपूर्ण जीवन के आधार को छिन्न–भिन्न करने का प्रयास विभिन्न माध्यमों से करता रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज प्रतिद्वन्द्वी राष्ट्र के अन्दर 'आतंकवाद को बढ़ावा देने की नीति' एक कारगर माध्यम के रूप में अपनायी जा रही है। फलतः विश्व के सभी राष्ट्र न्यूनाधिक्य रूप में आतंकवाद की समस्या से ग्रसित हैं।

भारत जैसे विकासशील राष्ट्र के लिए आतंकवाद का दंश झेलना मानो तकदीर ही बन गया है। पड़ोसी राष्ट्रों द्वारा प्रायोजित आतंकवाद का सिर्फ एक मात्र उद्देश्य विश्व में तीव्रगति से बढ़ती हुई भारतीय शक्ति को क्षीण करना ही है, ताकि वह अपना सम्पूर्ण ध्यान विकास की तरफ न लगा सके और अपने आपसी संघर्षों से ही जूझता रहे। जहाँ विश्व के अधिकाशं राष्ट्र आतंकवाद की गतिशीलता के कारण भयग्रस्त है, वही भारत भी इससे अछूता नही है। ''भारत ने आतंकवाद के कारण वाह्य सुरक्षा की ही चिन्ता नही की है, बल्कि अपने बहुआयामी चरित्र के कारण उसको सबसे अधिक चिन्ता आन्तरिक सुरक्षा की है।''[1] आतंकवाद के बढ़ते प्रभाव के कारण ही भारत को अपनी आन्तरिक सुरक्षा के लिए 'धार्मिक हठधर्मिता' की प्रबल चुनौतियों का सामना करना पड़ता रहता है, जिसके कारण भारत की आन्तरिक सामाजिक समरसता खतरे में पड़ गयी हैं जो भारतीय आन्तरिक सुरक्षा की सबसे बड़ी चुनौती है।

आतंकवाद क्या है? इस पर प्रकाश डालना यहाँ समीचीन प्रतीत होता है। आतंकवाद कोई दार्शनिक सिद्धान्त नहीं है, यह एक साधन है, जिसमें दिखाने के लिये किसी सामाजिक या राजनीतिक परिवर्तन की मनोवृत्ति का प्रसार तथा प्रचार किया जाता है। यह एक हिंसक नीति है, जिसमें अव्याख्येय हिंसा के माध्यम से समाज में आतंक फैलाया जाता है। अन्तर्राष्ट्रीय राजनय की शब्दावली में आतंकवाद सम्भवतः वह नवीन शब्द है जिसने विश्व

धरातल पर सभी का ध्यान आकृष्ट किया है। विश्व भर के बहुतायत राष्ट्रों के नीति नियामक और राजनीतिक व्यक्तित्व आये दिन आतंकवादी खतरे की ओर तथा इसके विरूद्ध कठोरतम कदम उठाने की चर्चा करते रहते हैं फिर भी आतंकवाद की सर्वव्यापी और सर्वस्वीकृत परिभाषा आज तक नहीं ढूँढी जा सकी, क्योंकि विश्लेषक इस विषय में अपनी अवधारणा में अपने मूल्यों एवं हितों से प्रभावित होते हैं।

विषय के विश्लेषकों और अन्तर्राष्ट्रीय कन्वेंशनों द्वारा आतंकवाद की अवधारणा को व्याख्यायित करने के जो प्रयास किये गये हैं, वे इस प्रकार हैं – चैम्बर्स के अनुसार – ''आतंकवाद भय का एक संगठित तरीका है।'' प्रो. आर.पी. साहनी के अनुसार – ''आतंकवाद वह हिंसापूर्ण नाटक है, जो ऐसी मांग या उद्देश्य के प्रति लोगों या जनता का ध्यान आकृष्ट करने के लिये रचा जाता है जो पूरे न हो रहे हों अथवा जिन्हें पूरा करने में दिक्कत हो रही हो, इसका उद्देश्य प्रचार करना ही होता है।'' आक्सफोर्ड के अनुसार – ''राजनैतिक उद्देश्य के लिये हिंसा व भय का प्रयोग ही आतंकवाद है। निष्कर्ष यह है कि आतंकवाद को चाहे जिन शब्दों की सीमाओं में बांध कर परिभाषित किया जाये परन्तु इसके मूल में भय, असुरक्षा तथा विनाश ही निहित है। आतंकवाद के लक्ष्य के अन्तर्गत सत्ता के उच्च केन्द्र में आसीन शासकों से लेकर जन सामान्य तक होते हैं तथा राष्ट्र की सार्वजनिक सम्पत्ति से लेकर निजी सम्पत्ति तक इसके विनाश की बलिवेदी पर भेंट चढ़ती है। निःसन्देह इससे राष्ट्र की आर्थिक प्रगति के साथ–साथ उसकी सुरक्षा भी प्रभावित होती है। आज विश्व के बहुत से देशों में राष्ट्रीय विश्वविद्यालय खोले गये हैं ताकि सम्भावित दुश्मन से एक कदम आगे रहा जाय। दुर्भाग्य से इस देश में यह सोच अभी भी विकसित होनी है कि राष्ट्रीय सुरक्षा वर्दीधारी सैनिकों और गैर–सैनिकों की कोई सामान्य सी नौकरशाही प्रबन्ध की क्रिया नहीं है, बल्कि आज इसके लिये उच्चस्तरीय बुद्धिजीवी योगदान की भी जरूरत है।''[2]

यह सर्वविदित है कि मानव–कल्याण शांति और सद्भाव में ही निहित है। यदि इन भावनाओं का नाश और अनादर कर हम विपरीत दिशा में बढ़ेंगे तो मानव–कल्याण की बजाय विनाश होगा। किसी भी धर्म या पंथ से संबंधित ज्ञानी, संत, ऋषि, सूफी, धर्मगुरू आदि हों, उन्होंने ईश्वरीय संदेश तो दिए पर उसके साथ–साथ मानव कल्याण की भावनाओं को केन्द्र में रखकर सत्य, अहिंसा और शांति का पाठ भी पढ़ाया। यह सत्य ही है कि, ''विभिन्न धर्मों में हिंसा को अच्छा नहीं माना गया है। अगर कहीं–कहीं हिंसा की वकालत की भी गयी है तो वह बुराई पर अच्छाई को विजय दिलाने हेतु, कमजोर का साथ देने के लिए या फिर धर्म के बचाव के लिए।''[3]

आज सम्पूर्ण विश्व बढती हुई धार्मिक हठधर्मिता की प्रवृत्ति एवं भावनाओं को रोकने के

लिए चिंतित है। जिन धर्मों और पंथों को हमारा मार्गदर्शन करना चाहिए, वहीं धर्म और धर्म के ठेकेदार इस काम में सबसे ज्यादा मुश्किलें पैदा कर रहे हैं। यह बड़ा भारी प्रश्न है – आखिर ऐसा क्यों? धर्म को तो रक्षक होना चाहिए, न कि भक्षक। धर्मों की तह में जायें तो वह रक्षक ही हैं, परन्तु कतिपय फिरकापरस्त ताकतों के द्वारा जान–बूझकर ऐसा जामा पहनाया जा रहा है ताकि लोगों में आपस में प्रेम की बजाय घृणा का संचार हो।

आज विभिन्न धर्मों में एक तीखी स्पर्द्धा प्रारम्भ हो चुकी हे, और इसके लिए जिम्मेदार हैं वे चंद लोग जो अपने को धर्म–विशेष का मसीहा बताकर दूसरे के अस्तित्व को स्वीकार करने से कतराते हैं। साथ ही आम नागरिक को गुमराह करते हैं जिनके पास धर्म–पीठों का स्वामित्व है, वो इसे छोड़कर अपनी स्थिति ओर स्थान के साथ कोई समझौता नहीं करना चाहते, फलतः आम आदमी को बेवकूफ बनाना आवश्यक है।

''आम धर्मावलम्बी और कट्टरपंथी में हम जब तक भेद नहीं कर पाते, तब तक आतंकवाद से धर्म के रिश्तों की व्याख्या मुश्किल है। आम आदमी चाहे वह किसी देश, जाति, धर्म से सम्बन्ध रखता हो और कितना ही आधुनिक, प्रगतिशील और वैज्ञानिक सोच रखता हो, वह किसी ने किसी रूप में ईश्वर और ईश्वरीय शक्ति को अवश्य स्वीकार करता है। वह अनैतिक और गलत काम से डरता है और मुश्किल समय में उस शक्ति की शरण में जाना चाहता है जिसे उसने कभी नहीं देखा और इन मामलों में वह संवेदनशील होता है। वह मृत्यु और उसके उपरान्त के समय की कल्पना करता है और डरता भी है। अपने से ज्यादा किसी अदृश्य शक्ति को वह स्वीकार करता है तथा अपने–अपने ढंग से उसकी पूजा–अर्चना, नमाज, प्रेयर आदि करता है। आम आदमी का धर्म इन्हीं अदृश्य शक्तियों और मानव–निर्मित विधि–विधानों एवं पूजा–पाठ तक सीमित है। वह पुराने धर्म–ग्रन्थों पर भी अपना विश्वास रखता है।'' [4]

इन सबके विपरीत एक वह वर्ग है जो स्वयं का घोषित किया हुआ (स्वयंभू) धर्मों का संचालक और ठेकेदार है। यह वर्ग पहले बहुसंख्यक वर्ग की तुलना में हर धर्म में अल्पमत में मिल जायेगा पर वह बहुसंख्यक अनुयायियों का मार्गदर्शक होता है। यह वर्ग आम तौर पर आम आदमी की तुलना में बहुत ज्यादा धार्मिक कट्टपंथी होता है। इस वर्ग का व्यक्ति अपने धर्म को दूसरे धर्मों से श्रेष्ठ मानता है, दूसरे धर्मों की खामियाँ निकालता है, अपने धर्म के प्रचार के लिए नैतिक–अनैतिक सभी तरीके अपनाता है। यह किसी तंत्र विशेष में विश्वास न कर सारी दुनिया को अपने धार्मिक रंग में देखना चाहता है। राजनैतिक मामले हों या आर्थिक, सामाजिक समस्याएँ हों या धार्मिक वह उनसे अपने आपको जोड़कर जनहित की परवाह किए बगैर धर्म–हित की गुहार लगाता है। जब ऊपर के सभी क्षेत्रों मे वह पिछड़ता हुआ महसूस

करने लगता है तो धर्मयुद्ध और जिहाद की बातें करता है।'' [5]

धार्मिक हठधर्मिता एवं आतंकवाद का सहसम्बन्ध :

पॉल ए. जुर्राडिनी के अनुसार "Fundamentalist terrorism is a by Product of both reaction and resurgence".[6]

धार्मिक हठधर्मिता विश्व समुदाय के लिए कोई नयी बात नहीं है। जिहाद, क्रुसेड्स और धर्मयुद्ध हजारों वर्ष पहले भी लड़े गये। धर्म एक ऐसे चुम्बक की तरह है जिससे कोई भी व्यक्ति चाहे वह पढ़ा–लिखा हो या अनपढ़, गाँव का हो या शहर का, जवान या बूढ़ा, अनायास ही जुड़ जाता है। यह बात एक ऐसा सच है जिसे किसी क्षेत्र या राष्ट्र विशेष की सीमाओं में बाँधना बेमानी होगी।

आज की आतंकवादी हिंसा को जो नये आयाम मिले हैं, वे धार्मिक हठधर्मिता से मिले हैं और यह कहना गलत नहीं होगा कि आज के आतंकवादी का स्वरूप सबसे ज्यादा खतरनाक और भयानक इसी कारण से है। कुछ धर्म ऐसे हैं – जिनका फैलाव सम्पूर्ण विश्व में कायम है। उनके अनुयायियों में कुछ–न–कुछ ऐसा प्रतिशत निकल ही आता है जो सक्रिय रूप से इस तरह के आतंकवाद को मदद भले ही न दे रहा हो, पर उसकी सहानुभूति इसके साथ होती है। ऐसे लोगों को मूल समस्या से कुछ लेना–देना नहीं होता और वह धर्म के नाम पर आतंकवादियों के भ्रामक प्रचार से कुप्रभावित हो जाते हैं और उन्हें हर सम्भव मदद भी देने लगते हैं।

आतंकवाद की उत्पत्ति और इतिहास में ही हम देख चुके हैं कि वास्तव में आतंकवाद पैदा ही धार्मिक कारणों से हुआ है। इतिहास गवाह है कि आतंकवाद की नींव में धर्म की ही ईंटें लगी हैं। आतंकवाद जब अपने बाल रूप में था तो उसका सम्बन्ध धर्म से स्थापित हो चुका था, तब से आज तक कई हजार युद्ध धर्म के नाम पर ही हो चुके हैं। ''कट्टरपंथ ऐसा धार्मिक जुनून है जिसमें सारी तार्किक शक्तियों को ताक में रखकर चंद कुछ लोग इसका दुरुपयोग कर रहे हैं और षडयन्त्र में पिस रहा है। आम आदमी और इसका खामियाजा उठा रही है पूरी मानव जाति।''[7]

भारत में धार्मिक हठधर्मिता का उदय :

संविधान द्वारा भारत को एक धर्म निरपेक्ष राज्य घोषित किया गया हैं धर्म निरपेक्षता का आशय है सर्वधर्म सम्भाव और नागरिकों का सभी धर्मों के प्रति सद्भाव। धर्म निरपेक्षता व्यक्तियों को अपने विश्वास के अनुसार धार्मिक आचरण की स्वतन्त्रता प्रदान करती है, लेकिन साथ ही इस बात पर बल देती है कि व्यक्ति न केवल अपने धर्म वरन् अन्य धर्मों के

प्रति भी सम्मान का भाव बनाये रखे, अपना धार्मिक आचरण इस प्रकार सम्पन्न करे कि अन्य धर्मों के अनुयायियों के धार्मिक आचरण अथवा उनकी धार्मिक मान्यताओं को कोई आघात न पहुँचे। लेकिन पिछले लगभग डेढ़ दशक में भारत के सभी धर्मों ने धर्मनिरपेक्षता के भाव को दरकिनार कर कुछ कम या अधिक मात्रा में धार्मिक हठधर्मिता के भाव को अपना लिया है, अन्तर केवल यह है कि किसी धर्म के अनुयायियों ने कम अंशों में और किसी धर्म के अनुयायियों ने अधिक अंशों में इस भाव को अपनाया हैं ''एक दूसरा अन्तर यह है कि किसी धर्म के अनुयायियों के एक बड़े भाग ने और किसी धर्म के अनुयायियों के छोटे भाग ने हठधर्मिता के भाव को अपनाया है। व्यवहार में देखा गया है कि जो धार्मिक समुदाय जितनी अधिक सीमा तक अशिक्षा और आर्थिक पिछड़ेपन से पीड़ित है, उतनी ही अधिक सीमा तक वह धार्मिक हठधर्मिता से ग्रसित है। हठधर्मिता का यह भाव क्रिया–प्रतिक्रिया के रूप में अपनाया गया है।''[8]

भारत में धार्मिक हठधर्मिता की दिशा में किस धर्म के अनुयायियों ने सबसे पहले यात्रा प्रारम्भ की, कुछ कह पाना कठिन हो जाता है। इस प्रश्न पर वैचारिक मतभेद होना नितान्त होना स्वाभाविक है, लेकिन यह तथ्य भी सत्य है कि इस्लाम धर्म के अनुयायी अन्य किसी भी धर्म की तुलना में अशिक्षा और आर्थिक पिछड़ेपन से अधिक पीड़ित है और मस्जिदों की मीनारों पर से आदेश देने वाले कट्टरपंथी नेतृत्व उन पर हावी है। यह नेतृत्व मुसलमानों को आधुनिकता और उदार धार्मिक भावों को अपनाने से रोकता है। कुरान की आयतें अवश्य ही पढ़ी जानी चाहिए, लेकिन यह कट्टरपंथी नेतृत्व सामान्यतया इस विचार पर बदल देता है कि कुरान की आयतें और 'मदरसी शिक्षा' के दो पाठ ही शिक्षा की इतिश्री हैं। भारत में इस्लामी कट्टरपंथी ऐसे भयंकर खतरे में रूप में उभरे हैं, जो देश के विघटन और अलगाव के लिए लगातार प्रयत्नशील है जिसका फायदा हमारा पड़ोसी राष्ट्र शुरू से उठाता चला आ रहा है।

''भारतीय गृह मंत्रालय की जनवरी 2000 की एक रिपोर्ट – जो यू.एन.आई. के माध्यम से समाचार–पत्रों में प्रकाशित हुई – के अनुसार पाकिस्तान की गुप्तचर संस्था इंटर सर्विसेज इंटेलीजेंस (I.S.I.) ने भारत में घोर अस्थिरता पैदा करने हेतु आतंकवादी संगठनों एवं भाड़े के आतंकवादियों के ऐसे स्वयंसेवी तैयार किए हैं जो बिना प्रश्न पूछे धर्म के नाम पर आत्मघाती हमला करते हैं जिनका उद्देश्य भारत में साम्प्रदायिक सद्भाव एवं आन्तरिक सुरक्षा को छिन्न–भिन्न करना ही है।''[9] यह स्पष्ट है कि ज्यों–ज्यों कट्टरपंथी किसी भी प्रांत में बहुसंख्यक होंगे, वे स्वायत्ता अथवा 'आजादी' की मांग करेंगे जैसा कि कश्मीर से स्पष्ट है। ''कट्टरपंथी पिछड़े और गरीब सामाजिक वर्ग में सहज ही इस्लाम का नाम लेकर आतंकियों को प्रविष्ट कराते हैं। गुजरात का गोधरा कांड कुछ ऐसे ही हुआ, जिसमें आतंकवादी स्थानीय

धर्मानुयायियों से जा मिले। इसी प्रकार भारतीय संसद पर हुए हमले में भाग लेने वाले आतंकवादी बाहर के थे, लेकिन दिल्ली के कट्टरपंथियों ने उन्हें अपने घरों में आश्रय दिया। कट्टरपंथी भारत में धार्मिक वैमनस्य का जहर फैला रहे हैं। प्रतिक्रियास्वरूप बहुसंख्यकों के भी कट्टरपंथी संगठन बने हैं और उनके तेवर भी उग्र हुए।''[10]

इस प्रकार हम देखते हैं कि इक्कीसवीं सदी में भी इस देश की स्थिति यह है कि मुसलमान, हिन्दू, सिक्ख और ईसाई इनमें से कोई भी समुदाय धार्मिक हठधर्मिता से अछूता नहीं रहा है। जिस कारण इस देश की राष्ट्रीय सुरक्षा पर आन्तरिक खतरा सदैव बढ़ता जा रहा है। अतः इस गम्भीर समस्या का समाधान ढूँढ कर उसे खत्म कर काफी हद तक भारत में आतंकवाद को समाप्त किया जा सकता है। धार्मिक हठधर्मिता को दूर करने की दिशा में सुझाव निम्नवत् है :–

धार्मिक हठधर्मिता को नियंत्रित करने के प्रभावी सुझाव :–

धार्मिक हठधर्मिता मानवता के लिए गम्भीर अभिशाप है और भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष देश में तो यह और भी घातक है। धार्मिक हठधर्मिता को दूर करने के लिए कुछ सुझाव निम्नलिखित हैं :–

1. देश की सरकार को सदैव ही इस प्रकार के कानूनों का निर्माण करना चाहिए जो कि राष्ट्र के प्रत्येक व्यक्ति पर समान रूप से लागू हो और उसको मानने मे किसी को कोई कठिनाई न हो।
2. सरकार को सदैव ही इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि उसके द्वारा ऐसा कोई भी कार्य न होने पाये, जिसके कारण देश में धार्मिक हठधर्मिता को प्रोत्साहन मिले।
3. सार्वजनिक जीवन के किसी भी क्षेत्र में बहुमत के आधार पर कोई प्रवृत्ति पैदा न की जाय। सारा कार्य ऐसे ढंग से हो कि अल्पसंख्यकों को अपने अल्पसंख्यक होने का भान ही न रहे।
4. भारत में विभिन्न समयों पर अनेक सम्प्रदाय सरकार में अपनी विशेष भागीदारी की माँग करते हैं। सरकार द्वारा इन सबके इस प्रस्ताव को केवल साम्प्रदायिकता के आधार पर ठुकरा देना चाहिए और उन्हें 'एक राष्ट्र' का सबक देना चाहिए क्योंकि इस प्रकार की हरकत से धार्मिक हठधर्मिता को बढ़ावा प्राप्त होगा।
5. देश में सर्वत्र इस भावना को प्रोत्साहन दिया जाय कि सब धर्मों के लोगों को मिल जुलकर रोज सार्वजनिक अथवा व्यक्तिगत स्थानों पर सर्वधर्म प्रार्थना कर राष्ट्रीय एकता को सुरक्षित रखने हेतु वातावरण बनाया जाना चाहिए।

6. शिक्षा में नैतिक या आध्यात्मिक मूल्यों का समावेश किया जाये। भारत एक धर्मनिरपेक्ष राज्य है, इस कारण किसी धर्म–विशेष से जुड़ी हुई शिक्षा को अनुचित समझा जा सकता है, लेकिन नैतिक या आध्यात्मिक मूल्यों की शिक्षा धर्मनिरपेक्ष राज्य में बहुत अधिक आवश्यक है। अतः इसकी व्यवस्था की जानी चाहिए।

7. हिन्दू, मुसलमान, सिक्ख और ईसाई भारत के चार प्रमुख सम्प्रदाय हैं। धार्मिक कट्टरता तथा आतंकवाद को देश में नियन्त्रित करने का सबसे प्रमुख उपाय यही हो सकता है कि इन सम्प्रदायों में राष्ट्रीय स्तर और प्रादेशिक स्तर पर उदारवादी नेतृत्व को विकसित किया जाय। सभी स्तरों पर नये नेता युवा व आधुनिक होने चाहिए 'जो कि नयी सोच, नयी विचारधारा के साथ राष्ट्रीय एकता को नयी दिशा प्रदान करें।

8. हठधर्मिता का एक बहुत प्रमुख कारण दलीय राजनीति और चुनावी राजनीति है। आवश्कता इस बात की है कि राजनीतिक दल व्यापक दृष्टिकोण अपनावें और चुनावी राजनीति को एक साधन के रूप में धार्मिक दृष्टिकोण न अपनाया जाये। साथ ही उन राजनीतिक दलों पर तत्काल प्रतिबन्ध लगा देना चाहिए जो साम्प्रदायिकता एवं कट्टरता की बैसाखी पर अपनी राजनीति कर रहे हैं।

9. धार्मिक हठधर्मिता और आतंकवाद के विरूद्ध संघर्ष में प्रेस और जन संचार के अन्य साधन बहुत अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। आवश्यकता इस बात की है कि विविध सम्प्रदायों को एक–दूसरे के साथ जोड़ने वाले तत्वों को उभारा जाय। अनेक परिस्थितियों में इतिहास की गलत व्याख्याओं से उपजी संकीर्ण सामूहिक मानसिकता ही धार्मिक हठधर्मिता का रूप ले लेती है। अतः हमें इतिहास की उन कड़ी स्मृतियों को भुला देना होगा, जो विविध सम्प्रदायों को एक–दूसरे का विरोध करने के लिए प्रेरित करती हैं। धार्मिक हठधर्मिता को नियन्त्रित करने का एक प्रभावी उपाय यह भी हो सकता है, कि सभी धर्मों के बीच समानताओं की खोज की जाय।

10. राष्ट्र की विडम्बना यह है कि देश की लगभग 50 प्रतिशत आबादी गरीबी की सीमा रेखा के नीचे या समीप रहकर अपना जीवन व्यतीत कर रही है, लेकिन देश पूरी शक्ति के साथ आर्थिक विकास के मार्ग पर आगे बढ़ने के बजाय धार्मिक हठधर्मिता साम्प्रदायिकता और आतंकवाद का शिकार हो रहा है। इन तीनों पर नियन्त्रण का उपाय यही हो सकता है कि आर्थिक विकास और आर्थिक विकास के वांछित मार्ग तैयार करने पर राष्ट्रीय बहस छिड़े जिससे आर्थिक विकास के प्रश्न भारतीय जनमानस के मन–मस्तिष्क पर ऐसे घने रूप में छा जायें कि प्रत्येक व्यक्ति अपने धर्म और सम्प्रदाय को लगभग भुला बैठे जिससे राष्ट्र प्रगति के पथ पर शान्तिपूर्ण अग्रसर हो सके।

उपर्युक्त विश्लेषण के आधार पर हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि भारत की आन्तरिक सुरक्षा के संदर्भ में आतंकवाद की स्थिति बहुत ही भयावह है, जो मानव–मूल्यों, मानव–अधिकारों और कानून–व्यवस्था के शासन में आस्था रखता है। अतः हम सभी को यह स्वीकार करना चाहिए कि भारत एक धर्म निरपेक्ष राष्ट्र है, जहाँ पर सभी को मौलिक अधिकार प्राप्त है, यहाँ किसी भी धर्म का नागरिक विकास की चरम सीमाओं को छू सकता है, कोई भी व्यवसाय अपना सकता है और किसी भी पद पर आसीन हो सकता है। ऐसी धर्मनिपरेक्षता विश्व के शायद ही किसी देश में हो। ये सारी खासियत इसकी विविधतायें ही हैं। अतः आवश्यकता है कि हम धार्मिक हठधर्मिता को त्यागें, विदेशों की नकल न करें और षडयन्त्र के शिकार न बनें। आतंकवाद अपने आप में मानव शांति का दुश्मन है। हम धार्मिक हठधर्मिता को सहयोगी बनाकर ऐसे उन्मादी दानव को शक्ति प्रदान कर रहे हैं जिसका संहार करने के लिए हमें सारी मानव जाति को ही न्योछावर करना पड़ेगा। आज धार्मिक अस्मिता से ज्यादा ऐसी साझी अस्मिता की आवश्यकता है जिसमें मानव–मूल्य, राष्ट्र सेवा सर्वोपरि हो और बाकी सब बाद में।

सन्दर्भ सूची

1. आतंकवाद और भारतीय समाज, डॉ0 अम्बरीश राय, परयिता, शोधपत्रिका, जुलाई 2008 पृ0–41
2. के. सुब्रमणियम, सैनिक समाचार 1–15 फरवरी 2001, पृ.सं. 10
3. दैनिक जागरण, 1 अगस्त 2007
4. मनोहर लाल बाथम/शिवचरण विश्वकर्मा, आतंकवाद चुनौती और संघर्श, पृ0 सं. 132
5. वही, पृ0 सं. 133
6. वही, पृ.सं. 103
7. अमर उजाला, साप्ताहिकी, धार्मिक आतंकवाद
8. डॉ. पुखराज जैन, राजनीति विज्ञान, पृ.सं. 344
9. वीरेन्द्र कुमार गौड़, विश्व में आतंकवाद, पृ.सं. 220
10. वही, पृ.सं. 293

पाकिस्तान की आन्तरिक सुरक्षा एवं आतंकवाद

–डॉ0 अशोक कुमार तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर
रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन विभाग
वी.एस.एस.डी. कालेज, कानुपर

भारत–पाकिस्तान दो अलग–अलग विचार धाराओ के राष्ट्र है, एक ओर भारत जहाँ **सर्वे भवन्तु सुखिनः तथा वसुधैव कुटुम्बकम** की आदर्श भावना को अपनाकर धर्म निरपेक्षता की नीति का अनुगामी है वही दूसरी ओर पाकिस्तान मजहबी कट्टरवादी कोख से जन्म लेकर एक इस्लामिक राज्य हैं।

पाकिस्तान विभिन्न समुदायों के करीब 17 करोड़ लोगों का देश है। इसकी आधी से ज्यादा जनसंख्या पंजाब देश के चार प्रांतों से एक से एक में रहती हैं। इस असंतुलन का क्षेत्रीय रोजगार कोटा व विकास पद्वतियों पर काफी गहरा प्रभाव है और यही कारण है कि पाकिस्तान में सामुदायिक हिसा या संघर्ष तेजी से बढ़ता जा रहा है।''[1] इस संघर्ष को और गहरा करने का कार्य देश के राजनैतिक तंत्र पर अपना प्रभुत्व रखने वाली सेना कर रही है।

पाकिस्तान मे 95 प्रतिशत से ज्यादा मुसलमान है। ''1947 ई0 से पहले यहाँ हिन्दू व सिख भी बहुत संख्या में थे लेकिन बँटवारे के समय अधिकतर ने पाकिस्तान छोड़ दिया, जो बच गए उन्हे मार दिया गया।''[2] आज यहाँ बहुत ही कम संख्या में इन समुदाय के लोग है।

पाकिस्तान में लोकतांत्रिक व सैन्य सरकारें एक के बाद एक सत्ता में रही है हालांकि जब सेना सत्ता से बाहर रही तो भी सरकार पर उसका प्रभाव रहा।

6,00,000 सैनिको सें ज्यादा के साथ पाकिस्तान के पास विश्व की 7 वीं सबसे बड़ी सेना है और इसके पास परमाणु क्षमता भी है। पाकिस्तान मुख्य तौर पर एक कृषि प्रधान देश है जिसकी करीब 65 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में रहती हैं इसके मुख्य उद्योगों में वस्त्र, चमड़ा व खाद्य प्रसंस्करण शामिल है ''पाकिस्तान की मुद्रा विनिमय दर 60.35 अमेरिकी डॉलर प्रति रूपया तथा जी0डी0 पी0(क्रय शक्ति) 437.5 विलियन डालर तथा जी0डी0पी0 (प्रति व्यक्ति) 2600 डॉलर है। जी0डी0पी0 (क्षेत्रवार) सेवा –53.4 प्रतिशत, उद्योग–27.2 प्रतिशत, कृषि – 19.4 प्रतिशत है।''[3]

पाकिस्तान को विश्व में आतंकवाद का स्रोत समझा जाता हैं मजहबी फिरको के आतंकवादी गुटों से लेकर, सर्व इस्लामी जिहादियों, आई0 एस0 आई0 और वहाँ की राज्य

सरकार की नीति आतंकवाद रूपी हथियार का प्रयोग करना है।

इस्लामी देश पाकिस्तान 1947 ई0 से ही जिहादी आतंकवाद का केन्द्र बना हुआ हैं इसका उद्देश्य न केवल भारत बल्कि विश्व के सभी गैर इस्लामी राज्यों को इस्लाम के नियंत्रण में लाना हैं

जानसेन के अनुसार–''धर्म और राजनीति इस्लामी सिक्के के दो पहलू है''[4] इसलिए पाकिस्तान की सभी राजनैतिक जिहादी, तबलीगी एवं मदरसों की गतिविधियाँ विभिन्न मजहबी संगठनों की आड़ में चलती है। सन् 1970 ई0 तक पाकिस्तान में केवल तीस धार्मिक संगठन थे,जो कि ज्यादा सक्रिय नहीं थें इनमें सात देवबन्दी, पाँच बरेलवी, चार अहले–हदीस और तीन शिया – वर्ग के थे। जमाते इस्लामी को गैर मजहबी समझा जाता था। 1979 ई0 में 'ईरानी क्रान्ति' और अफगानिस्तान युद्ध के बाद मजहबी सक्रियता बढ़ी तथा लगभग सभी मजहबी संगठन 1979–1990 ई0 के बीच तेजी से बढ़े।

जिहादियों की भरती के दो मुख्य स्रोत हैं–(1) मदरसे और स्कूल, (2) कालेज एवं विश्वद्यिालय, साठ प्रतिशत जिहादी युवक पढ़ाई में फेल होने व अन्य कारणों से स्कूल छोड़ने तथा परिवार में अनबन के फलस्वरूप घर से भागने वाले होते है। इसके अलावा पाकिस्तान युवक गरीबी, बेकारी जीवन से निराश तथा शान शौकत की जिन्दगी जीने की चाह, धार्मिक कट्टरता व जन्नत के प्रलोभनों के कारण जिहादी बन जाते है। फ्राइडे टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार– ''युवक बेकारी और गरीबी के कारण जिहादी बनते हैं। जिहाद के लिए करोड़ो का बजट रहता है।''[5] हालांकि हदीसो में युवतियों के लिए सक्रिय जिहादी की मनाही है मगर पाकिस्तान में युवतियाँ भी जिहाद मे भाग लेती हैं। पाकिस्तान में विभिन्न जेहादी संगठन युवकों को जिहाद के लिये भरती करने के लिये विभिन्न तरीके अपनाते है जैसे मस्जिदो मे जिहाद भड़काऊ भाषण देकर, मदरसों में तालिबानों को जिहाद के लिए उकसाना, जीवित रहने पर शान–शौकत की जिन्दगी और मर जाने पर जन्नत के प्रलोभनों को देकर, स्कूल, कालेज में विद्यार्थियों को जिहादी, पैम्फलेट, पत्र–पत्रिकाएँ छोटी पुस्तिकाएँ, मैग्जीन देकर जिहादी मेलों को आयोजित करके आदि।

जिहादियों को जिहाद के लिए भेजने से पहले विधिवत् विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाता है जिनमें सबसे पहले धार्मिक कट्टरता एवं जिहाद के लिए समर्पण मुख्य है। इसके अलावा गुरिल्ला युद्ध, बम बनाना सभी प्रकार के वाहन एवं सैनिक–अस्त्र शस्त्रादि चलाना, गुप्तचरी करना आदि सिखाया जाता है। इनमें कम से कम छह माह तक की ट्रेनिंग दी जाती है। पाकिस्तान अपने ही नहीं बल्कि विश्व भर के जिहादियों का प्रशिक्षण केन्द्र बन गया है जो उसके स्वयं के लिए भी घातक सिद्ध हो रहा है।

पाकिस्तान में सत्ता के कई बिन्दु बन गये हैं प्रथम बिन्दु सेना है, दूसरा बिन्दु आई0 एस0 आई0 है तथा तीसरा बिन्दु आतंकी जेहादी दी संगठन हैं आज पाकिस्तान की प्रमुख

विशेषता यह है कि वह आतंकवादी कार्यवाही का केन्द्र बन गया है। वह न केवल भारत में वरन् विश्व के कई देशों में घटित होने वाले आतंकवाद को पूर्णतः प्रोत्साहन देता चला आ रहा है। आज विश्व के देशों में जब भी आतंकवाद की कोई घटना घटित होती है और आतंकवादियों की गिरफ्तारी होती है तो उनका सम्बन्ध किसी न किसी प्रकार से पाकिस्तान से जरूर जुड़ा होता है।

विश्व भर में आतंकवाद का निर्यात करने वाला राष्ट्र पाकिस्तान वर्तमान में, स्वयं आतंकवाद की समस्या से पीड़ित है।

पाकिस्तान की सुरक्षा को इस समय सबसे अधिक खतरा स्वयं द्वारा पोषित आतंकवाद से हो गया है सन् 2002 से पाकिस्तान में आतंकवादी घटनाओं की बाढ़ सी आ गयी। पाकिस्तानियों ने 2002 से पहले बृहत रूप में आत्मघाती बमों का ताण्डव नहीं दिखा था।

''विश्व के विफल राष्ट्रों की श्रेणी में सन् 2007 में 34 वें स्थान पर रहने वाला पाकिस्तान वर्तमान में 9वें स्थान पर आ गया है।''[6]

''अप्रैल 2009 के प्रथम सप्ताह में पंजाब प्रान्त के चकवाल की एक शिया मस्जिद में हुई सांप्रदायिक आतंकी हिंसा के दौरान आत्मघाती बम बिस्फोट में 24 लोग मारे गये।''[7]

''30 मार्च 2009 को लाहौर में एक पुलिस ट्रेनिंग सेंटर पर हुए दुस्साहसी आतंकवादी कृत्य में आतंकवादियों ने 800 जवानों को बन्दी बना लिया था।''[8] हालांकि सुरक्षा बलों ने चार आतंकवादियों को मार गिराया था। और तीन आतंकवादियों को बन्दी बना लिया था। लेकिन इस आतंकवादी कृत्य में बहुत से जवान भी मारे गये थे। इस आतंकवादी हमले ने यह दिखा दिया था कि आतंकवादी चाहे जहाँ घुसकर हमला कर सकते है।

इस घटना के कुछ दिन पूर्व आतंकियों के एक गुट ने श्री लंका की क्रिकेट टीम पर आतंकी हमलाकर पूरी दुनियां को सकते मे डाल दिया था। इस हमले में कुछ क्रिकेटरों को घायल कर व 8 पुलिस वालों को मारकर सभी आतंकी सुरक्षित भागने में सफल हो गये थे। पाकिस्तान में घटित होने वाली आतंकी घटनाएं आतंकियों के दुस्साहस की पराकाष्ठा कही जा सकती है, और यदि कहे कि पाकिस्तान अपने बनाए जाल में फंसकर दम तोड़ता दिखाई पड़ रहा हैं तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। ''पाकिस्तान मे जुलाई 2007 से अब तक आतंकी हमले में 1,700 से ज्यादा लोग मृत्यु का ग्रास बन गये है।''9

पाकिस्तान ने जिस तालिबान और अलकायदा को पल्लवित होने मे योगदान दिया था वो ही पाकिस्तान को नष्ट करने पर तुले है। दुनिया भर के विशेषज्ञ इस बात पर पूर्ण रूप से सहमत है कि पाकिस्तानी में अब तालिबान व्यवस्था पूरी तरह से हावी हो चुकी है स्वात घाटी में लागू हुआ शरीया कानून इसका सबसे बड़ा उदाहरण है वर्तमान में पाकिस्तान सरकार इन कट्टरपंथी तालिबान नेताओं के सामने इतनी कमजोर पड़ चुकी है कि उसे इस इलाके में उनके साथ शांति समझौता करना पड़ा और शरिया कानून लगाने के उनके फैसले को संसद

में मंजूरी भी देनी पड़ी।

एक अमेरिकी थिंक टैंक अटलांटिक काउंसिल की ताजा रिपोर्ट के अनुसार– अगले 6 माह मे पाकिस्तान आंतरिक रूप से टूटकर बिखर सकता हैं अमेरिकी राष्ट्रपति 'बराक ओबामा' ने पाक–अफगान बार्डर को विश्व की सबसे खतरनाक जगह की उपाधि दी हैं हालांकि। अमेरिका अब भी पाकिस्तान को सभी तरह की मदद दे रहा हैं। अभी हाल ही में अमेरिका ने पाकिस्तान को 1.5 विलियन डालर की आर्थिक सहायता दी है।

पाकिस्तान के आतंकग्रस्त प्रमुख क्षेत्र– 9/11 के बाद के वर्षो में अफगानिस्तान से लगी पाक सीमा के इलाके काबुल के साथ पाकिस्तान के बढ़ते तनाव का स्रोत बन गए है। ''सन् 2007 में पाकिस्तान ने अफगानिस्तान से लगी 1,600 मील लम्बी सीमा रेखा जिसे डूरंड लाइन के नाम सें जाना जाता है। के क्षेत्रों में बाड़ लगाने के काम शुरू किया है लेकिन पाकिस्तान द्वारा 1949 ई0 में खीची गई इस सीमा रेखा को अफगानिस्तान ने कभी मान्यता नहीं दी है।''[10] और इस क्षेत्र के कबायली गुटों द्वारा भी लम्बे समय से इसका उल्लंघन किया जा रहा है।

पाकिस्तान के कबाइली क्षेत्र भी अशांत क्षेत्रों में तब्दील हो गये है। पाकिस्तानी सरकार ने कबाइली नेताओं के साथ समझौता कर लिया हैं। पाकिस्तान का उत्तर–पश्चिम सीमांत प्रान्त भी पाकिस्तान के आतंक की आग में जल रहा है। सन् 2002 के चुनाव में यहाँ धार्मिक कट्टरपंथियों को राजनैतिक स्थापना मिली। यह क्षेत्र पाकिस्तान का सबसे छोटा प्रान्त हैं इस प्रान्त में पश्तून (पठान) सबसे बड़ा धार्मिक समुदाय हैं जो किसी भी तरह की आज्ञा के अधीन काम न करके स्वतंत्र रूप से अपनी व्यवस्था संचालित करता हैं। अफगानिस्तान में निवास करने वाले पठानों का इन्हे पूर्ण समर्थन मिलता रहता है इसी क्रम में बलूचिस्तान भी पाकिस्तान का सबसे अशांत क्षेत्र है यह क्षेत्र आर्थिक रूप से पूर्णतः समृद्ध है परन्तु पाकिस्तान सरकार की उपेक्षा के कारण इस क्षेत्र का विकास न के बराबर हुआ है इसके अलावा सन् 1998 ई0 के परमाणु परीक्षण के बाद फैले विकरण ने इस क्षेत्र को त्रस्त सा कर दिया है।

पाकिस्तान में कितने आतंकी गुट अपने गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं इसका अनुमान लगाना थोड़ा कठिन सा है परन्तु इनकी गतिविधियों के आधार पर इन्हे वर्गीकरण किया जाय तो हम पाते है कि प्रथमतः अलकायदा और इसके सहयोगी है। इस संगठन की संचालन की कमान फाटा (Federally ADMINISTERED Tribal Areas-FATA) क्षेत्र मे छिपे ''अलकायदा के ओसामा बिन लादेन व दूसरे गैर दक्षिण एशियाई आतंकियो के हाथ मे है। अलकायदा के साथ इस क्षेत्र में इस्लामिक फाइटर्स ग्रुप,व इस्टर्न तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट जैसे विदेशी आतंकी संगठन है।''[11] द्वितीय पाकिस्तानी तालिबान है। इस समूह में फाटा में स्थित चरमपंथी ग्रुप भी शामिल है जिनकी कमान अलग–अलग स्थानीय कबायली नेताओं के हाथों में है। इनमें दक्षिण वजीरिस्तान में महसूद जनजाति के नेता बैतुल्लामहसूद

तरीक–ए–नफज–शरियत–ए–मोहम्मदी के नेता मौलाना 'फकीर अहमद' व 'मौलाना काजी फैजुल्लाह' तथा लश्कर–ए–इस्लामी के नेता 'मंगलबाद अफरीदी' शामिल है। तृतीय क्रम में भारत विरोधी गुट हैं इनमें भारत के खिलाफ गविधियों कां अंजाम देने में लगे वे आतंकी सुगठन है जिन्हे पाकिस्तानी सेना व पाकिस्तानी खुफिया एंजेसी आई0एस0आई0 का पूर्ण सहयोग मिल रहा हैं ऐसे संगठनों में लश्कर–ए–तैयबा, जैश–ए–मुहम्मद, हरकत–एल–मुजाहिदीन आदि शामिल हैं इसके अलावा पाकिस्तान के भीतर सांप्रदायिक हिंसा फैलाने वाले सुन्नीगुट सिपाह–ए–शहाबा व शियागुट तहरीका–ए–जाफरिया भी है मुल्ला मोहम्मद उमर के चारों ओर केंद्रित इसका कंधार नेतृत्व अब क्वेटा से अपनी गतिविधियों को चला रहा हैं

वर्तमान मे पाकिस्तान की बिगड़ती अर्थव्यवस्था ने उसके अंदर व्याप्त आतंकवादी समस्या को गंभीर बना दिया हैं आई0 एम0 एफ0 द्वारा दिये गए 7.6 बिलियन डॉलर के लोन ने पाकिस्तान को दिवालिया होने से बचा लिया लेकिन देश में मुद्रास्फीति की दर 25 प्रतिशत तक पंहुच चुकी हैं जो स्थिति की गम्भीरता को दर्शाती हैं सारी बुनियादी वस्तुओ के दाम लगभग दुगुने हो चुके है यह स्थिति शायद पाकिस्तान के बिखराव का एक बड़ा कारण बनेगी।

पाकिस्तान द्वारा अमेरिका के आतंक के खिलाफ युद्व में सहभागी बनने की सहमति से आतंकवादी संगठनों ने अब इस देश की व्यवस्था को नष्ट–भ्रष्ट करने का कार्य वृहत स्तर पर प्रारम्भ कर दिया हैं अगर वर्तमान गम्भीर स्थिति में पाकिस्तान ने आतंकवादी संगठनों का सफाया निष्ठापूर्वक नहीं किया तो पाकिस्तान का बिखरना तय है।

संदर्भ सूची

1. पाकिस्तान जिन्ना से जेहाद तक – एस0के0 दत्ता, राजीव शर्मा – पृ0 सं0 50
2. India & Pakistan – Raj Kumar Singh – पृ0 सं058
3. www. satp.org बेवसाइट – 28 Dec 2009
4. मिलिटैण्ट एण्ड इस्लाम – डॉ0 अल्बर्ट जानसन – पृ0 सं0 68
5. दि जिहाद फैक्ट्री – डॉ0 नसरूल्लाह बाबर – पृ0 सं0 70
6. www.satp.org. बेवसाइट – 12 Jan 2010
7. इंडिया टुडे – 30 अप्रैल 2009 – पृ0 सं0 45
8. दि टाइम्स आफ इंडिया – 31 Jan 2010 – पृ0 सं06
9. इंडिया न्यूज – 28 Jan 2010 – पृ0 सं0 15
10. अन्तर्राष्ट्रीय आतंकवाद – मेजर विनोद सहगल – पृ0 सं0 60
11. भारत की आन्तरिक समस्या – डॉ0 विजेन्द्र सिंह – पृ0 सं0 75

भारत चीन सम्बन्ध : अतीत एवं वर्तमान सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में

डॉ0 देवेश चन्द्र कटियार
एसोसिएट प्रोफेसर
सैन्य अध्ययन विभाग
पी0पी0एन0 कालेज, कानपुर

कु0 कंचन राजपूत
शोध छात्रा
सैन्य अध्ययन विभाग
पी0पी0एन0 कालेज, कानपुर

प्राचीन काल से ही चीन एक बौद्ध देश रहा है जबकि भारत 'बुद्ध भूमि'। भारत से ही बौद्ध धर्म हिन्द चीन होते हुये चीन पहुँचा। चीन में बौद्ध धर्म का प्रचार करने के लिए पौराणिक काल से ही भारत से अनेक बौध भिक्षु चीन पहुँचे। चीन के प्रधानमंत्री वेन जियाबाओं ने सन् 2005 में तत्कालीन रक्षा मंत्री जार्ज फर्नाण्डीज से मुलाकात में कहा था कि भारत–चीन सम्बन्धों का लगभग 2200 वर्षों का एक लम्बा इतिहास है जिसमें 99.9 प्रतिशत हिस्सा सुखद बीता है वैसे यदि इतिहास को बारीकी से परखा जाय तो हमारे सम्बन्धों का इतिहास 2200 वर्षों से भी पुराना है। महाभारत और उपनिषदों के रचना काल से ही दुनिया की इन दो सबसे प्राचीन सभ्याताओं के बीच वैचारिक आदान–प्रदान चल रहा था। पर्वतराज हिमालय को पूर्व या पश्चिम किसी दिशा से पार करना एक सार्थक अभियान है। चीनी मान्यताओं के अनुसार– हिमालय के पार का देश भारत ''ज्ञानभूमि'' है।

सम्प्रति भारत–चीन सम्बन्धों को लेकर काफी तनाव पूर्ण वातावरण बना हुआ है। जैसे सीमा विवाद पड़ोसी राष्ट्र को कूटनीतिक सहयोग प्रदान कर अपने पक्ष में मिलाना–पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम का सहयेाग हिन्दमहासागर में अपनी दखलंदाजी तेज करना म्यांमार के रास्ते दक्षिण एशिया को चुनौती भारतीय बाजारों पर चीनी वस्तुओं का कब्जा, आर्थिक महाशक्ति के रूप में चीन का उभरना, अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा पेश करना आदि मुद्दे वर्तमान में भारत–चीन सम्बन्धों में कड़वाहट पैदा कर रहे है। उपरोक्त समस्याओं का भारत को समय रहते आत्म चिंतन, मंथन करना होगा।

किसी भी देश की सुरक्षा में उसके पड़ोसी देशों की सामरिक, राजनीतिक, आर्थिक एवं राजनयिक विचारधारा का प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। हमारी विदेश नीति का मुख्य उद्देश्य अपने पड़ोसी देशों के साथ सामरिक रूप से सुरक्षित राजनीतिक रूप से स्थिर व शांतिपूर्ण तथा आर्थिक रूप से सहयोगात्मक सम्बन्ध बनाये रखना है तथा दूसरी ओर हमारा पड़ोसी चीन दोस्त होने का दावा करते हुये दगा देता रहा है। यदि चीन की विदेशनीति के आधारभूत चरित्र पर ध्यान केन्द्रित किया जाये तो स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो जायेगा। चीन की

विदेशनीति शान्तिपूर्ण सह–अस्तित्व की बजाय विस्तारवाद व साम्राज्यवाद के कपटपूर्ण तरीकों से सम्पन्न थी। किन्तु नेहरू जी उसे पंचशील के शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व के चश्मे से देखते रहे।[1] आज भी चीन के साथ प्रेमपूर्ण सम्बन्धों की बात की जाती है। आज चीन पहले से अधिक घातक और शक्तिशाली हो चुका है, जिस प्रकार चीन भारत के पड़ोसी राज्यों में अपना संजाल बिछा रहा है वह उसकी दूरगामी योजना को स्पष्ट करता है।

भारत के पड़ोस में विगत कई दशकों से राजनीतिक अशान्ति एवं अस्थिरता का वातावरण बना हुआ है। चीन से भारत को निश्चित रूप से सबसे बड़ा खतरा है। भारतीय शांति एवं सुरक्षा के लिए हमारा पड़ोसी देश चीन चारो ओर से अपना सामरिक जाल फैलाते हुए घातक गतिविधियाँ अपनाता जा रहा है लेकिन हमेशा से ही चीनियों के प्रति यह धारणा रही है कि चीनियों को समझना टेढी खीर है यह हू जिनताओं की यात्रा से भी स्पष्ट हुआ, क्योंकि उनकी इस यात्रा से कुछ ही दिन पूर्व चीनी राजदूत ने तवांग (अरुणाचल) पर चीनी दावा कर अरुणाचल को चीन का हिस्सा माना, लेकिन हू जिनताओ विवादित मुद्दों पर जवाब देने से बचते रहे।[2] इससे तो यही स्पष्ट होता है कि चीन की करनी और कथनी में जमीन आसमान का फर्क साफ है। भारत को समझ जाना चाहिए कि चीन, पाकिस्तान, नेपाल म्यांमार, बांग्लादेश में ऐसा चक्रव्यूह बना रहा है कि भारत को चारो तरफ से घेर सके।

यद्यपि भारत और चीन के मध्य जो व्यापारिक समझौता हुआ है उससे भारत की अर्थव्यवस्था में काफी अन्तर आ सकता है, क्योंकि 26 वर्ष पूर्व भारत और चीन की प्रति व्यक्ति की आय समान थी। आज चीन की प्रति व्यक्ति आय भारत के मुकाबले ढाई से तीन गुनी ज्यादा है। आर्थिक क्षेत्र में प्रतिद्वंदिता स्वाभाविक है, किन्तु चीन के साथ नजदीकियाँ बढाते समय हमें उनके हाथों ऐतिहासिक अनुभवों को नही भूलना चाहिए। भारत की सीमाओं पर दो कट्टरवादी इस्लामी देश पहले से ही भारत की अखंडता को चुनौती दे रहे हैं। इन दोनों के साथ चीन के अच्छे सम्बन्ध है इसलिए चीन रणनीतिक दृष्टि से भारत को चारो ओर से कसने के प्रयास में है।

चीन द्वारा उल्लघंन तथा भारत विरोधी कार्यवाही–

चीनी सेना ने भारत के साथ 1962 में गतिरोध उत्पन्न के बाद से पहली बार लद्दाख सेक्टर की काराकोरम रेंज से सटी अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर निर्माण शुरू कर दिया है। सरकार के अनुसार इसका प्रयोग भारतीय सेना की गतिविधियों पर नजर रखने के उद्देश्य से कैमरा लगाने के लिए किया जा सकता है। कराकोरम दर्रा वास्तविक नियंत्रण रेखा के तौर पर जाना जाता है। इस दर्रे के पश्चिम में स्थित सियाचिन ग्लेशियर क्षेत्र के नियंत्रण को लेकर पाकिस्तान और भारत के बीच विवाद में यह क्षेत्र बड़ी भौगोलिक भूमिका भी अदा करता है।

ज्ञातव्य है कि यह स्थिति 1972 में भारत–पाक शिमला समझौते के बाद उत्पन्न हुई थी, जब संधि में नियंत्रण रेखा के अन्तिम छोर और काराकोरम दर्रे के बीच संघर्ष विराम रेखा के अंतिम एक सौ कि0मी0 के क्षेत्र को स्पष्ट नहीं किया जा सका था।

पीओके में विवादास्पद नीलम–झेलम प्रोजक्ट तथा बुंजीडैम प्रोजेक्ट में चीन सहायता प्रदान कर रहा है। इसके अतिरिक्त चीन ने इस क्षेत्र में काराकोरम हाईवे एवं 16 सैन्य हवाई पट्टियों का निर्माण भी किया है इससे भारतीय सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो सकता है। भारत के विरोध करने पर चीन पीओके में पाकिस्तान की मदद जारी रखने की बात भी दुहराता है। उधर चीन नेपाल में भी ल्हासा से काठमांडू तक राजमार्ग बनाने की तैयारी कर रहा है।[3]

भारत के साथ चीन का सीमा विवाद एक ऐतिहासिक देन है। पूर्व के भारतीय नेताओं की अदूरदर्शिता के कारण यह विवाद अत्यन्त विषाक्त स्थिति में पहुंच चुका है। इस विवाद के कारण सन् 1962 में युद्ध भी हुआ; परन्तु उसके बाद से आज तक कोई निष्कर्ष नहीं निकला। लगभग 95 वर्ष पूर्व मैकमोहन सीमा रेखा तय की गई थी, परन्तु चीन आरम्भ से ही इससे असहमत रहा है। इधर भारत का मानना है कि चीन ने जम्मू कश्मीर के 38 हजार वर्ग कि0मी0 के अक्साई चीन इलाके पर कब्जा कर रखा है और पाकिस्तान ने भी 1955 में उसकी 5 हजार वर्ग कि0मी0 जमीन पर अवैध कब्जा करके चीन को सौंप दिया है। जबकि चीन का कहना है कि भारत ने अरूणाचल प्रदेश में उसके 90 हजार वर्ग कि0मी0 इलाके पर कब्जा कर रखा है। भारत–चीन सम्बन्धों को लेकर मामला तब अटक सा जाता है जब सीमा विवाद सामने आ जाता है। पिछले दो दशकों से भी अधिक समय से बातचीत होने के बावजूद सीमा विवाद लगभग जस का तस है।[5]

चीन–पाक के मध्य पनपते सामरिक सम्बन्ध भारतीय सुरक्षा के लिए संकट–

भारतीय सुरक्षा के लिए सबसे बडा खतरा चीन–पाक गठजोड़ रहा है। पाक चीन के मध्य सामरिक सम्बन्धों को नजर अंदाज नही करना चाहिए। चीन द्वारा पाक के साथ सम्बन्ध बढ़ाने के पीछे भारत को कमजोर करने की साजिश रही है। चीन–पाक गठबंधन के मुख्य पहलू रहे है : विश्व परिदृश्य में भारत की छवि धूमिल करना, हथियारों के व्यापार हेतु नया बाजार प्राप्त करना, अमेरिका के बढ़ते प्रभाव पर अंकुश लगाना।

चीन भारत के विरुद्ध बिना हथियार चलाये ही, हथियारों की आपूर्ति के माध्यम से भारत के साथ युद्ध छेड़े हुए है। चीन ने अपनी एशियाई नीति में परिवर्तन कर भारत को घेरने के लिए राजनयिक चालें चलनी शुरू कर दी और भारत के आसपास के छोटे राष्ट्रों का सहायक बन गया तत्पश्चात् चीन के लिए भारत विरोधी अभियान चलाना कठिन कार्य नहीं रहा। चीन, पाकिस्तान की हर नीति का समर्थन करने लगा है।

चीन ने ''मोती की डोर'' की नीति पर चलते हुए भारत को घेरने का प्रयास किया है।[6]

वर्तमान समय में सम्बन्धों में सुधार के लिए राजनेताओं की वार्ताओं और यात्राओं का दौर भले ही शुरू हो गया हो। परन्तु क्या चीन ने अपनी सामरिक नीति को परिवर्तित किया है या यह चीन की कोई नयी रणनीति है? भारत को इन सभी पहलुओं पर गम्भीर मंथन की आवश्यकता है; क्योंकि प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जब जुलाई 2005 में अमेरिका की यात्रा पर थे, तब उन्होंने असैनिक नाभिकीय ऊर्जा समझौते किये।[7] इस ऐतिहासिक समझौते के बाद जब भारत को परमाणु ईधन और तकनीकी उपलब्ध कराने के बारे में सितम्बर 2008 में 45 देशों वाले परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह (N.S.G.) की बैठक हुई तो उसमें चीन ने फिर अपना घृणित रंग दिखा दिया। उसने एक तरफ बैठक में व्यवधान डाला, ताकि भारत को छूट न मिल सके। दूसरी ओर यह कोशिश भी करता रहा कि यदि यह सुविधा भारत को प्राप्त हो रही है, तो अन्य देशों को भी यह सुविधा मिलनी चाहिये। उसका इशारा स्पष्ट रूप से पाकिस्तान की ओर था; क्योंकि अपनी दूरगामी योजना के तहत वह एशिया में भारत के बराबर पाकिस्तान को खड़ा करना चाहता है। हालांकि उसे इसमें सफलता नही मिल सकी। परमाणु व्यापार के लिये परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह (N.S.G.) से मिली 'खुली छूट' भारत की ऐतिहासिक जीत है।

जनवरी 2008 में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की चीन यात्रा के दौरान एक बार फिर चीन ने संयुक्त राष्ट्र संघ की परिषद् में भारत की स्थायी सदस्यता पर समर्थन करने का आश्वासन दिया है।[8] यह समय ही तय करेगा कि चीन द्वारा दिया गया आश्वासन सही है या एक कूटनीतिक चाल।

चीन ने 1998 के बाद से तिब्बत में अपनी सामरिक स्थिति काफी मजबूत बना ली है।

चीन के म्यांमार से मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध हैं। म्यांमार सैन्य शक्ति के मामले में पूर्णतः चीन पर ही निर्भर है। चीन, म्यांमार के निर्माण कार्य में सक्रिय भागीदारी निभा रहा है।[9] चीन म्यांमार की हर स्तर से सहायता प्रदान करके उसे अपना सामरिक सहयोग बनाना चाहता है। हाल ही में चीन ने म्यांमार को डीप वाटर पोर्ट बना कर दिया है।[10]

चीन के द्वारा दिये गये हथियारों पर बांग्लादेश की पूरी सैन्य शक्ति टिकी हुयी है। चीन बांग्लादेश की नौसेना को 1500 टन का जिआंग्लू क्लास का युद्धपोत पहले ही दे चुका है। हाल ही में उसने बांग्लादेश के मिसाइल कार्यक्रम को भी हवा दे दी है। चीन द्वारा दी गयी मिंग जी–802 मिसाइल का बाग्लादेश की नौसेना ने कुतुबदीआ द्वीप के पास सी–802 ए के तौर पर परीक्षण किया है। चटगाँव पोर्ट पर मिसाइल लांच करने की क्षमता चीन पहले ही तैयार कर चुका है।[11] बांग्लादेश की सैन्य महत्वाकांक्षाओं को बढ़ावा दे रहा चीन, अब उसे सतह से हवा में 200 कि0मी0 तक मार करने वाली मिसाइल देने पर भी बातचीत कर रहा है।[12] चीन ने बांग्लादेश में उसकी नौसेना और व्यापार के लिये आधुनिक बंदरगाह बनाये है; लेकिन

सच तो यह है कि इन नौसेनिक अड्डों पर चीनी सेना का अधिकार है, जो भारत की सुरक्षा की दृष्टि से गम्भीर खतरा है।

दक्षिण एशिया में चीन का सबसे अभिन्न मित्र पाकिस्तान है। चीन उसका इस्तेमाल भारत को दक्षिण एशिया में उलझाये रखने के लिये करता है। पाकिस्तान की सैन्य शक्ति के निर्माण में चीन की अहम भूमिका रही है। चीन ने पाकिस्तान को परमाणु बम बनाने की तकनीक और प्रक्षेपास्त्र दिये है। हालांकि इस सम्बन्ध में गोपनीयता रखते हुए लेन–देन किये गये थे, फिर भी चीन पर यह आरोप लगाया गया है कि वह परमाणु डिजाइन, परीक्षण डाटा, भारी पानी तथा ज्ञात एवं गोपनीय संवर्धन सुविधाओं से सम्बन्धित सहायता पाकिस्तान को दे रहा है।[13] हाल ही में चीन ने पाकिस्तान को चौंतीस एस–11 मिसाइलें और लांचर्स भेजे हैं। जो सरगोधा अड्डे में रखे गये हैं। इस समय चीन पाकिस्तान को अल–खालिद टैंक और लड़ाकू हवाई जहाज बनाने में मदद कर रहा है। चीन पाकिस्तान के मध्य प्रान्त पंजाब के चश्मा में 325 मेगावाट का परमाणु संयंत्र पहले ही स्थापित कर चुका है इसके अलावा वह इतनी ही क्षमता का एक और संयन्त्र अब पाकिस्तान में लगाने की दिशा में कार्य कर रहा है।[14]

चीनी कार्यवाई के प्रति भारत द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण कदम–

भारत सरकार ने लद्दाख क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा से महज 23 कि0मी0 दूर 'नायोगा एडवांस लैडिंग ग्राउण्ड' पर तृतीय हवाई पट्टी खोल दी है। इससे दूरदराज की चौकियों तक रसद पहुंचाना आसान हो जाएगा। सरकार ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में परियोजनाओं के निर्माण में पाकिस्तान की मदद करने के चीन के आश्वासन पर कड़ी आपत्ति जतायी है। सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि भारत में कार्यरत हजारों चीनी नागरिकों को बीजा देने की नीति में भी बदलाव किया जाएगा। यहाँ पर कार्यरत चीनी नागरिकों को लेकर कई बार असंतोष भी व्यक्त किया गया है। हाल ही में छत्तीसगढ में चीनी कम्पनी सेप्को द्वारा निर्मित चिमनी के गिर जाने से 40 से ज्यादा मजदूर मारे गये थे। इससे चीनी काम की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे है। अब दक्ष चीनी कामगारों को कारोबार बीजा के बजाय रोजगार बीजा दिया जाएगा।[15]

उपयुक्त विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि चीन भारत के चारो ओर सामरिक व्यूहन की अपनी रणनीति पर आज भी कायम है। भारतीय सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील सीमावर्ती चीन के विकास को देखते हुए भारत को सर्तक रहने की आवश्यकता है, ऐसी विषम परिस्थितियों में हमें चीन के साथ सम्बन्धों के गाँठ–जोड़ में सोच–समझकर कदम उठाने की आवश्यकता है; क्योंकि चीन भारत के समस्त पड़ोसी राष्ट्रों के साथ अपने सम्बन्धों को सुदृढ़ कर रहा है, जो कि भारत के लिए गम्भीर समस्या उत्पन्न कर सकती हैं। "अभी हाल ही में समाचार पत्रों में प्रमुखता से यह छापा कि चीन गुलाम कश्मीर को हड़पना चाहता है। चीन की

बढ़ती दखलंदाजी के कारण यह आशंका निरर्थक नही है कि, बीजिंग वर्ष 2020 तक इस क्षेत्र पर अपना अधिकार जमा सकता है।''[16]

अतः भारत को कूटनीतिक प्रयासों से पड़ोसी राष्ट्रों से अपने सम्बन्ध सुधारने होंगे, साथ ही अपनी आर्थिक नीतियों से पड़ोसी राष्ट्रों को अपने साथ मिलाना होगा। साथ ही सामरिक सुदृढ़ता व सैन्य तैयारियों पर विशेष ध्यान देना होगा। अन्यथा चीनी ड्रेगन की जकड़न से भारत को बचाना दुश्कर होगा।

संदर्भ सूची

1. कर्नल पी0के0 वासुदेवा, यु0एस0आई0 जर्नल. अक्टूबर–दिसम्बर 2008
2. प्रतियोगिता दर्पण, अप्रैल 2008 पृष्ठ सं0 1625
3. सिविल सर्विसेज क्रांनिकल दिसम्बर 2009 पृष्ठ सं0 17
4. सिविल सर्विसेज, टाइम्स सितम्बर 2009 पृष्ठ सं0 30
5. दैनिक जागरण, जनवरी 12.2008
6. सिविल सर्विसेज, टाइम्स अगस्त 14, 2009 पृष्ठ सं0 38
7. अचिन विनायक, ईरान अमेरिका और भारत, अमनवार्ता खण्ड–4 अंक–1, पृष्ठ सं0 02
8. दैनिक जागरण, जनवरी 14. 2008
9. बाबू राम पाण्डेय, राम सूरत पाण्डेय, राष्ट्रीय सुरक्षा एवं अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध 2008 पृष्ठ सं0 192
10. दैनिक जागरण, सितम्बर 22. 2008
11. अरिहन्त समसामायिक महासागर, जनवरी 2009 पृष्ठ सं0 50
12. दैनिक जागरण, सितम्बर 22. 2008
13. पी0के0एस0 नबूदरी, चाइना पाकिस्तान, न्यूक्लियर एम्सेल स्ट्रेटजिक एपालिसिस खण्ड–6 टिप्पणी सं0 7, अक्टूबर 1982 पृष्ठ सं0 426
14. अरिहन्त समसामायिक महासागर, जनवरी 2009 पृष्ठ सं0 56
15. सिविल सर्विसेज क्रांनिकल दिसम्बर 17. 2009
16. दैनिक जागरण, मई 11. 2011

वैश्विक तापवृद्धि एवं जलवायु–परिवर्तनः एक भौगोलिक विवेचन

श्रीमती राज किरन चौरसिया
डा0 आर0के0 चौरसिया
एसोसिएट प्रोफेसर
भूगोल विभाग, बी0एस0एस0डी0 कालेज
नवाबगंज, कानपुर

रोहित कुमार
प्रवक्ता, पर्यावरण अध्ययन
वी0एस0एस0डी0 कालेज, नवाबगंज
कानपुर

बदलते विश्व परिदृश्य में एक तरफ आर्थिक विकास की गति तीव्र हो रही है दूसरी ओर ग्रीन हाउस गैसों में वृद्धि से वैश्विक ताप वृद्धि एवं जलवायु परिवर्तन ने मानव के अस्तित्व को बनाये रखने हेतु सोचने पर मजबूर कर दिया है। आज जहाँ एक ओर विध्वंसक हथियारों पर रोक लगाने के प्रयास जारी है, वही दूसरी ओर जलवायु परिवर्तन में महाप्रलय की आहट ने हम सभी को भयभीत कर दिया है। इतिहास गवाह है कि जलवायु परिवर्तन से अनेक सभ्यतायें विनिष्ट हो चुकी हैं। वर्तमान ईराक और सीरिया में चार हजार साल पूर्व की सभ्यता के विघटन का कारण तीन सौ वर्षों तक सूखा या अनावृष्टि ही था। सभ्यता के केन्द्र उत्तरी शहरों से बड़े पैमाने पर आबादी के चले जाना ही विघटन का कारण बना। लगभग 2200 ई0पूर्व मेसोपोटामिया में दबी सतहों की मिट्टी की जाँच कर रहे वैज्ञानिकों के अनुसार तीन शताब्दी तक चले सूखे की शुरुआत होते ही अत्यन्त समृद्ध और विकसित कृषि सभ्यता समाप्त हो गयी। येल विश्वविद्यालय के पुरातत्व विद् हावेक्सि के अनुसार, ''वातावरण ने एक–एक अपने क्षेत्रीय बदलाव से मिश्र से लेकर अमरीका तक की कृषि और सभ्यता पर जबरदस्त प्रभाव डाला'' वातावरण में आये इस बदलाव को पूर्वी अफ्रीका एवं नील के पास एवं भारत (पाकिस्तान) के समीप सिन्धु घाटी और फिलीस्तीन में भी देखा गया अर्थात् सिन्धु घाटी सभ्यता का विनाश भी जलवायु परिवर्तन से ही हुआ था।[1]

पृथ्वी पर तापमान की वृद्धि, प्रकृति तथा मानव जीवन पर उसके प्रभाव से वैश्विक तापमान प्रक्रिया का बोध होता है। सामान्यतः वैश्विक तापन का अभिप्राय ''मानव–क्रियाओं के फलस्वरूप ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन के बढ़ने पर पृथ्वी पर तापमान की वृद्धि से है।'' सामान्यतः वैज्ञानिक मान्यता है कि औद्योगिक युग के प्रारम्भ से मानव क्रियाकलापों के प्रभाव से उत्पन्न ग्रीन हाउस गैसों (कार्बनडाइआक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड तथा क्लोरोफ्लोरा कार्बन) की वृद्धि की वैश्विक तापन का प्रमुख कारक है। वर्तमान में विश्व का औसत तापमान 15.8° सेल्सियस है, जिसमें प्रतिवर्श 0.7° से 1.4°C की वृद्धि हो रही है।

इक्कीसवी शताब्दी में 5° से 6°c तापमान में वृद्धि की सम्भावना व्यक्त की जा रही है जबकि मात्र 2 प्रतिशत की वृद्धि ही विश्व में तबाही पैदा करने के लिये पर्याप्त है। वर्तमान समय तक वैश्विक तापन की समस्या के समाधान के लिये इण्टरनेशनल इंस्ट्यूट के नाम पर 55 देशों ने सामूहिक रूप से क्योटो सन्धि की है। क्योटो सन्धि के बाद भी कार्बन उत्सर्जन में कमी नही आयी है।

तापमान को जलवायु का आधारभूत कारक कहा जाता है। जलवायु के अन्य कारक भी प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से उससे प्रभावित होते हैं। विश्व भर में हो रहे जलवायु परिवर्तनों के मूल में भी तापमान ही है। पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ रहा है, इसे ही वैश्विक तापन का नाम दिया गया है। वास्तव में वैश्विक तापन एक सार्वभौमिक समस्या है। इस समय विश्व का कोई भी देश इससे अछूता नहीं है। मोटे तौर पर या सामान्य शब्दों में कहे तो ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन से पृथ्वी का तापमान निरन्तर बढ़ रहा है। यह बढ़ता तापमान ही जलवायु परिवर्तन के लिये जिम्मेदार है। जलवायु में हो रहे परिवर्तन से रेगिस्तान में बाढ़ आ रही है तो सघन वर्षा के क्षेत्रों में सूखा पड़ रहा है, इससे तटीय स्थानों एवं द्वीपों का अस्तित्व संकट में पड़ गया है।

हरित गृह प्रभाव एवं वैश्विक तापन का अभिप्राय :–

सूर्य से आने वाली विकिरण का लगभग 40 प्रतिशत धरती के वातावरण तक पहुँचने से पहले ही अंतरिक्ष में लौट जाता है। 15 प्रतिशत वातावरण में अवशोषित हो जाता है एवं धरातल पर लगभग 45 प्रतिशत ही पहुँचता है। यह गर्मी (दीर्घ तरंगों) के रूप में पृथ्वी से परावर्तित होती है। वायुमण्डल में उपस्थित कुछ प्रमुख गैसें लघु तरंगे सौर विकिरण को पृथ्वी के धरातल तक अवशोषित कर लेती है। इस कारण वायुमण्डल में पृथ्वी का औसत तापमान 35° सेल्सियस के आस–पास बना रहता है। वस्तुतः इस प्रक्रिया के अन्तर्गत गैसे ऊपरी वायुमण्डल में एक ऐसी परत बना लेती हैं जिसका असर पौधों को बाहरी गर्मी–सर्दी से बचाने के लिये बनाये गये ग्रीन हाउस की छत जैसा होता है। इस प्रक्रिया को ही 'हरित गृह प्रभाव' कहते हैं। हरित गृह प्रभाव के लिये उत्तरदायी प्रमुख गैसे है– कार्बनडाइआक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, क्लोरोफ्लोरा कार्बन, ओजोन, सल्फर डाईआक्साइड तथा जलवाष्प। उपर्युक्त गैसों में कार्बनडाइआक्साइड (CO_2) सबसे महत्वपूर्ण गैस हैं। प्रयोग, निर्वनीकरण एवं भूमि उपयोग में परिवर्तन इसके प्रमुख स्रोत है। इंटर गवर्नमेंटल पैनल आन क्लाइमेंट चेंज (IPCC) के अनुसार 1880–1890 में इसकी मात्रा लगभग 290 पार्ट्स पर मिलियन (PPM) थी जो 1990 में बढ़कर 340 PPM एवं वर्श 2007 में 400 PPM हो गई। वायुमण्डल में मीथेन गैस की मात्रा भी चिन्ताजनक रूप में बढ़ रही है। पिछले 100 वर्षों में मीथेन गैस का संकेन्द्रण दो गुने से भी अधिक हो गया है। ग्रीन हाउस गैसों में हो रही इस वृद्धि में वायुमण्डल में विकिरणों

के अवशोषण करने की क्षमता निरन्तर बढ़ रही है। इससे पृथ्वी के तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। इसे ही वैश्विक तापन कहा जाता है।

वैश्विक तापन के कारणः– वैश्विक तापन के कई कारण हैं जिनमें प्रमुख रूप से निम्नांकित महत्वपूर्ण हैं–

1. औद्योगिक उत्सर्जन, कार्बन डाईआक्साइड की मात्रा में वृद्धिः– उद्योगों की चिमनियों से निकलने वाला धुँआ, फैक्ट्रियों, वाहनों से निकलने वाला धुँआ, एवं दफ्तरों में विविध उपकरणों से निकलने वाली गर्म वाष्प आदि प्रतिदिन हमारे वातावरण में पर्याप्त गर्मी घोलती है। वातावरण में आवश्यक ताप घोलने में सबसे आगे ताप बिजलीघर हैं, इनमें कोयला जलाकर विद्युत ऊर्जा प्राप्त की जाती है। पिछले एक शताब्दी में पेट्रोलियम पदार्थो एवं अन्य जीवाश्म ईधनों के प्रयोग में गुणात्मक वृद्धि हुई है। कुल मिलाकर 600 वर्षों में वायुमण्डल में कार्बन डाइआक्साइड की मात्रा 65 प्रतिशत से भी अधिक बढ़ गई है, जो वैश्विक तापन का मूल कारण है।

चार देशों द्वारा CO_2 का सार्वधिक उत्सर्जन 2007



1. क्लोरो–फ्लोरो कार्बन की भूमिकाः– इस समय इस रासायनिक पदार्थों के एक वर्ग का उपयोग बहुत अधिक हो रहा है, जिन्हें क्लोरो–फ्लोरो कार्बन कहते हैं। ये पदार्थ वायुमण्डल के ऊपर जाते हैं और वायुमण्डल के ऊपरी भाग में स्थित 'ओजोन की परत' को क्षति पहुँचाते हैं। ब्रिटिश अंटार्कटिका सर्वे दल के अनुसार अंटार्कटिक क्षेत्र में ऊपर लगभग 3.50 वर्ग मील का एक 'ओजोन छिद्र' बन चुका है। ओजोन छिद्र के कारण तापमान पृथ्वी के सीधे धरातल पर पहुंचने के कारण पृथ्वी के वायुमण्डल के तापमान में काफी वृद्धि हो सकती है।

2. वैश्विक तापन में ओजोन गैस की भूमिकाः— पृथ्वी के वायुमण्डल के तापमान को बढ़ाने में एक दूसरी प्रकार की ओजोन का भी योगदान होता है। यह ओजोन वह है जो वायुमण्डल में निचले भाग में बनती है। इसका कारण मुख्य रूप से नाइट्रोजन के वे ऑक्साइड हैं जो वायुमण्डल के निचले भाग में आते हैं जिनके स्रोत हैं— पेट्रोल एवं कोयला जैसे ईधन। इसके अतिरिक्त मिथेन भी वायुमण्डल के निचले भाग में ओजोन के बनने में सहायक होती है।

3. वैश्विक तापन में परमाणु संयंत्रों की भूमिकाः— एक रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में परमाणु संयंत्रों से लगभग 10 लाख मेगावाट बिजली सम्पूर्ण विश्व में पैदा की जा रही है। आने वाले समय में इसमें व्यापक वृद्धि की सम्भावना है। सामान्यतः 500 मेगावाट के संयंत्र में प्रशीतन के रूप में प्रयोग होने वाले गर्म पानी को लगभग 3 सेमी0 मोटे और लम्बे घुमावदान पाइप से होकर ले जाया जाता है, तब अपेक्षाकृत ठंडा होने पर नदी या झील में चला जाता है। इससे आमतौर पर नदी या झील में 10—30° तक ताप में वृद्धि होती है।

4. व्यापक वन विनाश एवं वैश्विक तापनः— आधुनिक मानव द्वारा सम्पूर्ण विश्व में विविध आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु अविवेकपूर्ण ढंग से एवं अन्धाधुन्ध गति से वनों का विनाश किया जा रहा है। वर्ड रिसोर्स इन्स्टीट्यूट के अनुसार 1950 से 1983 के मध्य अमेरिका के 38 प्रतिशत तथा अफ्रीका के 24 प्रतिशत वन समाप्त हो गये है। उष्णकटीबन्धीय सदाबहार वन, जिन्हें पृथ्वी का फेफड़ा भी कहा जाता है, के विनाश से वायुमण्डल में CO_2 गैस की मात्रा में बड़ी वृद्धि हुई है।

5. वैश्विक तापन में सामान्य प्राकृतिक कारकों की भूमिकाः— बहुधा प्राकृतिक कारणों से भी पर्यावरणीय दशाओं में परिवर्तन होता है एवं इस परिवर्तन में उष्णता अथवा तापमान की स्थिति में परिवर्तन एवं वृद्धि भी सम्मिलित है। ज्वालामुखी उद्‌गार, वायुमण्डलीय वायु विसर्जन, संचयी वायुमण्डलीय प्राकृतिक दशायें, प्राकृतिक घटनायें, प्राकृतिक कारकों के अन्तर्गत आते हैं।[2]

वैश्विक ताप के संकेतः— निम्नांकित तथ्य वैश्विक ताप बढ़ने के संकेत देते हैं—

1. ऋतुओं का समय से पूर्व आगमन एवं फैलती बीमारियाँ।
2. जीवों और वनस्पति के क्रिया—कलापों में परिवर्तन।
3. पानी के ताप में वृद्धि, मूंगा भित्ति संकट में।
4. भारी वर्षा, बर्फबारी, चक्रवातीय तूफानों की बारम्बारता एवं अनावृष्टि।

जलवायु परिवर्तन के घातक दुष्परिणामः—

जलवायु के औसत तापमान, वर्षा, आर्द्रता, वायु—बहाव आदि के दीर्घावधि के परिवर्तनों को जलवायु परिवर्तन कहा जाता है। यह परिवर्तन प्राकृतिक कारको एवं मानव

जनित गतिविधियों से होता है। वायुमण्डलीय तापन वायुमण्डल के सबसे निचली परत जहाँ पर पृथ्वी की सभी मौसम सम्बन्धी घटनायें होती हैं, में औसत तापमान में वृद्धि हो रही है, जिसके कारण वैश्विक जलवायु पद्धति में परिवर्तन होते हैं।[3] जलवायु परिवर्तन के घातक दुष्परिणाम इस प्रकार हैं–

1. **पिघलते हिमनद एवं बढ़ता हुआ जल स्तरः–** वर्ड वाइड फंड फार नेचर (WWF) की एक रिपोर्ट के अनुसार हिमालय के ग्लेशियर प्रतिवर्ष 8 से 64 मीटर की दर से सिकुड रहे हैं। किलीमंजारों के ग्लेशियर 1910 से 2007 की अवधि के बीच लगभग 80 प्रतिशत पिघलकर गायब हो गये हैं। दक्षिणी एंडीज पर्वत में स्थित 'कटुलस्ख्या बर्फ टोपिया' 1960 के बाद 20 प्रतिशत पिघल चुकी है। IPCC के अनुसार 2005 की गर्मियों में आर्कटिक क्षेत्र में सबसे कम बर्फ पायी गयी। वास्तव में अब वैश्विक स्तर पर हिमनदों के अस्तित्व का खतरा मंडराने लगा है, जो वैश्विक स्तर पर चिन्ता एवं आशंकाओं को जन्म दे रही है।
2. सम्पूर्ण जैव जगत पर खतराः– सम्पूर्ण जैव जगत के अन्तर्गत वनीय परिस्थितिकी का विनाश, सागरीय जैव मण्डल का विनाश, मानव समुदाय पर खतरा, वैश्विक तापन के कारण मडराने लगा है। पृथ्वी के तापमान में वृद्धि होने का ठोस प्रमाण सन् 1988 से मिलना प्रारम्भ हुआ, विगत 40 वर्षों से पृथ्वी का औसत तापमान 0.5° सेल्सियस से 0. 7° सेल्सियस तक बढ़ा है, जबकि पिछले 30 वर्षों में कार्बन–डाईआक्साइड में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सन् 2050 तक पृथ्वी का औसत तापमान 1.5° सेल्सियस से 4.05° सेल्सियस तक बढ़ने की सम्भावना है। बढ़ते तापमान के कारण सम्पूर्ण जैव जगत पर प्रभाव पड़ेगा। तालाबों, नदियों, समुद्रों का जल गर्मी के कारण वाष्पित होगा, जिसके कारण वर्षा की मात्रा में 7 प्रतिशत की वृद्धि होगी, वे क्षेत्र जो वर्तमान में शुष्क है, उनके हरे–भरे हो जाने की संभावना है, बाढ़ों की आवृति बढ़ेगी। कीट–पतंगों की नई प्रजातियां फसलों को रोगग्रस्त करेगी, उत्पादन घटेगा, अनेक प्रजातियां नष्ट हो जायेगी।[4]
3. वर्षण प्रतिरूप में परिवर्तनः– निरन्तर तापीय वृद्धि ने विश्व भर के वर्षण प्रतिरूप को प्रभावित करना प्रारम्भ कर दिया है एवं भविष्य में इसके परिणाम निश्चित रूप से अत्यन्त कष्टप्रद हो सकते हैं। वैश्विक तापन के कारण जलवायु परिवर्तन का प्रभाव भारत में भी दिखने लगा है। अनेक विशेषज्ञों का मानना है कि 2006–07 में पश्चिमी राजस्थान, गुजरात, तमिलनाडु, एवं मुम्बई में हुई भारी वर्षा एवं कर्नाटक और मध्य प्रदेश के क्षेत्रों में पड़ा सूखा जलवायु परिवर्तन का ही दुष्परिणाम है। इसी प्रकार दक्षिण और मध्य अमेरिका में बारिश कम होने से जंगलों द्वारा कार्बन डाईआक्साइड

के आत्मसातीकरण की संभावना घटेगी। अटलांटिक समुद्र तट पर बाढ आयेगी, घास के मैदान छिन्न–भिन्न हो जायेंगे। समुद्र का जल स्तर बढ़ेगा, गल्फस्ट्रीम ज्यादा उग्र होगी। मछली उत्पादन एवं उद्योगों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

4. वैश्विक ताप के कारण कृषि पर संकटः– विज्ञान पत्रिका नेचर की एक रिपोर्ट के अनुसार विश्व तापायन के कारण मृदा में कार्बन की मात्रा प्रतिवर्ष 0.6 प्रतिशत की दर से कम हो रही है। इंग्लैण्ड में किये गये एक अनुसंधान से पता चला है कि यहाँ कि मिट्टी से प्रतिवर्ष 40 लाख टन कार्बन का उत्सर्जन हो रहा है। दुनियां के सभी देश मिलकर लगभग 8 अरब मीट्रिक टन कार्बन सालाना छोड़ते हैं। बढ़ते तापमान के कारण मिट्टी की नमी में कमी आ रही है। इन सबसे मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम होती जा रही है। साथ ही आने वाले समय में सिंचाई हेतु जल की अनुपलब्धता भी एक प्रमुख समस्या बनकर उभरेगी, क्योंकि सभी हिमनदों के पिघलकर विलुप्त होने के पश्चात नदियों का जल सूख जायेगा। प्रत्येक एक डिग्री सेग्रे0 तापमान बढ़ने पर गेहूँ का उत्पादन 4 से 5 करोड़ टन कम हो जाता हैं 2 डिग्री से0 तापमान वृद्धि से धान का उत्पादन 0.75 टन प्रति हेक्टेयर कम हो जायेगा। जलवायु परिवर्तन से केवल फसलों का उत्पादन ही नहीं उसकी गुणवत्ता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। अन्त में पोशक तत्वों और प्रोटीन की कमी पायी जायेगी, जिसके कारण संतुलित भोजन लेने पर भी मनुष्यों का स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ेगा।[5]

5. जलवायु परिवर्तन का स्वास्थ्य पर प्रभावः– विश्व के तापमान में 0.7° सेल्सियस की दर से वृद्धि हो रही है। तापीय दबाव के कारण गरम हवा में तीव्र गति से वृद्धि एक खतरनाक प्रवृत्ति को संकेत दे सकी है। गर्म हवाओं से जो मृत्यु हो रही है उसमें लगातार वृद्धि हो रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण विकासशील देशों में बाढ़ और सूखे की संभावना अधिक बढ़ती जा रही है। इन देशों में पर्यावरण असन्तुलन के कारण, लोगों में बेचैनी और अवसाद के मामले बढ़ रहे हैं। जिससे आत्महत्या और बच्चों के व्यवहार में असन्तुलन के मामलों में वृद्धि हो रही है। कैंसर एवं अल्सर जैसी बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा है। मच्छर, जूँ एवं मक्खियों की संख्या बढ़ रही है जिसके कारण विश्व के 10 देशों में मलेरिया रोगो का प्रकोप दिन–प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इन रोगों के कारण प्रत्येक वर्ष एक से दो मिलियन लोगों की मृत्यु हो रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण स्वाइनफ्लू, डेंगू जैसे रोग महामारी का रूप धारण कर रहे है।[6]

जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण अवनयन की समस्या से निपटने के लिये किये गये अन्तराष्ट्रीय प्रयास

1.	1972	स्टाक होम सम्मेलन (UNEP) का गठन, 5 जून पर्यावरण दिवस घोषित।
2.	1985	ओजोन क्षरण पदार्थों पर वियना सम्मेलन।
3.	1988	आई0पी0सी0सी0 (IPCC) की स्थापना।
4.	1987	ओजोन परत संरक्षण के सन्दर्भ में मांट्रियल सन्धि।
5.	1990	(IPCC) की पहली रिपोर्ट – पिछली सदी में पृथ्वी का औसत तापमान 0.5 डिग्री. बढ़ा।
6.	1996	प्रदूषण कम करने पर पहली बार अमेरिका की सहमति।
7.	1997	क्योटो सन्धि, औद्योगिक देशों का 2012 तक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में 5.4 प्रतिशत की कमी का वचन।
8.	1998	क्योटो सन्धि का पुनरावलोकन (ब्यूनस आयर्स में)।
9.	2001	अमेरिका द्वारा क्योटो सन्धि को मानने से साफ इंकार।
10.	2002	जोहान्सबर्ग में पर्यावरण एवं विकास पर पृथ्वी–10 सम्मेलन सम्पन्न।
11.	2002	यूरोपीय संघ एवं जापान समेत कई देशों ने क्योटो प्रोटोकाल की पुष्टि की लेकिन अमेरिका, आस्ट्रेलिया शामिल नहीं।
12.	2004	रूस भी क्योटो प्रोटोकाल पर सहमत।
13.	2005	16 फरवरी, 2005 से क्योटो प्रोटोकाल प्रभावी। मांट्रियाल वार्ता जारी।
14.	2007	जून में जी–8 शिखर सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर गम्भीर वार्तालाप।
15.	2007	दिसम्बर 2007 में केविड रूड की नेतृत्त्व वाली आस्ट्रेलिया की सरकार ने भी क्योटो–प्रोटोकाल पर हस्ताक्षर किये।
16.	2007	दिसम्बर 2007 में इण्डोनेशिया के बाली द्वीप स्थित नूसा–दुआ में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन आयोजित।
17.	2009	डेनमार्क की राजधानी कोपनहेगन में जलवायु परिवर्तन के सम्बन्ध में शिखर वार्ता से उम्मीद के मुताबिक नतीजे नहीं निकले। अगले 40 वर्षों में कार्बन उत्सर्जन में कमी के प्रयास होंगे। भारत एवं चीन आने वाले समय में बड़े कार्बन उत्सर्जक बनने जा रहे हैं ऐसे में सभी देशों को इस समस्या के हल पर विचार करना है। जलवायु परिवर्तन की समस्याओं से निपटने के लिए अगले तीन वर्षों में करीब 30 अरब डालर विविध देशों को दिये जायेंगे।

वैश्विक तापन कम करने के उपायः–

1. सर्वप्रथम CO_2 का स्तर कम किया जाए।

2. बिजली के उपकरणों के अनावश्यक प्रयोग से बचा जाए।
3. ऑक्सीजन आपूर्तिकर्ता समुद्रों एवं वनों का बचाव आवश्यक है।
4. विभिन्न माध्यमों से कूड़ा–करकट आदि अपशिष्टों को कम किया जाए।
5. आम बल्बों के स्थान पर सीएफएल का प्रयोग किया जाए।
6. वनों का संरक्षण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम को विस्तृत पैमाने पर बढ़ाया जाये।
7. रासायनिक, नाभिकीय एवं अन्य औद्योगिक उत्सर्जन में कमी की जाये।
8. नागरिकों में जागरूकता बढ़ाई जाये।
9. समस्त राष्ट्र पर्यावरण बचाने हेतु सामूहिक प्रयास करें।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. सिंह–सविन्द्र (1991) पर्यावरण भूगोल, प्रकाशक, प्रयाग पुस्तक भवन इलाहाबाद, प्रथम संस्करण, पृश्ठ 344।
2. परीक्षा मंथन : टैगोर टाउन इलाहाबाद, पृश्ठ 40।
3. डा0 रंजना दीक्षित एवं अभिषेक सारस्वत : (2009) वैश्विक जलवायु परिवर्तन का प्रभाव प्रकाशित शोधपत्र, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर, पृष्ठ 37।
4. सुनीता मेश्राम (2009) पृथ्वी का बढ़ता तापमान एक गंभीर समस्या–शोध प्रपत्र 31st इण्डिया ज्योग्राफी कांग्रेस, जबलपुर, पृष्ठ 40।
5. रमन प्रकाश, डा0 के0सी0 त्रिपाठी (2008) ''वैश्विक जलवायु परिवर्तन एवं उसका मानव जीवन पर प्रभाव'' एन्वायरमेंट इथिक्स एण्ड सस्टेनेबल डेवलपमेन्ट–डिपार्टमेन्ट आफ ज्योग्राफी डी0वी0एस0 कालेज, कानपुर, पृष्ठ 240।
6. नन्द किशोर राम (2009) ''जलवायु परिवर्तन का स्वास्थ्य पर प्रभाव, एक समीक्षा''– बी0आर0सी0 न्यू मुजफ्फर नगर प्रकाशित शोध सारांश 315 इण्डियन ज्योग्राफी कांग्रेस, जबलपुर, पृष्ठ 37।

धीरे–धीरे के रास्ते पर चलकर मनुष्य, 'कभी नहीं' की मंजिल पर पहुँचता है।

परमाणु ऊर्जा और भारत की सुरक्षा

डॉ0 राम तिवारी
असिस्टेंट प्रोफेसर
रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन विभाग,
वी0 एस0 एस0 डी0 कालेज, कानपुर

भारत के साथ अमेरिका का परमाणु करार करने का असली लक्ष्य भारत को विश्व के परमाणु क्लब देशों में शामिल करना था। इसके बदले में भारत अमेरिका सहित अन्य देशों के परमाणु हथियारों को वैधता प्रदान करेगा, यह अमेरिका की सोच थी। ''परमाणु करार विधेयक में दुर्घटना से क्षतिपूर्ति के लिए 1,500 करोड़ रु0 की व्यवस्था की गयी है। जबकि विदेशों से आयातित 30,000 करोड़ रु0 की लागत वाले संयन्त्रों के हिसाब से यह राशि बेहद मामूली है।''[1] अगर परमाणु संयन्त्रों की दुर्घटना का आंकलन करें तो किसी भी परमाणु संस्थान का हाल सोवियत संघ के चेरनोबिल जैसा हो सकता है। चेरनोबिल की दुर्घटना में सैकड़ों लोग तो जहरीले विकिरण से ही मारे गये थे और दसों हजार लोगों ने कैंसर के अलावा प्रदूषित पर्यावरण के प्रभाव में आकर दम तोड़ दिया था। अनुमान है कि चेरनोबिल में 65 हजार से अधिक लोग परमाणु दुर्घटना के शिकार हुए थे।[2] यह मानने का कोई कारण नहीं है कि भारत में यह नुकसान कम होगा।

अमेरिका और भारत के बीच अक्टूबर 2008 में असैन्य परमाणु समझौता हुआ था। वास्तव में अमेरिका और अन्य परमाणु आपूर्तिकर्ता देशों से भारत को तकनीक और परमाणु सामग्री की आपूर्ति तभी शुरू होने की बात थी, जब वही परमाणु दायित्व विधेयक के द्वारा एक कानून बना ले।

विवादित धारा[3] – 17 विधेयक की धारा 17 (बी) दुर्घटना में आपूर्तिकर्ता के दायित्व से जुड़ी है। यह विवाद परमाणु आपूर्तिकर्ताओं को परिवहन के दौरान या इसके बाद होने वाली दुर्घटनाओं के लिए जवाबदेह ठहराने को लेकर था। विधेयक में आपूर्तिकर्ताओं को जवाबदेह नहीं ठहराया गया था, लेकिन अब से संशोधित मसौदे के मुताबिक परमाणु संयन्त्र का संचालक आपूर्तिकर्ता से मुआवजा तब मांग सकेगा, जब (ए) उसके ऐसे अधिकारों का उल्लेख सौदे में लिखित रूप से हो, (बी) परमाणु दुर्घटना घटिया या खराब उपकरणों की आपूर्ति की वजह से हुई हो और (सी) परमाणु दुर्घटना किसी व्यक्ति या फर्म की मंशा या चूक के कारण हुई हो।

इस धारा की शब्दावली को लेकर भी विवाद उठा था। धारा 17 के उपबंध (अ) और (ब) के बीच 'और' शब्द को लेकर विवाद पैदा हुआ। विरोध के बाद सरकार ने 'और' शब्द को

निकाल दिया था, लेकिन 'इरादे' (Interest) शब्द को शामिल कर दिया। विपक्ष ने इस शब्द को यह कहकर विरोध किया कि परमाणु हादसे के सम्बन्ध में 'इरादा' शब्द के जिक्र से आपूर्तिकर्ता को उसकी जिम्मेदारी से बच निकलने का मार्ग मिल सकता है, क्योंकि इस तरह की किसी दुर्घटना में 'इरादा' साबित करना मुश्किल होगा। अब संशोधन के तहत 17 बी से यह शब्द भी हटा लिया गया है। यहाँ आपरेटर या संचालक 'न्यूक्लियर पॉवर कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया' होगी, जबकि अमेरिका की 'जीई' और 'वेस्टिंग हाउस' तथा फ्रांस की 'अरेवा' जैसी कम्पनियाँ आपूर्तिकर्ता होंगी।

इस विधेयक में परमाणु दुर्घटना हेतु मुआवजे की राशि भी विवादित रही, प्रारम्भ में इसके लिए विधेयक में संचालक को अधिकतम 500 करोड़ रु0 देने का प्रावधान था, लेकिन विपक्ष के आपत्ति के बाद इस राशि में वृद्धि कर इसे 1500 करोड़ रु0 कर दिया गया।

मुआवजे के लिए दावा करने की समय सीमा को लेकर भी सरकार और विपक्ष के बीच काफी मतभेद था। प्रारम्भ में यह समय सीमा 10 वर्ष थी, जिसे बढ़ाकर 20 वर्ष कर दिया गया। इसके अलावा सी एस सी (कन्वेशन फॉर सप्लीमेंटरी कंपेनसेशन) भी एक विवादित विषय रहा। सी एस सी एक अन्तर्राष्ट्रीय संधि है। जिस पर हस्ताक्षर करने का तात्पर्य होगा कि किसी भी दुर्घटना की स्थिति में दावाकर्ता सिर्फ अपने देश में मुआवजे का मुकदमा कर सकेगा। यानि दावाकर्ता को किसी अन्य देश की अदालत में जाने का अधिकार नहीं होगा।

अब तक भारत में हुई कुछ प्रमुख परमाणु दुर्घटनाएँ [4] :

(1) 4 मई, 1987 – तमिलनाडु के कलपक्कम में फास्ट ब्रीडर टेस्ट रिएक्टर में ईंधन भरते वक्त हादसा हुआ। इससे रिएक्टर का कोर क्षतिग्रस्त हुआ। दो वर्ष के लिए संयन्त्र को बन्द करना पड़ा।

(2) 10 सितम्बर 1989 – महाराष्ट्र के तारापुर में संयन्त्र से रेडियोधर्मी रिसाव हो गया। मरम्मत में एक वर्ष से ज्यादा समय लगा।

(3) 13 मई, 1992 – महाराष्ट्र के तारापुर में एक रिएक्टर में पाइप खराबी आने से 12 क्यूरी रेडियोधर्मिता का उत्सर्जन हुआ था।

(4) 31 मार्च, 1993 – उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में 'नरौरा' के रिएक्टर में विंड टरबाइन के पंखे आपस में टकराए और आग लग गयी थी। इसके बाद यह बिजलीघर साल भर बंद रहा।

(5) 13 मई, 1994 – कर्नाटक के कैगा में निर्माण कार्य के दौरान ही रिएक्टर का एक आंतरिक गुंबद गिर गया था, जिससे विकिरण का खतरा पैदा हुआ।

(6) 2 फरवरी, 1995 – रावतभाटा के परमाणु बिजलीघर से रेडियोधर्मी हीलियम और भारी जल रिसकर राणा प्रताप सागर नदी में पहुँच गया था।

(7) 26 दिसम्बर, 2004 – सुनामी की वजह से कलपक्कम के परमाणु बिजलीघर में पानी भर गया था। इसके बाद इसे बंद करना पड़ा था।

(8) 25 नवम्बर, 2009 – कैगा में अचानक परमाणु बिजलीघर के कर्मचारी बीमार पड़ने लगे। जाँच के दौरान पता लगा कि 92 लोगों के मूत्र में ट्रीटियम था। इन सभी लोगों ने पानी ठंडा करने वाले कूलर से पानी पी लिया था। बाद में पता चला कि किसी कर्मचारी ने इस कूलर में भारी जल भर दिया था।

अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग के बूते भारत अपनी मौजूदा परमाणु ऊर्जा क्षमता 4,780 मेगावाट को आने वाले दो दशकों में 63,000 मेगावाट करेगा। हालांकि यह स्थिति सशंकित है। वैसे इन संयन्त्रों में से कुछ की संयुक्त उत्पादन क्षमता 10,000 मेगावाट की है, जो कि कुछ सौ मेगावाट क्षमता वाले पहले से कार्यरत संयन्त्रों से बहुत ज्यादा है, लेकिन इन सब से भी ज्यादा भयानक स्थिति यह है कि परमाणु संयन्त्रों के लिए जिन जगहों का चयन हुआ है, वे सब भूकंप आशंकित क्षेत्रों में आते हैं। इनमें से कुछ तो सुनामी की जद में भी आ सकते हैं।

प्रश्न यह है कि हमारे परमाणु ऊर्जा संयन्त्र के सुरक्षा रिकार्ड अब तक क्या रहे हैं। वैसे अब तक कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई है। लेकिन कई छोटे–छोटे हादसे भारत के परमाणु ऊर्जा संयन्त्रों की सुरक्षा पर सवाल उठते हैं।

प्रस्तावित परमाणु ऊर्जा सयन्त्रों की जगह में एक महाराष्ट्र का तटीय इलाका जैतापुर भी है। फ्रांस की कम्पनी अरेवा की सहायता से यहाँ कई रिएक्टर लगेगें, जिसकी संयुक्त क्षमता 10,000 मेगावाट की होगी। लेकिन ''पिछले 20 वर्षों में इस क्षेत्र में 92 भूकंप के झटके महसूस किये गये हैं। सन् 1993 ई0 में भूकंप के झटके की तीव्रता रिएक्टर पैमाने पर 6.2 के आस–पास रही।''[5] इस क्षेत्र को भूकंप के दृष्टिकोण से जोन – 3 से जोन – 5 के बीच चिह्नित किया गया है, जो कि खराब श्रेणी है। साथ ही पठार पर इस जगह के चुनाव के बावजूद सुनामी की आशंका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। शायद इसी का ख्याल रखते हुए, इस परियोजना में निवेश कर रहे जर्मनी के कार्मस बैंक ने जापान में आए संकट से पहले ही इस योजना पर सवाल उठाते हुए हाथ खींच लिए।

दूसरी विवादास्पद जगह गुजरात के सौराष्ट्र तट पर मिथी विरदी है। यहाँ जीई की सहायता से अमेरिकी रिएक्टर स्थापित होगा और इसकी संयुक्त उत्पादन क्षमता 8,000 मेगावाट होगी। परन्तु यह बात सोचनीय है कि इस जगह का चुनाव क्यों किया गया। सौराष्ट्र का क्षेत्र भूकंपीय क्षेत्र –3 में पड़ता है। इसके कुछ भागों ने वर्ष 2001 को भयंकर भूकंप को झेला था; जिसमें वृहत स्तर पर जन–धन की हानि हुई थी। लोगों ने इन दोनों जगहों का विरोध किया था। 'आंध्र प्रदेश' के श्री काकुलम तट से सटे कोवाड मत्स्यलेसम (जहाँ दस हजार मेगावाट की परियोजना प्रस्तावित है) की भी यही स्थिति है। आश्चर्य का विषय यह है कि गैर सामरिक ऊर्जा उत्पादन कार्यक्रम पर भी गोपनीयता दर्शायी जा रही है।

परमाणु निशस्त्रीकरण और शांति संधि के समन्वयक **'विल्फ्रेड डि–कोस्टा'** के अनुसार – ''भारत में परमाणु ऊर्जा को पर्यावरण सुरक्षा कानून के दायरे में नहीं लाया जा सकता है। जबकि यह कानून दूसरे ऊर्जा उत्पादक संयन्त्रों पर लागू है। सूचना का अधिकार कानून भी इस पर लागू नहीं होता है। सबसे विषम यह है कि परमाणु मामलों में सरकारी गोपनीयता कानून लागू है।''[6] भारतीय परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष 'पी0 के0 अयंगर' के अनुसार – ''भारत के परमाणु वैज्ञानिकों ने सफलतापूर्वक 400 मेगावाट के दायरे में भारी जल संयन्त्रों को बनाया और चलाया भी। लेकिन नये निर्यातित संयन्त्रों की अब तक जाँच नहीं हुई है और वे 1600 मेगावाट के बड़े स्केल में हैं।'' इसलिए सरकार को सलाह है कि एकाएक 400 मेगावाट से 1600 मेगावट की छलांग न लगाए और इस तरह के 6 रिएक्टरों को एक साथ एक जगह लगाने से भूकंप और सुनामी में वृहतस्तर पर जन हानि हो सकती है। उनके अनुसार इस तरह के कदम उठाने से पूर्व कई प्रकार के बुनियादी ढाँचों की सुरक्षा का मूल्यांकन जरूरी है।

विश्व के सभी बुद्धिजीवी इस बात पर सहमत हैं कि परमाणु शक्ति को पूरी तरह से सुरक्षित बनाना असम्भव है। यदि 'भूकम्प' और 'सुनामी' नहीं होंगे, तो आग हो सकती है। मानवीय लापरवाही हो सकती है, आतंकवाद हो सकता है तथा और कुछ नहीं तो किसी सत्तारूढ़ नेता का पागलपन हो सकता है। अतः हर परिस्थिति में परमाणु शक्ति 'जुआ' है। अगर हम इसके बिना काम चला सकते हैं, तो ऐसा भयानक 'जुआ' क्यों खेले? जिसका असर आने वाली पीढ़ियों (जनमानस) को भुगतना पड़े।

संदर्भ

1. www.SATP.org, website, 15 Feb, 2011.
2. इण्डिया टुडे – 15 दिसम्बर, 2010
3. द टाइम्स ऑफ इण्डिया – 3 जनवरी, 2011
4. राष्ट्रीय सहारा – 26 मार्च, 2011
5. आउटलुक – 1 अप्रैल, 2011
6. www.SATP.org. website - 4 April, 2011

मादक पदार्थ आधारित आतंकवाद में अफगानिस्तान की भूमिका

विशाल दुबे
शोध छात्र
रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन विभाग,
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

भूमिकाः– आतंकवाद ने वर्तमान विश्व व्यवस्था में एक ज्वलंत व मुख्य समस्या के रूप में उभर कर अपनी उपस्थिति प्रकट की है। वर्तमान समय में आतंकवाद का दंश कई राष्ट्रों ने महसूस किया है। भारत ने विगत कई वर्षों से राज्य प्रायोजित आतंकवाद तथा चीन की विद्वेषपूर्ण नीति से समर्थित माओवाद व उग्रवाद का सामना किया है। जबकि 11 सितम्बर 2001 की घटना को पश्चिमी राष्ट्र अपनी सम्प्रभुता पर संकट मान कर, इसे आतंकवाद की अन्य घटनाओं से अलग व महत्वपूर्ण सिद्ध करते हुये, आतंक के विरूद्ध कई वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं।

आतंकवाद में मादक पदार्थ एक ऐसे आयाम के रूप में सामने आया है। जिसने आतंकवाद को पोषण देकर अर्न्तराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए संकट पैदा किया है।

मादक पदार्थ आधारित आतंकवादः– मादक पदार्थ आधारित आतंकवाद एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें मादक पदार्थ की बिक्री कर प्राप्त धन से आतंकवाद या आतंकी गुटों की सहायता की जाती है। ये एक ऐसा तंत्र होता है जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के आतंकी गुटों से लेकर किसी भी शहर में नशीले पदार्थों की बिक्री में अवैध रूप से संलग्न लोग शामिल रहते है, जिनके उपभोक्ता आम नागरिक होते है जिन्हें नशें की आदत लगी होती है। मादक पदार्थो की बिक्री में धीरे–धीरे शक्तिशाली व्यक्तियों का भी हस्तक्षेप आरंभ हो जाता है जो लाभ की इच्छा से कार्य करते है। इसके अलावा मादक पदार्थों की बिक्री तथा उसके धन की व्यवस्था में हवाला या मनीलांड्रिग का भी आगमन हो जाता है। धीरे–धीरे वो गुट जो राष्ट्रों को आतंरिक रूप से कमजोर करना चाहते है पर्दे के पीछे रहकर अपना हित साधने में संलग्न रहते है।

अफगानिस्तान की भूमिकाः– अफगानिस्तान एक ऐसा इस्लामी राष्ट्र है जहां पर कबीलों व गुटों में जनता बंटी हुयी है। अफगानिस्तान एक ऐसे दुर्भाग्यपूर्ण इतिहास का साक्षी

रहा है, जहाँ पर शासन करना खतरों से खेलना है। वहाँ के निवासियों के लिये अपने कबीले या गुट ज्यादा महत्वपूर्ण थे। जहीर शाह के बाद वहाँ कोई शासक स्थायी न रहा तथा सभी को विरोध का सामना करना पड़ा। 1979 में सोवियत हस्तक्षेप के बाद पाकिस्तान ने जिस प्रकार अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की और उसे अमेरिका का समर्थन प्राप्त हुआ उससे इस देश के भाग्य का सितारा ही रूठ गया। सोवियत हस्तक्षेप के विरोध के लिए अमेरिका व पाकिस्तान ने युवाओं को तैयार किया जो कि अफगानिस्तान के ही निवासी थे तथा जिन्हें पाकिस्तान द्वारा प्रशिक्षित किया गया था तथा उन्हें अमेरिकी समर्थन प्राप्त था, जिन्हें मुजाहिदीन कहा गया था। युद्ध की खर्च प्राप्ति हेतु इन्हीं मुजाहिदीनों ने अफगानिस्तान में अफीम की कृषि शुरू की, जिसे पाकिस्तान के द्वारा सम्पूर्ण विश्व में भेजा जाता। आरंभ में ये एक ऐसा खेल था जो अत्यधिक धन लाभ देता रहा साथ ही ऐसी व्यवस्था से संघर्ष का खर्च निकलता रहा जिससे पाकिस्तान व अमेरिका पर भी अत्यधिक बोझ न पड़ा। सोवियत संघ की पराजय, उसके अफगानिस्तान से वापस जाने तथा शीत युद्ध की समाप्ति के उपरान्त, अमेरिका ने भी अफगानिस्तान को उसके हालात पर छोड़ दिया। जबकि अमेरिका इस तथ्य को भूल गया कि अफगानिस्तान को हथियार, मादक पदार्थ के द्वारा लंबा संघर्ष कर महाशक्ति को हराने का ज्ञान हो गया। अफगानिस्तान में कालांतर में तालिबान का अधिपत्य हो गया जिसे मात्र गिनती के राष्ट्रों की ही मान्यता थी। अफगानिस्तान पर तालिबान के अधिकार के बाद अफगानिस्तान पाकिस्तान का एक ऐसा सहयोगी के रूप में सामने आया जो पाकिस्तान के लिये आतंक के लिये आवश्यक भंडार गृह की तरह था। अफगानिस्तान एक ऐसे रूप में सामने आया जो पाकिस्तान व मुल्ला उमर के इशारों पर चलता जो मादक पदार्थों का सुरक्षित केन्द्र था तथा जहाँ की नीति जेहाद तथा इस्लाम की वृद्धि थी।

इस्लाम की नीतियों की गलत विवेचना तथा उसके पालन के कारण धीरे–धीरे अफगानिस्तान के उद्योग धंधे तथा शैक्षिक वातावरण बर्बाद हो गया। कृषक किसी अन्य उपयोगी फसल की अनुपस्थिति के कारण अफीम की ओर ध्यान देने लगा उसका उन्हें अच्छा मूल्य भी मिलने लगा।''अपने कंधार शासन के प्रथम वर्ष के समय तालिबान ने एक पुस्तक के द्वारा ये बताया कि क्या–क्या प्रतिबंधित है, संगीत, टी0वी0, शराब आदि प्रतिबंधित थे। जबकि अफीम के उत्पाद का प्रयोग करने से रोका गया था जबकि आश्यर्यजनक तथ्य ये है कि अफीम का उत्पादन तथा व्यापार प्रतिबंधित नहीं था।'' इसका सामान्य कारण था कि इस्लाम में नशा करना प्रतिबंधित है और बिना इसकी कृषि के तालिबान का खर्च चल पाना मुश्किल था। ये एक उदाहरण था कि इस्लाम कि किस प्रकार विवेचना की गयी कि अफगानिस्तान में

उपयोग न हो तथा इस अवैध कार्य से धन लाभ भी होता रहे। ''मार्च 1995, में प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार तालिबान चमन सीमा की आवाजाही से ही प्रतिदिन +1,50,000 की धन वसूली कर लेता था।''

''बर्नाड फ्राही, जो कि यू0एन0ओ0डी0सी0 के अधिकारी थे, के अनुसार तालिबान उश्र के नाम पर 10 प्रतिशत कर अफीम व अन्य उत्पादकों से लेता था। उश्र कृषि के आधार पर लेकर बाद में स्थानीय जगह पर खर्च किया जाता था।'' इसके अलावा भी अन्य स्थानों से भी तालिबान द्वारा कर वसूला जाता जो बाद में आतंक को ही मदद करता था। इस प्रकार स्पष्ट होता है कि अफीम की कृषि करने वालों से कर लिया जाता था, सीमा की आवाजाही पर भी कर लेते थे जबकि वो अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी इस व्यापार द्वारा धन कमाते जिसका अंततः प्रयोग आतंकवाद को बढ़ावा देने में होता था। इसके साथ साथ राज्य के जो भी आवश्यक अंग होते हैं वो भी आतंक को बढ़ावा देने में संलग्न थे। तालिबान की छत्रछाया के कारण ही लादेन ने अफगानिस्तान को अपने गतिविधि का केन्द्र बना लिया। अगर हम अन्तर्राष्ट्रीय सहायता की बात करें तो पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के लिये अपने स्तर से हरसंभव सहायता प्रदान की। पाकिस्तान के प्रत्येक सहयोगी ने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से तालिबान की सहायता की। ये भी महत्वपूर्ण है कि कई बार हमें ये तथ्य मिलता है कि किस प्रकार पाकिस्तानी सेना हिरोइन के द्वारा आतंकी गतिविधि की सहायता करना चाहती थी तथा इसका एक ब्लूप्रिंट भी तैयार था। वास्तव में ऐसा इसलिये था क्योंकि अफगानिस्तान में अनवरत अफीम की अच्छी पैदावार जारी थी। जबकि पाकिस्तान की पैदावार अत्यधिक कम थी, लेकिन पाकिस्तान ने अपने आपको एक ऐसे मार्ग के रूप में स्थापित किया था जहां से हिरोइन की आवाजाही होती थी।

वर्ल्ड ड्रग रिपोर्ट 2007 व 2010 के अनुसार निम्न सारणी से अफगानिस्तान–पाकिस्तान की अफीम की पैदावार अधिक स्पष्ट हो जाती है–

उत्पादन (मीट्रिक टन में)

वर्ष	1995	1996	1997	1998	1999	2000	2001	2002	2003	2004	2005	2006	2007	2008	2009
अफगानिस्तान	2335	2248	2804	2693	4565	3276	185	3400	3600	4200	4100	6100	8200	7700	6900
पाकिस्तान	112	34	24	26	9	8	5	5	52	40	36	39	43	48	44

अगर हम निम्न सारणी पर दृष्टिपात करें तो स्पष्ट होता है कि पाकिस्तान की अफीम उत्पादन काफी कम है जबकि उसकी तुलना में अफगानिस्तान का उत्पादन अधिक है। चूंकि 2011 में 2010 की ही रिपोर्ट आयी है इसलिये 2010 की वास्तविक स्थिति 2012 में प्रकाशित होने वाली 2011 की रिपोर्ट में आयेगी।

पाकिस्तान की अफीम निम्न श्रेणी की होती है जिसे वो अफगानी बता कर विक्रय करता हैं यही नहीं अफीम तथा हिरोइन को अफगानिस्तान व पाकिस्तान में विशेष सुरक्षा प्रदान की जाती है क्योंकि उसी के द्वारा आतंक, हवाला, अफगानी गुटों की अर्थव्यवस्था पाकिस्तानी सेना का अधिकांश खर्च आदि निकलता है। जो कबीले के सरदार इस धंधे में सहयोग देते हैं उन्हें समय समय पर बहुमूल्य उपहार भी मिलते रहे। ''मीर वाइज यसीनी जो अफगानिस्तान के काउन्टर नारकोटिक्स डायरेक्टोरेट के प्रमुख थे, के अनुसार, तालिबान एवं उसके गठबंधन के संगठनों ने वर्ष 2003 में +1100 मिलियन कर के रूप में प्राप्त किये थे।'' ये भी सूचना थी कि ''पेशावर में अल–कायदा से सम्बन्धित लोग हर दो माह में हिरोइन की 4400 पौंड की आपूर्ति प्राप्त करते थे।'' जो उनके तथा उनके संगठन हेतु अमृत के समान थी।

भारत पर भी मादक पदार्थों का अत्यधिक दुष्प्रभाव पड़ा, एक ओर तो भारत का युवा वर्ग मादक पदार्थों का सेवन करने लगा जिसके कारण भारत का धन बड़ी मात्रा में विदेश जाने लगा तथा इसके कारण एक ऐसा वर्ग आया जो इसका अवैध व्यापारी था तथा उसका सम्बन्ध कहीं न कहीं से विदेश से था। काला धन, हवाला आदि भी प्रभावी ढंग से अपनी छाप छोड़ने लगे। इसके साथ–साथ जैसे जैसे अफीम की अफगानिस्तान में पैदावार बढ़ती गयी तो उसके फलस्वरूप पाकिस्तान अफगानिस्तान को धन मिलने लगा, जिसके कारण भारत पर आतंकी संकट मंडराने लगा। तथ्य सिर्फ ये नहीं है कि अफीम या हिरोइन के प्रति अफगानिस्तान के गुटों तथा पाकिस्तान की निष्ठा है, बल्कि सर्वाधिक महत्वपूर्ण तथ्य ये है कि इससे भारतीय सुरक्षा एवं वैश्विक सुरक्षा पर भी प्रभाव पड़ा।

अफगानिस्तान की वर्तमान स्थिति– वर्तमान में अफगानिस्तान की स्थिति अत्यंत नाजुक दौर से गुजर रही है। विश्व समुदाय आज भी इस बात की गारंटी नहीं ले सकता कि आने वाले समय में क्या होगा। जब तक हम सिर्फ अफगानिस्तान को अलग करके देखेंगे तो हमें समस्या का हल नहीं दिखेगा, वहां की समस्या का वास्तविक हल अमेरिका व पाकिस्तान की शुभेच्छा पर निर्भर करता है, जिनके कारण अफगानिस्तान के ये हालात बनें। हमें ये भी ध्यान देना होगा कि एबटाबाद में अमेरिकी सैनिकों द्वारा की गयी कार्यवाही में, ओसामा की हत्या ने ये तथ्य सामने ला दिया, कि दुनिया का ये दुर्दांत आतंकी पाकिस्तान में था। जबकि पाकिस्तान दुनिया के सामने आतंक विरोधी होने का ढोल पीट रहा था। कथनी व करनी का क्या फर्क हो सकता है उसका उपयुक्त उदाहरण पाकिस्तान है। ओसामा का वहां कई वर्षों से निवास करना सिद्ध करता है कि ओसामा ने वहां से अपना संचालन कार्य भी किया होगा और पाकिस्तानी सेना व सत्ता प्रतिष्ठान का ये कथन कि उन्हें ओसामा का पता नहीं था मेरे अनुसार, सिर्फ विश्व समुदाय को उलझाना है।

ओसामा के अंत से अमेरिका को अफगानिस्तान से जाने का बहाना मिल गया कि वो जिस उद्देश्य से आये थे उनमें अधिकांश पूरे हुये व ओसामा बिन लादेन भी मारा गया, परन्तु महत्वपूर्ण प्रश्न है कि क्या अफगानिस्तानी सुरक्षा बल क्या अफगानिस्तान की सुरक्षा करने में पूर्णतः समर्थ है। वास्तव में वहां की सेना अभी अपने पैरों पर खड़ी नहीं है। अमेरिका ने इस बात की घोषणा कर दी है वो चरणबद्ध तरीके से अफगानिस्तान छोड़ देगा। इसके बावजूद अति महत्वपूर्ण तथ्य है कि अफगानिस्तान में आतंकी हमले नहीं रुक रहे तथा आतंकी महत्वपूर्ण इमारतो या व्यक्तियों को निशाना बनाने से नहीं चूक रहे, अभी हाल में ही काबुल में होटल लैडमार्क इंटरकांटिनेंटल पर हमला किया गया, जब काबुल की ये हालत है तो कैसे ये आशा की जाये कि शेष अफगानिस्तान सुरक्षित होगा।

इसके अलावा अफगानिस्तान में अफीम की खेती में कोई अत्यधिक गिरावट नहीं आयी हैं विचार का विषय ये है कि 2001 में जो उत्पादन मात्र 185 टन था वो अमेरिकी आक्रमण के बाद बढ़ता गया, जबकि 2008 में व 2009 में पिछले वर्षों की तुलना में कमी आयी फिर भी वो वर्ष 2000 के स्तर तक नहीं पहुँचा है। ये हालात नाटो सेना की उपस्थिति में है। इसके साथ पाकिस्तान को भी मादक पदार्थों की आवश्यकता है।

इसके अलावा महत्वपूर्ण तथ्य ये है पाकिस्तान में भी लगभग आये दिन आतंकी हमले सुनाई पड़ रहे हैं। करांची में नौ सेना अड्डे पर हुये हमले ने वहां की सुरक्षा के हालात स्पष्ट कर दिये हैं। अब जबकि उक्त हालात हो तो प्रश्न ये है कि अफगानिस्तान का भविष्य क्या होगा, निस्संदेह रूप से ये भविष्य के गर्भ में छिपा प्रश्न है परंतु इसमें कोई दो राय नहीं कि अभी भी अन्तर्राष्ट्रीय जगत को मिलकर अफगानिस्तान को अपने पैर पर चलना सिखाना होगा वरना अमेरिका के वहां से जाने के बाद पाकिस्तान पुनः उसे अपना अघोषित उपनिवेश या आतंक की पाठशाला बनाना चाहेगा।

अफगानिस्तान के लिये अतिआवश्यक ये है कि उसे रोजगारोन्मुखी वातावरण देकर वहां के लोगों को आतंक से दूर करे, इसके साथ वहां की अफीम की खेती में कमी लायी जाये तथा ये कमी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मांग में भी आनी चाहिये। इसके अलावा भारत को और अधिक सहायता देनी होगी वरना अफगानिस्तान में पाकिस्तान की भूमिका बढ़ने का खामियाजा भारत को भुगतना ही पड़ेगा। इसके साथ विश्व जगत को वहां पर सार्थक रूप से लोकतंत्र लाने का प्रयास करना होगा जिसमें एक मजबूत विपक्ष हो जिससे कि जनता की भागीदारी अधिक हो साथ ही विरोध बंदूक से नहीं बल्कि वोट के द्वारा स्पष्ट हो।

निष्कर्ष– निस्संदेह रूप से अफगानिस्तान की मादक पदार्थ आधारित आतंकवाद में स्पष्ट भूमिका रही है। अमेरिका के वहां से वापस जाने की घोषणा के बाद ये विचारणीय विषय है कि अब अफगानिस्तान का भविष्य कैसा होगा व किस प्रकार वो पाकिस्तान की कुटिल चालों से अपने को बचायेगा। निस्संदेह रूप से वर्ष 2001 से अमेरिका के ऊपर अफगानिस्तान में स्थायित्व व सुरक्षा दो बड़े प्रश्न थे परंतु अब वहां शक्ति निर्वात आने की संभावना है उससे अफगानिस्तान को किस प्रकार निपटना है ये तो अफगानिस्तान को स्वतः विचार करना होगा परंतु इस कार्य में विश्व को, विशेष रूप से भारत को, अपनी बड़ी भूमिका निभानी होगी।

सन्दर्भ सूची

1. Peters, Gretchen., Seeds of Terrorism, Gopsons Papers Ltd. NOIDA 2009.
2. Peters, Gretchen., Seeds of Terrorism, Gopsons Papers Ltd. NOIDA 2009.
3. Peters, Gretchen., Seeds of Terrorism, Gopsons Papers Ltd. NOIDA 2009.
4. उपर्युक्त पीटर्स ग्रीचेन को मीर वाइज यसीनी द्वारा ई–मेल पर दिये गये 16 अक्टूबर 2007 के साक्षात्कार के आधार पर।
5. Sly, "Opium Cash Fuels Terror, Experts say." Price calculated from UNODC's world drug report, http;.//www. unodc.org/pdf/WDR_2006/wdr 2006_ chap5_ opium. pdf.

भय तभी तक व्यक्ति पर हावी रहता है, जब तक वह उससे डरता है, लेकिन जब वह जूझने के लिए कमर कस लेता है, तब भय स्वयं भयभीत हो जाता है।

